हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल
हरमनप्रीत और प्रवीण को मिलेगा खेल रत्न अवार्ड, मनू भास्कर के नाम की नहीं की...

Page 10



देश
मेरे ससुराल में भी पता चल जाए, सीमा हैदर के प्रेग्नेंट होने पर सचिन ने...

कृष्ण पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 24 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 17 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹77,450 | ₹91,400 |





## आज का इतिहास

- 1885 : आधुनिक भारत के दिग्गज हिंदी कवि और लेखकों में से एक भारतेंदु
- 1899 : लॉर्ड कर्जन भारत के वायसराय बनाये गए हरिश्चंद्र का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### पिकअप ने 13 लोगों को कुचला, 5 की मौत

**पूर्णिया (नि.सं.)।** पूर्णिया। पूर्णिया में एक पिकअप ने 13 लोगों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि इसमें 3 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मरने वालों में एक 7 साल का बच्चा भी है। हादसा रविवार रात 10 बजे के करीब हुआ। वहीं आज सुबह इलाज के दौरान 2 लोगों की जान चली गई। घायलों को ग्रामीणों की मदद से पहले स्थानीय अस्पताल में एडमिट कराया गया था। फिलहाल 8 लोगों को इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में एडमिट कराया गया। घायलों ने कहा कि 'एक बाइक वाले से साइड देने को लेकर हुए विवाद के बाद पिकअप का ड्राइवर वापस आया और लोगों को रौंद डाला। वो नशे में धुत था। घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धोकवा की है। वारदात के वक्त पिकअप को तेज रफ्तार में देख मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति हो गई थी। कहा जा रहा है कि कुछ लोगों ने तो भागकर अपनी जान बचाई।

### पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश, हिमपात के आसार

**नई दिल्ली (ए.)।** देश भर में सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण कल तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण के रूप में, वर्तमान में उत्तरी पाकिस्तान में निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तरों पर स्थित है और निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम राजस्थान पर स्थित है।

### सांसदों ने दी चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (ए.)।** सांसदों, संसद के पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सोमवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी, कई सांसदों के साथ ही लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### फिल्ममेकर श्याम बेनेगल का निधन

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता श्याम बेनेगल का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया है। 14 दिसंबर को ही उन्होंने 90वां जन्मदिन मनाया था। श्याम बेनेगल की फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को बेहतरीन कलाकार दिए, जिनमें नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, अमरीश पुरी, अनंत नाग, शबाना आजमी, स्मिता पाटिल और सिनेमेटोग्राफर गोविंद निहलानी प्रमुख हैं। जवाहरलाल नेहरू और सत्यजीत रे पर डॉक्यूमेंट्री बनाने के अलावा उन्होंने दूरदर्शन के लिए धारावाहिक 'यात्रा', 'कथा सागर' और 'भारत एक खोज' का भी निर्देशन किया। श्याम बेनेगल के नाम सबसे ज्यादा नेशनल अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड है। उन्हें 8 फिल्मों के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

युवाओं को मिला रोजगार : पीएम ने रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरण का किया शुभारंभ

# प्रधानमंत्री ने बांटे 71000 नियुक्ति पत्र

- ओबीसी में 20901, तो एससी श्रेणी में 11355 नौकरियां





एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नवनियुक्त 71,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। कार्यक्रम का आयोजन एक साथ देश के 45 अलग-अलग हिस्सों में किया जा रहा है। देश भर से चयनित ये नए कर्मचारी गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में शामिल होंगे। मंत्री ने आगे बताया कि पिछले 10 वर्षों में रोजगार देने के आंकड़ों में 2004 से 2014 की तुलना में 60 से 70 फीसदी की वृद्धि हुई। 2004 से 2014 तक 7 लाख 22 हजार 161 नियुक्तियां हुईं। वहीं, मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में यह संख्या करीब 11 लाख तक पहुंचा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान स्पेस स्टार्टअप्स के लिए 1,000 करोड़ का वेंचर फंड निर्धारित किया है। इसी कार्यकाल के दौरान शुरू की गई पेड इंटर्नशिप योजना के तहत अभी तक 280 कंपनियों ने 1 लाख 25 हजार युवाओं को पंजीकृत किया है। देश में आज 1,56,210 स्टार्टअप्स हैं।

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की सभी नीतियां बनाते समय युवाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। पिछले एक दशक की सभी योजनाएं (आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टैंडअप इंडिया आदि। युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं।

सरकार ने अपने स्पेस सेक्टर में नीतियां बदलीं और डिफेंस सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया। इसका सबसे अधिक लाभ युवाओं को हुआ। पीएम मोदी ने कहा, 'आज हम (भारत) दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है।

### बीसी श्रेणी के 29.21% युवाओं को नियुक्ति

राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 71 हजार नियुक्तियों में से 20,901 (29.21%) नियुक्तियां ओबीसी समाज में की जा रही हैं। 11,355 (15.8%) अनुसूचित जाति (एससी) और 6,862 (9.59%) अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए की जा रही हैं।

### हर क्षेत्र में नई ऊंचाईयां छू रहा देश : पीएम

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में बताया कि भारत आज के समय में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। नवीनीकरण ऊर्जा से लेकर, ऑर्गेनिक फार्मिंग तक, स्पेस से लेकर डिफेंस सेक्टर तक, टूरिज्म से लेकर वेलनेस सेक्टर तक देश हर क्षेत्र में नई ऊंचाईयां छू रहा है। देश को आगे बढ़ाने के लिए युवा प्रतिभा को निखारने की जरूरत होती है।

पीएम ने कहा कि नए भारत के निर्माण के लिए देश दशकों से एक आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की जरूरत महसूस कर रहा था। एनईपी के जरिए अब देश उस दिशा में आगे बढ़ चुका है। पहले पाबंदियों के कारण जो शिक्षा व्यवस्था छात्रों पर बोझ बन जाती थी, वो उन्हें अब नए विकल्प दे रही है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि पहले पढ़ाई के दौरान ग्रामीण, दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के युवाओं के लिए भाषा एक बाधा बन जाती थी। सरकार ने मातृभाषा में पढ़ाई और परीक्षा की पॉलिसी बनाई। सरकार ने युवाओं को 13 भाषाओं में भर्ती परीक्षाएं देने का विकल्प उपलब्ध कराया है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आदिवासी इलाके से शुरू की अपनी प्रगति यात्रा

निज संवाददाता | बेतिया



प्रगति यात्रा की शुरुआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेतिया के वाल्मीकिनगर के घोठवा टोला से की है। हर बार की तरह इस बार भी सीएम अपनी 15वीं यात्रा की शुरुआत करने वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व के घने जंगलों के बीच स्थित आदिवासी बहुल्य सन्तपुर घोठवा टोला पहुँचे जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्री विजय चौधरी औऱ डीएम दिनेश कुमार राय समेत वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार औऱ विधायक रिंकू सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान करोड़ों की सरकारी योजनाओं का सीएम ने शिलान्यास औऱ लोकार्पण किया। ख़ास बात यह है की दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र दोन के लिए 139.4 करोड़ की योजना से बनने वाले विधुत ग्रीड की सौगात दिया जिससे उम्मीद जताई जा रही है की नेपाल के तराई इलाका जल्द हीं रौशन होगा। वहीं आदिवासी महिलाओं नें सरकार के स्वागत में जमकर फूलों की बारिश की तो जीविका दीदी समूह औऱ हस्तकरघा स्टॉल का मुख्यमंत्री नें जायजा लिया औऱ ग्रामीणों समेत महिलाओं के कार्यों की उन्होंने सराहना क़र लोगों के अभिवादन स्वीकार किये। इधर सीएम नीतीश घोठवा टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिला की गोद भराई रस्म में शामिल हुए जिससे सेविकाओं और आईसीडीएस विभाग की सीडीपीओ के ख़ुशी का ठिकाना नहीं था, बाद में मुख्यमंत्री नें हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर देखा। फिर सीएम थरूहट पार्क पहुंचे और पौधरोपण क़र एक–एक सरकारी योजनाओं का बारीकी से जायजा लेकर संतोष जताया।

वाल्मीकिनगर के जेडीयू सांसद सुनील कुमार ने कहा की सीएम अपनी सारी यात्राएं इसी धरती से शुरू करते हैं औऱ अबकी बार भी मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा में करोड़ों का सौगात मिला। अब जल्द हीं वाल्मीकिनगर राजस्व ज़िला बनेगा जिसका लोगों को बेसब्री से इंतज़ार है। ऐसे में सीएम की यह प्रगति यात्रा 2025 विधानसभा चुनाव में क्या रंग लाती है औऱ बगहा को कब तक राजस्व ज़िला बनाया जाता है देखने वाली बात होगी।

### प्रगति यात्रा के दूसरा चरण चार जनवरी से शुरुआत

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर से सोमवार को शुरू हो गई और 28 दिसम्बर तक चलेगी। पहले चरण की समाप्ति के पहले ही प्रगति यात्रा के दूसरे चरण का ऐलान हो गया है। कैबिनेट विभाग की ओर से इसकी विस्तृत रूप रेखा जारी कर दी गयी है। प्रगति यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत 4 जनवरी को होगी जो 13 जनवरी तक चलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री गोपालगंज, सीवान, सारण दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर में विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा करेंगे और इन जिलों की जनता को योजनाओं की सौगात देंगे।

# एनसीसी प्रशिक्षकों के गैर एनसीसी विद्यालयों में स्थानांतरण पर लग सकती है रोक

निज संवाददाता | पटना

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) प्रशिक्षकों का गैर एनसीसी विद्यालयों में स्थानांतरण रोकने पर निर्णय हो सकता है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने एनसीसी संचालित विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा है। पत्र माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के उप- निदेशक ने एनसीसी निदेशालय बिहार-झारखंड के उपमहानिदेशक को लिखा गया है। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी (एएनओ) के रूप में प्रशिक्षित शिक्षकों का स्थानांतरण गैर एनसीसी स्कूलों में नहीं करने के संबंध में अनुरोध किया था। गैर एनसीसी विद्यालयों में स्थानांतरण होने से प्रशिक्षण कार्य प्रभावित होने के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद निदेशालय ने पत्र लिखकर सूची मांगी है। निदेशालय ने पत्र में एनसीसी डीडीजी से एनसीसी विद्यालयों का नाम, पता और यू- डायस कोड की विवरणी उपलब्ध कराने को कहा है।

### टीकाकरण के लिए चलाया जा रहा अभियान : मंगल



**पटना (नि.सं.)।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सोमवार को बताया कि टीकाकरण में शत-प्रतिशत का लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। श्री पांडेय ने सोमवार को बताया कि राज्य शत-प्रतिशत टीकाकरण आच्छादान के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने बताया कि हाल ही में राज्य ने नियमित टीकाकरण में पूरे देश में प्रथम स्थान पाया है। दिसंबर 2024 तक स्वास्थ विभाग ने टीकाकरण में 95 प्रतिशत आच्छादन की प्राप्ति का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य के 30 जिलों के 53 प्रखंड में टीकाकरण के शत प्रतिशत आच्छादन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

नौ हजार एकड़ जमीन का आया प्रस्ताव

# बिहार में निवेशकों के लिए जल्द बनेगा लैंड बैंक, इन्वेस्टमेंट स्टेट बनेगा बिहार : मंत्री नीतीश मिश्रा

निज संवाददाता | पटना



बिहार में हुए इन्वेस्टमेंट मीट के दौरान हुए 1 लाख 81 हजार करोड़ के निवेश पर हुये हस्ताक्षर के बाद इस पर काम शुरू हो गया है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि सभी जिलों से उद्योग लगाने के लिए जमीन के 9 हजार एकड़ के करीब प्रस्ताव आया है। सभी जमीनों को इकट्ठा कर लैंड बैंक बनाया जाएगा। निवेशकों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए सभी निवेश के आए आए प्रस्तावों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द उद्योग लग सके। नीतीश मिश्रा ने आगे बताया कि उद्योग के क्षेत्र में बिहार में बड़ा कदम बढ़ाया है। बिहार की इंडस्ट्रियल पॉलिसी ने उद्योगपतियों को आकर्षित किया है। कई देशों के फॉरेन एंबेसी को भी आमंत्रण दिया था। डबल इंजन सरकार ने मिलकर उद्योग की नई दिशा दी है। पूर्वी भारत में बिहार सबसे आगे रहने वाला है। बिहार देश में सबसे बड़ा मार्केट है। सभी निवेशकों को धन्यवाद जो बिहार के साथ जुड़े। निवेशकों के हर जरूरतों को पूरा करना सबसे बड़ा टास्क है।

### बिहार में बड़ी संख्या में लोगों को मिलेगा रोजगार

हर एमओयू को पूरा करने के लिए आज से ही काम शुरू हो गया है। जमीन देने सहित तमाम स्वीकृति समय से पूरा कर लिया जाएगा। हमने साबित किया है कि बिहार में बड़ा निवेश हो सकता है। सभी जिलों में 9 हजार एकड़ जमीन उपलब्ध हुआ है। केंद्र में बिहार में दो स्पेशल इकनॉमिक जोन दिया है। बिहार देश के इन्वेस्टमेंट स्टेट शामिल हो गया है। बिहार में लोगो को बड़े संख्या में रोजगार मिलने वाला है।

# बिहार में 36 आईपीएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन, तीन बने आईजी

निज संवाददाता | पटना

नीतीश सरकार ने नए साल से पहले प्रदेश के 36 आईपीएस अफसरों को प्रमोशन का तोहफा दिया है। गृह विभाग की तरफ से सोमवार शाम को प्रमोशन लिस्ट जारी कर दिया गया। इस लिस्ट में 36 अफसरों का नाम है। इसमें साल 2007, 2010 और 2012 बैच के आईपीएस शामिल हैं। प्रोन्नति पाने वाले आईपीएस में कई जिलों के एसपी भी शामिल हैं। जिन आईपीएस का प्रमोशन का किया गया है, उनमें सुधीर कुमार पोरिका, चंदन कुमार कुशवाहा, हर किशोर राय, सत्य प्रकाश, आशीष भारती, राकेश कुमार, राजेंद्र कुमार भिल्ल, स्वप्ना मेश्राम शामिल हैं। वहीं 2007 बैच के दलजीत सिंह, विवेक कुमार और रंजीत कुमार सिन्हा को आईजी बनाया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित वर्ष 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी गणेश कुमार को पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) से अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कोटि में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी गई है। हाल ही में जितेंद्र सिंह गंगवार को एडीजी से डीजी में प्रोन्नति दिए जाने के कारण एडीजी का एक पद रिक्त था। इसके अलावा, आठ आईपीएस को डीआईजी, जबकि तीन को आईजी रैंक में प्रोन्नति मिली है। वहीं, नीतीश सरकार ने 2010 बैच के सुधीर कुमार पोरिका और चंदन कुमार कुशवाहा को डीआईजी बनाया है। उन्हें यह प्रोन्नति पदभार ग्रहण करने की तिथि से दी गई है।

### तीन अफसर बने आईजी

गृह विभाग की तरफ से जारी की गई प्रमोशन लिस्ट के अनुसार, वर्ष 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह, विवेक कुमार और रंजीत कुमार मिश्रा को डीआइजी से आइजी बनाया गया है। विवेक कुमार को अगले स्लाट में चौथे चरण का मिड करियर प्रशिक्षण में अनिवार्यतः शामिल होने की शर्त पर प्रोन्नति दी गई है।

# मतदाता सूची से जुड़ी गड़बड़ी पर आई 62 हजार आपत्तियां

निज संवाददाता | पटना

मतदाता सूची में नाम और पता गलत अंकित होने को लेकर लोगों ने सबसे अधिक शिकायत की है। पटना जिले में ऐसे 62 हजार 752 लोगों ने आपति दर्ज की है, इसमें सबसे अधिक दानापुर विधानसभा में 5,955 और मनेर विधानसभा में 5,940 मतदाताओं ने शिकायत दर्ज की है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों का दावा है कि ज्यादातर लोगों की समस्याओं का समाधान कर दिया गया है, लेकिन अब भी 2855 मतदाता ऐसे हैं जिनकी शिकायत लंबित है। वहीं अक्टूबर से अब तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए करीब 1.30 लाख आवेदन आए हैं, जबकि सूची से नाम हटवाने के लिए 18549 लोगों ने फार्म भरा है। मतदाता सूची में नाम, पता, मतदान केन्द्र आदि से जुड़ी गड़बड़ियां हैं और आपने आपति दर्ज की है तो मंगलवार तक इसका समाधान कर दिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने इसके लिए 24 दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित की है। छह जनवरी को नया मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। सोमवार को डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने नये मतदाता सूची की तैयारियों से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने कहा मतदाता सूची में किसी प्रकार की दिक्कत है तो संबंधित मतदान केंद्रों पर बीएलओ या जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क कर उसका समाधान कर सकते हैं। डीएम ने कहा कि जिन लोगों ने मतदाता सूची में किसी प्रकार की गड़बडी होने की शिकायत दर्ज की है उसे गंभीरता से लें। लोगों की सुविधा के लिए उनकी समस्याओं का समाधान होना जरूरी है। लोगों को किसी प्रकार से परेशान न होना पड़े इसके लिए अधिकारी आपस में मिलकर काम करें। छह जनवरी को मतदाता सूची जारी होने के बाद ही पता चलेगा कि जिले में वास्तविक रूप से मतदाताओं की संख्या कितनी है। इस वर्ष कितने मतदाताओं ने नाम जोड़ने और हटाने के लिए आवेदन दिया था।

### 49 लाख से अधिक हैं मतदाता




पटना जिले में मतदाताओं की संख्या 49 लाख, 62 हजार 654 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 26 लाख, 10 हजार 833 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 23 लाख 51 हजार 653 है। 168 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं, सबसे अधिक दीघा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या है। यहां मतदाताओं की संख्या चार लाख 85 हजार 751 है। जिले में 4906 मतदान केंद्र हैं। जिले में सर्विस वोटरों की संख्या 12 हजार 584 है। जिसमें पुरुष सर्विस मतदाता 11 हजार 656 तथा महिला 928 मतदाता हैं।

बिहार में नक्सली हिंसा में 70 फीसदी की आई कमी, उत्तर बिहार हुआ नक्सल मुक्त

# 2025 तक बिहार को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य

निज संवाददाता | पटना



एसटीएफ एडीजी अमृत राज सोमवार को पुलिस मुख्यालय में एसटीएफ की उपलब्धियों और लक्ष्य की जानकारी दी। एडीजी एसटीएफ ने बताया कि उत्तर बिहार को नक्सल मुक्त कर दिया गया है। कुछ महीनों में जो कुछ बचे हैं, उनको भी मुक्त करा लिया जाएगा। साथ ही बिहार में नक्सली हिंसा में लगभग 70 फीसदी की कमी आई है।

फिलहाल बिहार में लखीसराय, मुंगेर, कैमूर, जमुई और औरंगाबाद 5 जिलों में नक्सली अभी भी बने हुए है। एसटीएफ इसके लिए भी लगातार कार्रवाई कर रही है। बिहार और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में कुछ नक्सली के छुपने की सूचना है। एसटीएफ एडीजी ने कहा कि हमलोगों का लक्ष्य है कि बिहार को 2025 तक पूर्ण रूप से नक्सल मुक्त करा लिया जाए। 10 नक्सलियों में संदीप यादव, प्रद्युमन शर्मा, मुसाफिर सहनी, अरविन्द यादव, रामबाबु राजन, पिन्टु पिन्टु राणा, विनय यादव, अनील राम, दिलीप सहनी और अभीजीत यादव की लगभग 4.93 करोड़ रूपयों की चल-अचल सम्पति जब्त की गई है।

नक्सलियों का आर्थिक सोर्स रोकने के लिए भी एसटीफ लगातार कार्रवाई कर रही है। अफीम की अवैध खेती माओवादियों के आय का मुख्य स्रोत रहा है। अफीम की अवैध खेती के को नष्ट किया जा रहा है। 2024 में 2523.40 एकड़ पर हो रहे अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने की कार्रवाई की गई है। साथ ही माओवादियों अवैध लेवी भी वसूलते है। एसटीफ इसपर भी अपनी नजर बनाए हुए है। 2020 से 2024 के बीच अब तक 57 लाख की अवैध लवी का पैसा जब्त किया गया है। अब उत्तर बिहार में नाम मात्र के नक्सली बच गए हैं। जिन्हें जल्द खत्म कर दिया जाएगा। लेकिन, अभी भी दक्षिण बिहार के 5 जिले मुंगेर, जमुई लखीसराय, गया और औरंगाबाद में अभी भी नक्सली पांव पसारे हुए हैं, जिन्हें जल्द खत्म कर दिया जाएगा। एसटीफ ने गया और औरंगाबाद में बड़े नक्सली विवेक की तलाश कर रही है। वहीं, लखीसराय, जमुई और मुंगेर में सुरेश कोड़ा की तलाश जोर-शोर से कर रही है। एसटीएफ का मानना है कि इनकी गिरफ्तारी के बाद एक हद तक नक्सली हिंसा कम होगी।

### 6.75 करोड़ की चल-अचल संपत्ति जब्त

एसटीएफ नक्सलियों को आर्थिक रूप से कमजोर करने पर भी जोर दे रही है। एसटीएफ नक्सलियों की अवैध संपति को जब्त करने की कार्रवाई कर रही है। यूएपीए एक्ट का उपयोग कर 2012 से अब तक 32 मामलों में नक्सलियों के 6.75 करोड़ की चल-अचल सम्पति जब्त की जा चुकी है। पीएमएलए एक्ट का उपयोग कर 14 मामलों में 8.97 करोड़ रूपयों की नक्सलियों की चल और अचल सम्पति को जब्त करने के लिए ईडी को प्रस्ताव भेजा गया है

आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति, स्वस्थ जीवनशैली और योग के महत्व के बारे में दी गई जानकारी

# आयुर्वेद जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

निज संवाददाता | पटना

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, सिवान में आयुर्वेद जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सिवान के संयुक्त प्रयास से किया गया। शिविर में सैकड़ों छात्रों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया, जहां उन्हें आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति, स्वस्थ जीवनशैली और योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य जांच के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों ने कई रोगों के लिए आयुर्वेद आधारित उपचार की सलाह भी दी। साथ ही, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर के छात्रों के लिए एक विशेष कार्यशाला और लैब भ्रमण का आयोजन किया गया। यह प्रयास छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान और आधुनिक तकनीकी प्रयोगों के अनुभव से अवगत कराने की दिशा में था।

राज्य के अभियंत्रण और पॉलिटेक्निक संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को बेहतर प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, सुपौल के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के चार छात्रों - हर्ष रंजन कुमार, मुकेश कुमार महतो, चितरंजन कुमार, और अभिषेक कुमार - का चयन जगदंबा ऑटो कंपोनेंट्स लिमिटेड में हुआ है। छात्रों की इस सफलता ने कॉलेज में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को प्रमाणित किया है। चयनित छात्रों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवार और संस्थान को दिया। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि यह सफलता छात्रों के आत्मविश्वास और कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इन कार्यक्रमों और प्लेसमेंट की सफलता ने राज्य के अभियंत्रण संस्थानों की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। अन्य कॉलेजों में भी इसी तरह की गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना बनाई जा रही है, ताकि छात्रों को न केवल रोजगार के बेहतर अवसर मिलें, बल्कि वे तकनीकी और व्यवहारिक ज्ञान में भी निपुण बन सकें।

# लैंड फॉर जॉब्स केस में 16 जनवरी को सुनवाई

निज संवाददाता | पटना



दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में लैंड फॉर जॉब मामले में सोमवार को होने वाली सुनवाई टल गई है। एक आरोपी पर केस चलाने की अनुमति नहीं मिलने से ये सुनवाई टली है। अब इस मामले में 16 जनवरी को अगली सुनवाई होगी। आज की सुनवाई इससे पहले 30 नवंबर को सुनवाई टल गई थी। बता दें कि लालू परिवार के पांच सदस्य आरोपी हैं। इसमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव शामिल हैं। 7 अक्टूबर को हुई सुनवाई में लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू परिवार समेत सभी 9 आरोपियों को जमानत मिल गई थी। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सभी को 1-1 लाख के निजी मुचलके पर बेल दी थी। कोर्ट ने सभी को पासपोर्ट सरेंडर करने के निर्देश दिए थे।

लैंड फॉर जॉब्स मामले में ईडी की दिल्ली और पटना टीम के अधिकारियों ने लालू और तेजस्वी से 20 जनवरी 2024 में 10 घंटे से ज्यादा पूछताछ की थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक लालू प्रसाद से 50 से ज्यादा सवाल किए गए थे। उन्होंने ज्यादातर जवाब हां या ना में ही दिया था। पूछताछ के दौरान कई बार लालू झल्ला भी गए थे। वहीं, तेजस्वी से 30 जनवरी को लगभग 10-11 घंटे तक पूछताछ चली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### विवेकानंद पारामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज के बीएससी नर्सिंग का परिणाम हुआ घोषित

**गया।** विवेकानंद पारामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज के बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष (सत्र 2020-2024) के परीक्षा परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। छात्रों ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। मदनु कुमारी ने 86.83% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल किया है, जो उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। आर्टी रानी ने 83.50% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। अनमोल प्रयास और सतत परिश्रम की बदौलत, अंकित कुमार और सपना कुमारी ने 81.17% अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य और शिक्षकों ने इन छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत और संस्थान की शिक्षण गुणवत्ता का परिणाम है।

### 29 से होंगे डॉ. फरासत हुसैन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट

**गया।** शहर के गांधी मैदान स्टेडियम में 29 दिसंबर से डॉ. फरासत हुसैन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें गया की और चार टीमें बाहर की होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल पांच जनवरी को खेला जाएगा। ये बातें रविवार को शहर के वाइट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान टूर्नामेंट की वाइस चेयरमैन डॉ. एमएन अंजुम ने कहीं। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट के जरिये फुटबॉल खिलाड़ियों को एक नया प्लेटफॉर्म मिला हैं। पिछले वर्ष इसकी शुरुआत हुई थी। खिलाड़ियों ने काफी उमदा खेल का प्रदर्शन किया था। इस बार टूर्नामेंट और भी भव्य होने वाला हैं। उन्होंने गया वासियों से अपील किया कि वे इस टूर्नामेंट में जरूर शामिल हो, ताकि खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ सके। वहीं वाइस चेयरमैन सद्दान फरासत ने बताया टूर्नामेंट का उद्घाटन 29 दिसंबर से होगा। पांच जनवरी को फाइनल है। देश के केन्द्रीय मंत्री सह गया सांसद जीतनराम मांझी इस टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। इस बार बंगाल के खिलाड़ी भी गया में फुटबॉल मैच खेलेंगे।

### एथलेटिक्स मीट में जीबीआरसी बोधगया बना चैंपियन

**गया।** शहर के गांधी मैदान में गया जिला एथलेटिक्स संघ के बैनर तले चल रहे जूनियर एथलेटिक्स मीट का समापन रविवार को किया गया। इस बार एथलेटिक्स मीट में 178 अंकों के साथ जीबीआरसी बोधगया टीम ओवरऑल चैंपियन रही। इस संदर्भ में गया जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जीबीआरसी ने आठ गोल्ड, नौ रजत, सात ब्रॉन्ज मेडल जीते। वहीं सिद्धार्थ फ्री चिल्ड्रन बोधगया ने चार गोल्ड, तीन रजत व 10 ब्रॉन्ज में साथ दूसरे और डीएवी कैंट एरिया पांच गोल्ड, पांच रजत व तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### स्कूली बच्चों ने नालंदा-राजगीर का किया परिभ्रमण

**वज़ीरगंज।** प्रखंड के तपोवन रोड स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के बच्चे शनिवार को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर और नालंदा विश्वविद्यालय देखने के लिए रवाना हुए। विद्यालय के निदेशक वीरू कुमार ने कहा कि बच्चों ने नालंदा विश्वविद्यालय का खंडहर एवं राजगीर का परिभ्रमण कर इसके इतिहास को जाना एवं अवलोकन किया।

### बोधगया ग्रिड से 3 घंटे तक नहीं रहेगी बिजली, बिजली आपूर्ति को बेहतर और स्थिर बनाने का उद्देश्य

**गया।** बोधगया ग्रिड से 24 दिसंबर मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान 132 केवी के बसबार के रखरखाव का काम किया जाएगा। उपभोक्ता बिजली से जुड़े सभी जरूरी काम समय रहते निबटा लें। जिससे उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इस शटडाउन का असर बोधगया, मगध यूनिवर्सिटी, टेकुना, एयरपोर्ट, मानपुर, अमरा, भुसुंडा, खटकाचक, बकरौर, सोभ, डोभी और डीआरडीओ जैसे प्रमुख इलाकों पर पड़ेगा। जिसको लेकर बताया गया है कि लगातार तीन घंटे तक इन इलाकों में बिजली नहीं रहेगी। इससे स्थानीय निवासियों और संस्थानों को असुविधा हो सकती है। दोपहर दो बजे के बाद बिजली की सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी। बोधगया ग्रिड के सहायक कार्यपालक अभियंता सआदत हसन ने बताया कि यह काम बेहद जरूरी है। ग्रिड के बसबार का मेंटेनेंस किया जाना आवश्यक है। बेहतर रखरखाव से बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। शटडाउन के समय को इस तरह से तय किया गया है कि लोगों को कम से कम दिक्कत हो। विभाग की ओर से प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को इस अवधि में बिजली से जुड़े काम समय से पहले निपटाने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों और संस्थानों से सहयोग की अपील की है। बोधगया ग्रिड के इस कार्य का मकसद क्षेत्रीय बिजली आपूर्ति को बेहतर और स्थिर बनाना है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी तरह की तकनीकी गड़बड़ी या अप्रत्याशित कारणों से शटडाउन का समय बढ़ सकता है।


### संवेदनशील क्षेत्रों में हुआ फ्लैग मार्च, पुलिस पेट्रोलिंग व चेक पोस्ट की हुई जांच

**गया।** अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शनिवार की रात अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एसएसपी आशीष भारती ने निर्देशन में सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया और वाहनों की सघन जांच की गई। वहीं एसएसपी द्वारा भी शहरी थाना का औचक निरीक्षण कर उनकी सजगता व सतर्कता की जांच की गई। एसएसपी ने संबंधित पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने बताया कि शहरी क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों के द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था व यातायात व्यवस्था के बेहतर संधारण के लिए फ्लैग मार्च एवं सघन वाहन जांच की गई। इस विशेष अभियान के तहत गया पुलिस के द्वारा सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर फ्लैग मार्च किया गया तथा सभी चेक पोस्ट एवं चौक चौराहों पर वाहनों की जांच की गई। इस मार्च का उद्देश्य जनता में विश्वास की भावना बढ़ाना, असामाजिक तत्वों में भय उत्पन्न करना, अपराधियों पर अंकुश लगाना और यातायात की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना था। वहीं संध्या में एएसपी व सभी एसडीपीओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। शनिवार की देर रात्रि एसएसपी ने चंदौती, डेल्हा व रामपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर रवि प्रकाश के साथ चंदौती थाना, सिटी डीएसपी-2 धर्मेंद्र भारती के साथ रामपुर व डेल्हा थाना का औचक निरीक्षण कर ओ०डी० पदाधिकारी एवं गश्ती दल की सजगता और सतर्कता की जांच की गई। इसके बाद उन्होंने थाना में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों को कांडों का त्वरित निष्पादन करने, फरार/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, अपराधियों/असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, आसूचना संकलन करने, प्रभावी पेट्रोलिंग करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशदिए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं अच्छा प्रदर्शन करने वाले पुलिस पदाधिकारी को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी को उनके कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा दी, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। थाना निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने शहरी क्षेत्र का भ्रमण कर रात्रि गश्ती और वाहन जांच में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता की जांच की। उन्होंने उनके कार्यों की सराहना करते हुए जाम की समस्या से निपटने, प्रभावी ढंग से वाहन जांच करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसएसपी ने बताया कि इस दौरे का मुख्य उद्देश्य विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और बेहतर एवं दुरुस्त बनाना था।

# राजगीर में खुलेगी मिट्टी जांच प्रयोगशाला, बिहार शरीफ के नहीं लगाने होंगे चक्कर

निज संवाददाता। नालंदा

**1 साल में 10 हजार नमूनों की होगी जांच**



किसानों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। राजगीर में जल्द ही एक अत्याधुनिक मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना की जा रही है, जिस पर लगभग 75 लाख रुपए का निवेश किया जा रहा है। यह प्रयोगशाला ई-किसान भवन में स्थापित की जा रही है, जो किसानों को मिट्टी परीक्षण की सुविधा घर के नजदीक उपलब्ध कराएगी। नई प्रयोगशाला में वार्षिक 10,000 मिट्टी के नमूनों की जांच की क्षमता होगी।

इससे सिलाव, बेन, राजगीर, गिरियक और कतरीसराय प्रखंडों के खेतों से लाए गए नमूनों की जांच की जा सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब किसानों को जिला मुख्यालय बिहारशरीफ का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। प्रयोगशाला में स्थापित होने वाले उपकरणों में ऑटोमैटिक ऑक्सीजन एनालाइजर, फ्लेम फोटोमीटर, नाइट्रोजन एनालाइजर, स्पेक्ट्रोमीटर और पीएच मीटर जैसे आधुनिक उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों से पीएच, जैविक कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, जिंक, बोरॉन, आयरन और मैंगनीज जैसे 12 पैरामीटर्स की जांच की जा सकेगी।

**प्रयोगशाला की मशीनें राजगीर पहुंच चुकी:** जिला मिट्टी जांच प्रयोगशाला के वैज्ञानिक दुर्गा रंजन के अनुसार, "नई प्रयोगशाला के कार्यान्वयन से स्वचालित हेल्थ कार्ड बनाने में काफी सहूलियत होगी। प्रयोगशाला की मशीनें राजगीर पहुंच चुकी हैं और शेष उपकरण भी जल्द ही आ जाएंगे।" प्रयोगशाला में तकनीकी कार्यों के लिए एक सहायक तकनीकी प्रबंधक और एक प्रयोगशाला तकनीशियन की नियुक्ति की जाएगी। स्थायी तौर पर जांच कर्मियों की तैनाती के लिए सरकारी स्तर पर प्रक्रिया जारी है। यह पहल किसानों को समय पर मिट्टी की गुणवत्ता का पता लगाने और उचित कृषि निर्णय लेने में मदद करेगी, जिससे कृषि उत्पादकता में वृद्धि की जा सकेगी।

## जापानी दल बोला : भारत में विश्व की अगुवाई करने की है क्षमता

निज संवाददाता। गया



जापान में सुनामी से बचाव के लिए समुद्री किनारे वृक्षारोपण करने वाली संस्था जोमोन मिराई का दो दिवसीय शिष्टमंडल बोधगया पहुंचा हैं। शिष्टमंडल में शामिल फुमिको उचियामा और कियोको सुजुकी दोनों पहली बार भारत आयी हैं। इन्होंने कहा कि भारत के शहरी ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी भारी बदलाव हो रहा हैं। जैसा सुनी थी, उसके ठीक विपरीत यहां देखा। भारत खासकर बिहार के विभिन्न गांवों में जिस माहौल को हमने देखा उससे महसूस हुआ कि भारत अब काफी आगे बढ़ रहा हैं। भारत में विश्व की अगुआई करने की क्षमता हैं। जापानी समाजसेविका फुमिको उचियामा और कियोको सुजुकी ने बताया कि वे लोग अपने देश में काला प्रोजेक्ट नाम से अभियान चला रहे हैं। इसके तहत समुद्र के किनारे वृक्षारोपण कर जंगल विकसित किया जा रहा हैं, ताकि सुनामी आने पर जान-माल की अधिक सुरक्षा की जा सके। उन्होंने बताया कि बोधगया की अग्रणी संस्था पीपुल फर्स्ट के माध्यम से कई गांवों में वृक्षारोपण किया तथा यहां की ग्रामीण संस्कृति को नजदीक से देखने का मौका मिला। हमलोगों ने महसूस किया कि यहां वृक्षों की कटाई ज्यादा हुई हैं। इन लोगों ने कहा कि यहां के संयुक्त परिवार की परिपाटी बेमिसाल हैं। गांवों में बच्चों में पढ़ने की ललक हैं। जबकि जापान में इस मामले में काफी गिरावट आयी है।

# छात्राओं ने लोकगीत, लोकनृत्य व शास्त्रीय संगीत से बांधा समां

निज संवाददाता। राजगीर



राजगीर महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को महिला महोत्सव की धूम रही। स्कूली छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जल जीवन हरियाली एवं सामाजिक बुराइयों के तहत दहेज प्रथा, बाल विवाह व दहेज प्रताड़ना का विषय छाया रहा। स्कूली छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगीत, लोक नृत्य, देश भक्ति गीत, शास्त्रीय संगीत, फिल्मी गाने की प्रस्तुति दी। महिला महोत्सव में छात्राओं ने अपनी परिकल्पना के माध्यम से बिहार में जल जीवन हरियाली का संदेश जिलेवासियों को दिया। वहीं दूसरे दिन भी ग्राम श्री मेला, कृषि मेल, व्यंजन मेला, उद्योग मेला, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में दिन भर काफी संख्या में लोग पहुंचते रहे। जिसमें महिलाओं की भीड़ अधिक थी। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भी लोग परिवार के साथ मेले का आनंद उठाते दिखे।

**रंगोली बनाकर लोगों को किया जागरूक:** महिलाओं ने आकर्षक रंगोली बनाई। रंगोली के माध्यम से बाल विवाह व दहेज प्रथा को एक सामाजिक बुराई के रूप में प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया। रंगोली में सूखे रंगों का प्रयोग किया गया था। इस मौके पर लोगों को बताया गया कि 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के की शादी को बाल विवाह माना जाता है। इस कानून के तहत बाल विवाह करने वाले को दो साल की जेल एवं जुर्माना या दोनों हो सकता है।

**कल्याणकारी योजनाओं की दी जा रही जानकारी:** महोत्सव में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।


**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2024 *for* BAMS / BHMS / BUMS Course in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2024/26 Dated 23.12.2024**

**Notice for UGMAC(Ayush)-2024 Special Stray Vacancy Round-II Online Counselling**

NHC, New Delhi has given the letter of permission (LOP) for RBTS Homoeopathy Medical College Muzaffarpur for additional 13 seats for Homoeopathy Courses for academic year 2024-2025 vide lletter no. F.no. 4-7/MARBH/NCH/2024-25(104-01)/5448 dt. 09.12.2024. These seats are being added to the seat matrix in the last stage of Counselling i.e. in this Special Stray Vacancy Round-II. As the situation is extraordinary and since new seats are being added, hence in the welfare of the candidates it has been decided to allow for reallotment in this Special Stray Vacancy Round-II Counselling.

Hence, in the light of above para and NCISM Letter no.- NCISM/Examinations/State DME/2024 dt. 20.12.2024, Fresh Online registration and submission of Application Form are invited from such qualified, eligible and interested NEET (UG)-2024 candidates for admission in Govt. as well as Pvt. Ayush Colleges of Bihar on vacant seats of Homoeopathy / Ayurveda / Unani Courses along with additional 13 seats for Homoeopathy Course after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2024 Special Stray Vacancy Round Counselling which was held from 18.12.2024 to 20.12.2024 vide Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2024/23 dated 10.12.2024 & 2024/24 dated 19.12.2024.

2. Special Stray Vacancy Round-II Counselling will be conducted Online.
3. The online Registration and submission of Application Form will **start from 24.12.2024 and close on 25.12.2024** (10.00 p.m.).
4. **The details of programme / process / fee etc. has been uploaded on the Board's website : bceceboard.bihar.gov.in vide Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2024/25 Dated 23.12.2024**

**Controller of Examination**



**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**
**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2024 for MD / MS (Ayurveda) / MD (Homoeo) Course**

***Advt. No.-* BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2024/28 Dated : 23.12.2024**

**Notice for PGMAC(Ayush)-2024 Special Stray Vacancy Round-II Online Counselling**

NHC, New Delhi has given the letter of permission (LOP) for RBTS Homoeopathy Medical College Muzaffarpur for additional 16 seats for Homoeopathy Courses for academic year 2024-2025 vide lletter no. F.no. 4-7/MARBH/NCH/ 2024-25(104-01)/5448 dt. 09.12.2024. These seats are being added to the seat matrix in the last stage of Counselling i.e. in this Special Stray Vacancy Round-II. As the situation is extraordinary and since new seats are being added, hence in the welfare of the candidates it has been decided to allow for reallotment in this Special Stray Vacancy Round-II Counselling.

Hence, in the light of above para and NCISM Letter no.- NCISM/Examinations/State DME/2024 dt. 20.12.2024, Fresh Online registration and submission of Application Form are invited from such qualified, eligible and interested NEET (PG)-2024 candidates for admission in Govt. as well as Pvt. Ayush Colleges of Bihar on vacant seats of MD/MS (Ayurveda) / MD (Homoeo) Courses along with additional 16 seats for Homoeopathy Course after admission on the basis of PGMAC(Ayush)-2024 Special Stray Vacancy Round Counselling which was held from 18.12.2024 to 20.12.2024 vide vide Adv. No.-BCECEB[PGMAC(Ayush )]-2024/25 dated 11.12.2024 & 2024/26 dated 19.12.2024.

2. Special Stray Vacancy Round-II Counselling will be conducted Online.
3. The online Registration and submission of Application Form / Willingness will **start from 24.12.2024 and close on 25.12.2024 (10.00 P.M.)** .
4. **Detailed programme and process for receiving Fresh Online registration and submission of Application Form and Willingness for Special Stray Vacancy Round-II Counselling of PGMAC (Ayush)-2024 has been published through Adv. no. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2024/27 dt. 23.12.2024 which is uploaded on Board's website : bceceboard.bihar.gov.in** . All concerned are requested to go through the advertisement uploaded on Board's website and act accordingly.

**Controller of Examination**



**बिहार सरकार**

**योजना एवं विकास विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 15/2024–25**
**(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

1 .कार्य का विवरण –(योजना/शीर्ष/मद का नाम) :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **कब्रिस्तान घेराबन्दी योजना** | | | | | | |
| 1 | औरंगाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत गुलजारबाग में कब्रिस्तान घेराबन्दी का निर्माण कार्य। | 18.66 | 37400.00 | 5000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 03 माह |
| **आकाँक्षी जिला कार्यक्रम (ADP)** | | | | | | |
| 1 | कुटुम्बा प्रखण्ड अन्तर्गत +2 उच्च विद्यालय कुटुम्बा का जीर्णोद्धार कार्य। | 20.41 | 40900.00 | 5000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 03 माह |
| | कुल राशि :– | **39.07** | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 18.12.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 03.01.2025 से 08.01.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 09.01.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.01.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**PR. No.15346 (Planning) 2024-25**

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**



**योजना एवं विकास विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल औरंगाबाद।**

**बिहार सरकार**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 16 वर्ष 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक 18.12.2024
3. निविदा प्रपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.01.2025 से दिनांक 11.01.2025 के 1:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.01.2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. तकनीकि बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.01.2025 को 2.30 बजे अपराह्न से।
6. निविदा प्रपत्र बिक्री का कार्यालय/स्थान : 1. सम्बंधित सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद। 2. कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद। 3. अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, मगध प्रमंडल, गया।
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी के द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा।
8. निविदा जमा करने का स्थान : उपरोक्त कॉलम छः के अनुसार।
9. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) :– **जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT)**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) जो लौटायी नहीं जायेगी। | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | औरंगाबाद प्रखण्ड के पंचायत खैरा बिन्द के लखेनी खाप में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.40 | 26800.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | देव प्रखण्ड के पंचायत पचिमी केताकी के ग्राम केताकी मध्य में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.59 | 27200.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | ओबरा प्रखण्ड के पंचायत कारा के वार्ड नं0 05 भूईयाँ बिगहा में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.42 | 26900.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 4 | दाउदनगर प्रखण्ड के पंचायत तरारी के वार्ड नं0 05 अम्बेडकर नगर में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.51 | 27100.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 5 | रफीगंज प्रखण्ड के पंचायत भदवाडीह के भदवा टोला चन्दा पर में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.53 | 27100.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 6 | मदनपुर प्रखण्ड के पंचायत घटराईन के घटराईन में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.62 | 27300.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 7 | कुटुम्बा प्रखण्ड के पंचायत बलिया के दसौती में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.62 | 27300.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 8 | बारूण प्रखण्ड के पंचायत पिपरा के बरौली में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.19 | 26400.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 9 | नवीनगर प्रखण्ड के पंचायत रामनगर के महुआरी में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.59 | 27200.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 10 | गोह प्रखण्ड के पंचायत मीरपुर के डुमरथू में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.62 | 27300.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 11 | हसपुरा प्रखण्ड के पंचायत इटवाँ के खुटहन पूर्वी में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 13.58 | 27200.00 | 2500.00 | 3 माह |
| | कुल राशि :– | **148.67** | | | |

10. निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र की भाषा सांकेतिक है। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त्त, नियम, अर्हता, अग्रधन का रूप एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय सूचना पट एवं परिमाण विपत्र बिक्री स्थल पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

**PR- 15329 ( Planning ) 2024-25**

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## संक्षिप्त समाचार

### थानाध्यक्ष दावथ का वेतन बंद करने का निर्देश

**दावथ (रोहतास) (नि.सं.)।** ए सी जीएम तीन विक्रमगंज के न्यायालय में दायर परिवाद पत्र संख्या 254/21आशा देवी बनाम बृजमोहन सिंह के मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दावथ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर प्रतिवेदन की मांग की गई थी। लेकिन वर्षो बीत जाने के उपरांत भी न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया गया। तत्पश्चात न्यायालय के निर्देश का अनुपालन नहीं होते देख रोहतास के पुलिस कप्तान को थानाध्यक्ष दावथ का तत्काल प्रभाव से वेतन बंद करने का आदेश दिया गया है। इस आशय की जानकारी सिविल कोर्ट के वरीय अधिवक्ता बबन राय ने दी।

### स्टार्टअप इको सिस्टम पर संगोष्ठी

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं1)।** वाणिज्य संकाय गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा विषय ' स्टार्टअप इको सिस्टमः नेविगेटिंग थ्रू फाइनेंशियल फंडामेंटलस' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए विशाल सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर सुदीप सिंह रहे। सुदीप ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वाणिज्य स्टार्टअप हेतु प्रथम पंक्ति के विषय के रूप में आता है। कार्यक्रम का शुभारंभ संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ आशुतोष द्विवेदी ने अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर किया। डॉ आशुतोष ने अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि वर्तमान में भारतीय स्टार्टअप इको सिस्टम ने विश्व में तृतीय स्थान पर अपनी पहचान स्थापित किया है एवं सतर्कता के तौर पर यह बताया कि वाणिज्य एवं वित्त की जागरूकता के अभाव में 80 प्रतिशत स्टार्टअप 5 साल के भीतर दम तोड़ दे रहे है। तत्पश्चात सीए विशाल सिंह ने स्टार्टअप इको सिस्टम पर विस्तार से बात करते हुए पूरे वक्तव्य के दौरान स्किल बेस्ड शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर जोर दिया। वहीं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बी.कॉम एवं एम.कॉम के छात्रों हेतु स्टार्टअप का मार्ग अन्य विषयों की अपेक्षा काफी आसान हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन सुश्री चित्रा राव ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मयंक कुमार राय ने किया।

### जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** जिले के सासाराम निवासी इंजीनियर निखिल जय सिंह को रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस बाबत रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने कहा कि निखिल जय सिंह एक प्रतिभावान और ऊर्जावान व्यक्ति हैं तथा माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के विचारों तथा पार्टी के नीतियों एवं सिद्धांतों में आस्था और विश्वास रखने वाले हैं उनके नेतृत्व में रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ मजबूत तथा विकसित होगा। साथ ही जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम चरित्तर प्रसाद को भी इंजीनियर निखिल जय सिंह के मनोनयन के लिए धन्यवाद दिया। इंजीनियर निखिल जय सिंह के श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों में करहगर के पूर्व विधायक माननीय बशिष्ट सिंह, प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश सेतु, प्रदेश सचिव रिंकू सिंह, सिकंजय सिंह विनोद कुशवाहा संतोष शुक्ला अलख निरंजन, रामप्रवेश राम, अनिल सिंह, अशोक पटेल, अविनाश सिग्रीवाल, धनजी सिंह, अनिल राय, संजय सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

### बदहाल किसानों का सुध नहीं ले रही सरकार

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** सासाराम समाहरणालय के सामने कदवन जलाशय योजना निर्माण कार्य तथा एमएसपी की गारंटी आदि मांगो के समर्थन में किसान महासभा का अनिश्चित धरना करीब डेढ़ महीने से महासभा के संस्थापक रमाशंकर सरकार के नेतृत्व में चल रहा है। लेकिन जिला प्रशासन अबतक धरनार्थियों का सुध लेने कार्य तो दूर, उन्हें धरनास्थल से प्रशासन द्वारा जबरन उनका टेंट उखाड़कर भी फेंक दिया गया।

# निर्माण में बरती जा रही अनियमितताएं

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



जिला मुख्यालय सासाराम स्थित जिला समाहरणालय में हीं जिलाधिकारी समेत जिले के सभी आला अधिकारियों के नाक के नीचे हीं एक भ्रष्टाचार का मामला चर्चा में है। जिला समाहरणालय के पुराने मुख्य द्वार को तोड़कर बनाए जा रहे नए प्रवेश द्वार की निर्माण सामग्रियों में कई तरह की अनियमितताएं बरती जा रही है लेकिन बावजूद इसके किसी भी अधिकारी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा। जबकि इसी प्रवेश द्वार से प्रतिदिन जिलाधिकारी समेत जिले के सभी आला अधिकारी समाहरणालय में प्रवेश करते हैं। प्रवेश द्वार के अंदर सड़क के समतलीकरण में सीमेंट, ईंट से लेकर कई अन्य निर्माण सामग्रियां मानक के अनुरूप नहीं इस्तेमाल की गई और अब प्रवेश द्वार को भी बिना प्लास्टर के हीं फ्रेमिंग कर अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसे देख कर हर कोई हैरान है। दरअसल ईंट अथवा कंक्रीट से बनाए गए किसी भी ढांचे को सामान्य तौर पर प्लास्टर के बाद कलर किया जाता है और इसके बाद हीं ढांचे के सौंदर्यीकरण के लिए फ्रेमिंग की जाती है, लेकिन ईंट और कंक्रीट से बनाए गए जिला समाहरणालय के मुख्य द्वार को बिना प्लास्टर के हीं फ्रेमिंग कर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है जो आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं इस संदर्भ में भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि कार्यादेश में प्लास्टर को शामिल नहीं किया गया है इसलिए बिना प्लास्टर के हीं फ्रेमिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्ट्रक्चर के निर्माण के नियम कोई अन्य तय नहीं कर सकता, सिर्फ इंजीनियर तय करते हैं। कार्यादेश में प्लास्टर नहीं है और संवेदक को इसका भुगतान भी नहीं किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह की महाविद्यालय में मनी जयंती

**निज संवाददाता | राजपुर।**

राजपुर मुख्यालय स्थित चौधरी चरण सिंह कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री सह किसान नेता चौधरी चरण सिंह का जयंती समारोह सोमवार को प्राचार्य डॉ. सुनीता कुमारी की अध्यक्षता में मनाया गया। जहा उपस्थित लोगों ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हे याद किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि चौधरी चरण सिंह निर्भीक, निष्पक्ष भाव से काम करने में विश्वास रखने वाले नेताओं में शुमार थें। सता व कुर्सी की राजनीति उनहोंने जीवन में कभी नहीं किया। चाहे सदन मे रहे या सड़क पर, वे गरीबों व किसानों के आवाज बनने का काम किया। कहा की राजपुर जीवन बाबा की धरती है,जहा चौधरी जी को सम्मान प्रदान करते हुए उनके नाम से कॉलेज की स्थापना हुई है। हम सभी का सौभाग्य है कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का अवसर मिला है। आज उनके कॉलेज में क्षेत्र के अधिकतर छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल रही है। इस दौरान डॉ राकेश कुमार दुबे, प्रो सोमेश्वर सिंह, प्रो. कामाख्या नारायण सिंह, प्रो. सुरेंद्र कुमार सिंह, डॉ रमेश यादव, कुमारी सीमा सिंह, नीलम पाण्डे, कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद, पवन कुमार, शिव कुमार, बिंदु कुमारी आदि शामिल रहे।

# फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

**» ऑनलाइन चल रहे कार्यक्रम एडीपी ए आईसीटी अकैडमी का ट्रेनिंग एंड लर्निंग अटल द्वारा प्रायोजित और गोपाल नारायण पंसिंह विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित किया गया।**

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित सूचना प्रौद्योगिकी संकाय के तत्वावधान में हेल्थ केयर 5.0 में ए आई संचालित बायोमेडिकल टेक्नोलॉजी और इसके अनुप्रयोग पर एक सप्ताह का फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आज संपन्न हो गया। ऑनलाइन चल रहे कार्यक्रम एडीपी ए आईसीटी अकैडमी का ट्रेनिंग एंड लर्निंग अटल द्वारा प्रायोजित और गोपाल नारायण पंसिंह विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, एकेडमिक निदेशक सुदीप सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर आलोक प्रताप, सूचना प्रौद्योगिकी के निदेशक डॉ अरुणवा डे एवं प्रबंधन संस्थान के डीन डॉ विवेक शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर अजय कुमार, सहसमन्वयक डा. कन्हैया लाल अम्बष्ट रहे जबकि सुश्री अनन्या सिंह ने एंकरिंग होस्ट की भूमिका निभाई। इस फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में कुल 180 प्रतिभागियों ने निबंधन कराए थे जो देश के विभिन्न भाग से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए थे। पहले सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग स्वास्थ्य के क्षेत्र में किस प्रकार से किया जाता है और आने वाले समय में यह कितना कारगर होगा इस पर विस्तृत जानकारियां प्रदान की गई और सभी प्रतिभागी काफी लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में कुल 13 सत्र हुए जिनके लिए देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था। इनके द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हेल्थ केयर में योगदान से संबंधित विषय पर विभिन्न बिंदुओं से अपना-अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# भूखे रहकर जो देश का पेट भरता है वह है किसान

**» किसानों के वरिष्ठ नेता सह बीजेपी बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य बलिराम मिश्रा ने कहा कि किसान देश के रीढ है, जिनके बदौलत आज कोई भी भूखा नहीं रहता। वहीं पूर्व भाजपा विधायक काराकाट राजेश्वर राज ने कहा कि जय जवान के साथ जय किसान इसी बात का सूचक है कि बिना किसानों के जयकार के हम नहीं चल सकते।**

**निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)**

चिड़ियों के जगने से पहले खाट छोड़ उठ गया किसान-किसानों के जीवन के बारे में एक पंक्ति ही काफी है। गर्मी की तपती धूप हो या जाड़े की ठीठुरन या फिर बरसात की वह काली रात, हर मौसम की वह मार झेल कर अनाज उपजाता है तथा खेतों और देश के लोगों का पेट भरता है। सोमवार 23 दिसंबर को किसान दिवस के अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम हुए वहीं अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज के विभिन्न क्षेत्रों से किसानों के प्रति लोगों ने अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। किसानों के वरिष्ठ नेता सह बीजेपी बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य बलिराम मिश्रा ने कहा कि किसान देश के रीढ है, जिनके बदौलत आज कोई भी भूखा नहीं रहता। वहीं पूर्व भाजपा विधायक काराकाट राजेश्वर राज ने कहा कि जय जवान के साथ जय किसान इसी बात का सूचक है कि बिना किसानों के जयकार के हम नहीं चल सकते। वहीं पैक्स अध्यक्ष अध्यक्ष बलवंत सिंह ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था के रीढ हैं, जिनके बदौलत हम सभी अमन चैन से जीवन बिताते हैं। वही मृत्युंजय कुमार पांडे, सुनील सिंह ने किसानों को वंदनीय कहा तो काराकाट प्रखंड से वरिष्ठ एनडीए नेता वीरेंद्र तिवारी ने किसानों को सच्चा राष्ट्रभक्त बतलाया। रोहतास जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुन्ना भारती एवं नगर उप मुख्य पार्षद रवीश रंजन ने भी किसानों कोअपनी संवेदना प्रकट की तो वही समाज सेवी कुंदन पासवान ने डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से किसानों को याद किया। मुखिया संघ जिला अध्यक्ष एवं किसान नेता योगेंद्र कुमार सिंह, अजय सिंह, कामेश्वर सिंह, सौरव कांत देव सहित प्रखंड के गणमान्य लोगों ने किसानों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी। दावथ प्रखंड से जहां किसानों के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ समाजसेवी अवध बिहारी सिंह, पैक्स अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, शुभंकर सिंह, बृजेश्वर राय, कंचन देवी, विक्की चौबे, नंद बिहारी सिंह, काशीनाथ शाह, विनोद कुमार सिंह भाजपा नेता के अलावे सूरजपुरा प्रखंड से मुखिया प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, राजद किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विजय सिंह यादव सुदामा पांडे, अशोक सिंह यादव, प्रमोद कुमार सिंह, प्रमुख सुनील कुमार गुप्ता सहित विभिन्न प्रतिनिधियों ने भी किसानों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

# स्वास्थ्य जांच शिविर और सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**




गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज के सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रोटरी क्लब ऑफ नारायण जमुहार के सहयोग से बी एस सी नर्सिंग सातवें सेमेस्टर के छात्रों द्वारा पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर और सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अकोढीगोला प्रखंड के नावाडीह गांव में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका श्वेता पांडेय द्वारा किया गया और उन्होंने बताया कि इस शिविर में 50 बच्चों का पूरे शरीर का जांच किया गया जिसमें से लगभग 23 बच्चे कुपोषित पाये गए। इस कार्यक्रम में नर्सिंग के छात्रों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता पर एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया तथा बच्चों के माता-पिता को कुपोषण और पांच वर्ष तक के बच्चों मे होने वाले स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी गई। अंत में छात्र हर्षवर्धन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य मार्गदर्शन की भूमिका प्रो डा के लता एवं प्रो डॉ. श्वेता शर्मा ने निभाया। इस मौके पर एम एस सी छात्र निखिल कुमार तथा बी एस सी नर्सिंग की मिनाक्षी ठाकुर, माधवी शर्मा, सुनीता कुमारी, सुदीक्षा, नेहा कुमारी, एकता कुमारी, जहानवी, विष्णु प्रिया, हर्षवर्द्धन, सृष्टि, हिमांशु तथा अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मारपीट में घायल महिला की मौत की सूचना पर पहुंची तीन थाने की पुलिस

**निज संवाददाता | नौहट्टा/रोहतास**

थाना क्षेत्र के शाहपुर में बिहार सरकार के भूमि कब्जा को लेकर हुई मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत की खबर से महल गर्मआ गई। घटना के बारे में बताया गया की कल बिहार सरकार जमीन में अपना अपना कब्जा को लेकर विष्णु पासवान और राजू मेहता के घरवालों के बीच जमकर लाठी ईट चला था। जिसके बाद दोनों पक्ष के मिलाकर पांच लोग घायल हो गए थे। वही घटना में नौहट्टा थाना में राजू मेहता पक्ष से मारपीट का मामला दर्ज कराया गया। तथा दूसरा पक्ष के बिन्दा देवी उम्र लगभग 30 वर्ष को गंभीर चोट के कारण इलाज के लिए सदर अस्पताल से रेफर के बाद पटना भेजा गया। जहा सोमवार दोपहर ईलाज के दौरान बिंदा देवी की मौत की सूचना मिली। जिसके बाद बिंदा देवी के परिजन अक्रोसित हो कर राजू मेहता के घर को घेर लिया जिसके बाद रोहतास पुलिस कप्तान रोशन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वंदना मिश्रा सर्किल इंस्पेक्टर रितेश कुमार सिंह रोहतास इंस्पेक्टर निकुंज भूषण प्रसाद पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार सहित रोहतास, चुटिया, नौहट्टा, अमझोर सहित कई थाना के पुलिस ने पहुंच कर भीड़ को शांत कराई और एहतियात बरतते हुए तुम्हारी फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच शुरू कर दी जिसके बाद वृंदा देवी के परिजनों से अपडेट लिया गया तो कोई सूचना प्राप्त नहीं हुआ है। जब दूरभाष के माध्यम से घायल की स्थिति पता किया गया तो मालूम चला कि घायल का इलाज अभी जारी है। वहीं पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने सख्त हिदायत देते हुए लोगों से अपील किया की अफवाह में न पड़े और किसी कि बाहकावे आकर कानून को हाथ में न ले। घायल की मृतक होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। अभी तक की सारी बातें अफवाह प्रतीत हो रही हैं।

# पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

**निज संवाददाता | विक्रमगंज (रोहतास)**




कृषि विज्ञान केंद्र रोहतास बिक्रमगंज में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरीय वैज्ञानिक और प्रधान डॉक्टर शोभा रानी की अध्यक्षता में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जिसमें जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए किसानो एवं महिलाओ ने भाग लिया साथ ही उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को सरसों के समूह प्रत्यक्षण के बारे में बताया गया एवं उत्तम प्रभेदों की जानकारी दी गई मशरूम उत्पादन पर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न मशरूम के विभिन्न प्रभीदों की जानकारी दी जाएगी एवं प्रैक्टिकल कोर्स के माध्यम से उत्पादन करने का तरीका भी सिखाया जाएगा ताकि किसान भाई इसे अपने घरों में व्यावहारिक रूप से उत्पादन करके स्वयं भी उपयोग करें एवं अच्छी तरह से सीखने के बाद बाजार में बेचकर आए अर्जुन भी कर सकते हैं आज का यह दिन कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा चौधरी स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर मशरूम उत्पादन के मुख्य प्रशिक्षक डॉ रमाकांत सिंह के अलावे डॉ आरके जलज, डॉ रतन कुमार एवं केंद्र के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए गए इस अवसर पर अनुसूचित जाति उप परियोजना के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं को रबी सब्जियों के विभिन्न उत्तम प्रवेदों की सब्जियों का किट किचन गार्डन कीट एवं टमाटर एवं फूलगोभी के पौधे का भी वितरण किया गया साथ ही पौधों के नर्सरी प्रबंधन एवं पोषण बगिया विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# महाप्रबंधक की अध्यक्षता में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)**



महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में आज पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, हाजीपुर में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 82वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्व मध्य रेल को वर्ष 2023 के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 'रेलमंत्री राजभाषा शील्ड' प्रदान किया जाएगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए राजभाषा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। महाप्रबंधक ने कहा कि हिंदी न केवल हमारी बोलचाल की भाषा है, बल्कि यह देश को संपर्क सूत्र में जोड़ने वाली हमारी राजभाषा भी है। भाषा का विकास और संवर्धन एक महत्वपूर्ण कार्य है। रेल एक वाणिज्यिक प्रतिष्ठान है, और इस देश की आम जनता से जुड़ने के लिए हमें उनकी भाषा में संवाद करना होगा। हिंदी का प्रयोग संवैधानिक अनिवार्यता, राष्ट्रीय कर्तव्य के साथ-साथ हमारी जरूरत भी है। इस अवसर पर राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सुरक्षा विभाग को महाप्रबंधक द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान की गई, जिसे प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार ने प्राप्त किया। महाप्रबंधक द्वारा 'वैशाली' पत्रिका के अंक-29 और राजभाषा बुलेटिन 'पूर्व मध्य रेल दर्पण' के अंक-6 का भी लोकार्पण किया गया। राजभाषा प्रयोग-प्रसार हेतु आयोजित इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के मंडलों, कारखानों आदि के अधिकारी उपस्थित थे। सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने पर सहायक कार्मिक अधिकारी प्रभात कुमार और मनीष कुमार, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य विभाग, हाजीपुर को महाप्रबंधक द्वारा नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी हो या कोई अन्य क्षेत्र, हिंदी स्वाभाविक रूप से समृद्ध हो रही है और इसका क्षेत्र निरंतर विस्तृत होता जा रहा है। हालांकि, इसके साथ हमारी जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं। हमें सभी को प्रोत्साहित करते हुए अपना कार्य राजभाषा हिंदी में करना चाहिए। मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री विजय कुमार ने कहा कि मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि हिंदी निरंतर समृद्ध हो रही है और इसका दायरा भी बढ़ रहा है। समय के अनुसार हमें अपना कार्य हिंदी में सरल और सहज रूप से करना चाहिए। बैठक का संचालन करते हुए उप मुख्य राजभाषा अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार आपसी सहयोग से ही संभव हो सकता है। राजभाषा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिया गया।

# वार्ड संघ का आमरण अनशनः स्थानीय विधायक और एमएलसी ने किया समर्थन

**निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)**



प्रखंड मुख्यालय परिसर में वार्ड संघ के धरना प्रदर्शन और आमरण अनशन में स्थानीय विधायक विजय कुमार मंडल और एमएलसी अशोक कुमार पांडेय शामिल हुए। उन्होंने वार्ड सदस्यों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और उनके समर्थन में वरीय अधिकारियों से संवाद करने का आश्वासन दिया। विधायक विजय कुमार मंडल ने वार्ड सदस्यों की मांगों को जायज़ ठहराते हुए कहा कि कार्यकारिणी की बैठक कराए बिना कोई निर्णय लेना संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि बिजली के अभाव में पानी टंकी के मोटर कैसे चलाए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने अनुरक्षक राशि को लेकर दिनारा के वार्ड सदस्यों के साथ हो रहे भेदभाव पर नाराज़गी जताई। वहीं एमएलसी अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार और अधिकारियों को दिनारा के वार्ड सदस्यों के साथ समान और न्यायपूर्ण व्यवहार करना चाहिए, ताकि क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने दिनारा के वार्ड सदस्यों के सम्मान और अधिकार की रक्षा का वादा किया। इस मौके पर सभी वार्ड सदस्य और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के कोचस मोहनिया रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर अज्ञात वाहन के चपेट में बाइक सवार एक युवक बुरी तरह घायल हो गए। घायल युवक विजय कुमार पिता चंद्रमा राम ग्राम कठवा का बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि उक्त युवक अपने बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था कि अज्ञात वाहन ने कोचस मोहनिया रोड में राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर धक्का मार दिया जिसमें बाइक के पलट जाने से बुरी तरह घायल हो गया। हालांकि धक्का मार वाहन लेकर चालक फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य ले गए।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 को लेकर हुई बैठक

**निज संवाददाता | नवादा**



समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष/सचिव एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विधानसभावार प्रपत्र 06, 07 एवं 08 की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नवादा जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 17,93,588 है, जिसमें:

पुरुष मतदाताः 9,32,860
महिला मतदाताः 8,60,591
थर्ड जेंडर मतदाताः 137

विशेष समूहों की स्थितिः
18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताः 16,014
80-84 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताः 21,824
85-99 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताः 20,159
100+ वर्ष के मतदाताः 1,530
दिव्यांग मतदाताः 17,325

जिला पदाधिकारी ने 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की जांच के निर्देश दिए। साथ ही, 2024 के लोकसभा चुनाव में जिले में सबसे कम वोटर टर्नआउट (वीटीआर) को बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी दलों से वीटीआर बढ़ाने हेतु सक्रिय भागीदारी की अपील की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### इश्तेहार वारंटी गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के अमावां गांव से पुलिस बलों ने एक इश्तेहार वारंटी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट द्वारा निर्गत इश्तेहार वारंट के आलोक में अमावां गांव से रविवार को गुप्त सूचना के आलोक में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वांछित इश्तेहार वारंटी की पहचान अमावां गांव निवासी यूसुफ धुनियां के पुत्र राजू धुनियां के रूप में हुई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार वारंटी के स्वास्थ्य जांच के बाद सोमवार को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### सिंचाई योजनाओं का टेंडर जारी

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। गोविंदपुर विधानसभा के विधायक मोहम्मद कामरान के प्रयास के बाद विधानसभा अंतर्गत कौआकोल,रोह एवं गोविंदपुर प्रखण्ड के किसानों के लिए कृषि कार्य हेतु सिंचाई के लिए कई आहर एवं पईन के जीर्णोद्धार के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल प्रखण्ड में विधायक के पहल पर बराक तरी पईन सिंचाई योजना के लिए जीर्णोद्धार राशि 1 करोड़ 50 लाख,सरौनी आहर पईन का जीर्णोद्धार राशि 4 करोड़ 69 लाख,चनवा आहर से मरफा आहर पईन सिंचाई योजना जीर्णोद्धार राशि 6 करोड़ 1 लाख का टेंडर निकाला गया है। वहीं गोविंदपुर प्रखण्ड अंतर्गत लिलवा मारन आहर पईन सिंचाई योजना के तहत जीर्णोद्धार राशि 2 करोड़ 23 लाख का जबकि रोह प्रखण्ड अंतर्गत कोशडीहरा पईन (गंगोई पईन से सियूर पोखर सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार राशि 1 करोड़ 28 लाख, देवनपुरा पईन सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार राशि 1 करोड़ 67 लाख, रोहईन पईन सिंचाई योजना जीर्णोद्धार राशि 2 करोड़ 16 लाख एवं मरूई पईन सिंचाई योजना जीर्णोद्धार राशि 3 करोड़ 40 लाख का टेंडर निकाला गया है। विधानसभा अंतर्गत तीनों प्रखंडों में एक साथ 8 आहर पईन के जीर्णोद्धार हो जाने के बाद किसानों को सिंचाई में काफी सुविधा मिल सकेगी। किसानों ने इस कार्य के लिए काफी खुशी जताते हुए विधायक के प्रति आभार जताया है। विधायक मोहम्मद कामरान ने बताया कि सदन में उनके द्वारा मांग उठाये जाने के बाद कौआकोल प्रखण्ड में 30 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए पांच करोड़ 29 लाख रुपये की राशि का भी टेंडर निकाला गया है।

### आम का पौधा देकर किया गया सम्मानित



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड के कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा में सोमवार को किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसान गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को कृषि सम्बंधित कई जानकारी दी गई एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि किसानों को उन्नत खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं किसानों को विभिन्न फसलों मे लगने वाले रोग, बीमारियों एवं उसके निराकरण के बारे में भी जानकारी दी गई। वैज्ञानिक रौशन कुमार द्वारा आलू उत्पादन के बारे में किसानों को बताया गया। आलू की खेती एवं रोपाई के तरीके के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर रविकांत चौबे, डा० अनुज्ञा भारती, अंगद कुमार, सुमिताप रंजन, अनिल कुमार समेत जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये हुए 50 किसान मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी किसानों के बीच आम का पौधा वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### हजारों रुपये मूल्य की बिचाली जलकर राख

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। कौआकोल थाना क्षेत्र के मंझिला पंचायत अंतर्गत लोहसिंघानी गांव में रविवार की देर शाम एक किसान के खलिहान में लगे पूंज में अचानक आग लग जाने से हजारों रुपये मूल्य की बिचाली जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के प्रयास के बाद आग पर किसी तरह से काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान कुलदीप यादव के खलिहान में धान के बिचाली में अचानक किसी ने आग लगा दी। जिससे बिचाली जलकर राख हो गया। इस आगजनी की घटना में किसान को लगभग दस हजार रुपये से अधिक की क्षति पहुंची है।

### अनुसूचित परिवारों को कंबल बांटे गए



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कौआकोल प्रखंड के महुडर पंचायत अंतर्गत मननपुर, लालपुर तथा सोखोदेवरा पंचायत के बंगवाटांड़, शिवपुर, पावापुरी, गोवरैया एवं पचम्बा अनुसूचित टोला में प्रखंड प्रशासन की ओर से अनुसूचित परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर ठंड के मद्देनजर अनुसूचित परिवारों को कंबल उपलब्ध कराया गया। मौके पर प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेश नाथ चौधरी मौजूद रहे।

### छापेमारी में दर्जनों लीटर शराब जप्त

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने रविवार की रात में छापेमारी की। इस मौके पर पीएसआई निवास कुमार व एएसआई मुकेश कुमार ने पुलिस बल के सहयोग से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके पर विभिन्न गांवों से 99 लीटर महुआ शराब, शराब निर्माण करने वाले उपकरण के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, वही एक आरोपी भाग गया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा छिलका पर गांव में बाल्मीकि चौहान को 57 लीटर महुआ शराब के साथ, रामलगन चौहान को 10 लीटर महुआ शराब व शराब निर्माण करने वाले उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 448/2024 दर्ज किया गया। इसके अलावा भलुआ गांव में 32 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ है। आरोपी के विरुद्ध कांड संख्या 449/2024 दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पानी में डूबने से मजदूर की मौत

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कोचगांव पंचायत अंतर्गत जयंत नगर मुसहरी के समीप पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान दासो मांझी का 35 वर्षीय पुत्र बबलू मांझी के रूप में किया गया है। बबलू का मौत पानी में डूबने से हो गया। मृतक की पहचान पानी से निकालने के बाद किया गया है। बताया गया है कि मृतक बबलू मांझी अपने घर का एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति था। उसे एक पुत्र एवं दो पुत्री हैं, जिसका लालन-पालन का जिम्मा मृतक बबलू पर था। इनके मौत के बाद परिवारजनों में मातम छा गया, परिजनों ने कहा हमारी तो दुनिया हीं उजड़ गया, अब हमें देखने वाला कौन है। लाश मिलने की सूचना के बाद पहुंचे समाजसेवी लाल बहादुर उर्फ गोल्डन सिंह, समाजसेवी परी लाल सिंह एवं मुखिया प्रतिनिधि कुमुद सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त किया है एवं मृतक के परिवार को मुखिया के द्वारा कबीर अंत्येष्टि तहत 3000 रुपया प्रदान किया गया। सुबह में सूचना मिली कि वारिसलीगंज थानाक्षेत्र के सिमरी और कोचगांव के बीच के नहर में शव पड़ा है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकाली, जिसके बाद उसकी पहचान जयंत नगर मुसहरी निवासी बबलू मांझी के रूप में किया गया है। रूपेश कुमार सिन्हा, थानाध्यक्ष वारिसलीगंज ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा है।

# अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर हुई बैठक

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति, नवादा की बैठक आयोजित हुई। सर्वप्रथम इस बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि अत्याचार का सम्पूर्ण निवारण एवं पीड़ितों को त्वरित गति से न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को इसके प्रति सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निदेश दिया कि पेंशन का भुगतान हमेशा अद्यतन रखें। आवश्यकता के अनुसार उक्त मदों में आवंटन की मांग करते हुए पेंशनरों एवं गंभीर मामलों के पीड़ितों को तत्परता के साथ भुगतान करना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने बताया कि जो भी मजदूर भट्ठे पर जाते हैं, उनका सर्वे विकास मित्र के द्वारा किया जा रहा है। पलायन होने वाले मजदूर अपने बच्चों को वहीं रहने वाले किसी रिश्तेदार के पास रखकर जायें ताकि आने वाले भविष्य में बच्चे साक्षर हों। पलायन होने वाले मजदूर अगर बच्चे को साथ लेकर जाते हैं तो उसे भी दोषी माना जायेगा एवं बाल श्रम अधिनियम के तहत उसपर कार्रवाई की जायेगी। जिला पदाधिकारी ने सभी जन प्रतिनिधियों से कहा कि ठेकेदार अगर पलायन करते हुए पकड़े जायेंगे तो उसकी सूचना जिला प्रशासन को अवश्य दें ताकि सम्मिलित ठेकेदारों पर जिला प्रशासन की तरफ से कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जीविका के माध्यम से पलायन होने वाले मजदूरों के लिए सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाएं चलायी गयी है। उनके जीविकोपार्जन के लिए जीविका के माध्यम से लोन दिया जायेगा ताकि वो अपने परिवार का भरण-पोषण यहीं कर सके। समीक्षा के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत वर्ष 2024 में दर्ज कांडों की संख्या-258, भुगतान किये गए कुल कांडों की संख्या 240, 08 स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन, 08 मामले लंबित हैं। पेंशन भुगतान से संबंधित पेंशनधारियों की संख्या कुल 40 है तथा माह नवम्बर 2024 तक सभी पेंशनधारियों को पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। अधिनियम एवं नियम के उपबंधों एवं विभागीय संकल्प संख्या-1825 दिनांक 19.09.2020 के प्रावधानानुसार नौकरी की भी समीक्षा की गई। हत्या के मामलों में द्वितीय किस्त भुगतान हेतु आरोप पत्र प्राप्त कांडों की संख्या-02 है, द्वितीय किस्त भुगतान कर दिया गया है। प्रतिदिन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नोडल पदाधिकारी से प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना/प्राथमिकी की प्रति औपचारिक रूप से उपलब्ध करायी जा रही है, जिसे प्रतिदिन विभागीय पोर्टल पर प्रविष्ट किया जा रहा है। आरोप पत्र लंबित काण्डों की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि विभागीय पोर्टल पर कुल प्रविष्ट किये गए कांडों की संख्या-1239, प्रथम भुगतान किये गए कांडों की संख्या-1221, आरोप पत्र के आधार पर द्वितीय किस्त भुगतान किये गए कांडों की संख्या-787, पोर्टल पर दर्ज प्राथमिकी में से अंतिम आरोप पत्र/तथ्य की भूल वाले मामले की संख्या-109, द्वितीय किस्त भुगतान/अंतिम आरोप पत्र हेतु प्रक्रियाधीन-90, द्वितीय किस्त भुगतान हेतु आरोप पत्र अप्राप्त काण्डों की संख्या-253 एवं अनुसंधान जारी कांडों की संख्या-142 है। पीड़ित/आश्रित/साक्षियों को अन्वेषण, सुनवाई हेतु यात्रा भत्ता/दैनिक भरण-पोषण भत्ता के संबंध में बताया गया कि थाना से प्राप्त/माननीय न्यायालय में उपस्थित से संबंधित प्रतिवेदन के आधार पर कुल 19 पीड़ितों को यात्रा भत्ता/दैनिक भरण पोषण का भुगतान उनके खाता में भुगतान कर दिया गया है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि, विधान परिषद प्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक नवादा अभिनव धीमान, अपर समाहर्त्ता नवादा चन्द्रशेखर आजाद, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, एसडीपीओ नवादा सदर/रजौली/पकरीबरावां, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धूम-धाम से मनाया गया मॉडर्न रेसीडेंसियल पब्लिक स्कुल का 20वां वार्षिकोत्सव समारोह

निज संवाददाता | नवादा




नगर के मिर्जापुर स्थित मॉडर्न रेसीडेंसियल पब्लिक स्कुल का 20वां वार्षिकोत्सव विद्यालय परिसर में समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजेश्वर प्रसाद विशिष्ट अतिथि राशिद जावेद, संजय कुमार निराला फिजिक्स वाला, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार जीतू,आर पी साहू, निदेशक रामचंद्र कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आये अतिथियों का स्वागत स्कूली छात्राओं ने स्वागत गान से किया। समारोह का मंच संचालन अर्णव एवं अंकिता ने सफलता पुर्वक बहुत ही बेहतरीन ढंग से सम्पन्न कराया। समारोह में आये अतिथियों का स्वागत निदेशक रामचंद्र कुमार सोनी ने अंग वस्त्र एवं बुके देकर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने विद्यालय के बच्चो द्वारा दी गयी सांस्कृतिक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा की विधालय का वार्षिकोत्सव विद्यालय का आईना होता है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा तरासे गए प्रतिभा की प्रस्तुति ने हम सबों का मन मोह लिया है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा की निदेशक सोनी के नेतृत्व में विद्यालय हमेशा अपने अविभावकों के आकांक्षाओं पर खरा उतरकर शिक्षा के क्षेत्र में नवादा वासियों के लिये वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा की सोनी एवं उनकी धर्म पत्नी सह प्राचार्य पायल वर्मा ने अपने मेहनत एवं दृढ़ इच्छा शक्ति के बदौलत लम्बे अरसे से प्रतिभाओं को तरास रहें हैं। उन्होने कहा की यह विद्यालय सिमित संसाधनों में प्रत्येक बर्ष नवोदय, नेतरहाट जैसे प्रतियोगी परीक्षा में बच्चों को सफल कराते हैं। इतना ही नहीं शिक्षा के अलावे खेल एवं विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा में भी विद्यालय का बेहतर प्रदर्शन रहता है इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, संगीत और प्रहसन की प्रस्तुतियों ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों और अतिथियों ने निदेशक रामचंद्र सोनी के जन्म दिवस पर उन्हें बुके एवं केक काटकर जन्मोत्सव मनाया।समारोह में बच्चों ने एकल गायन, समूह नृत्य, देश भक्ति गीत, पर्यावरण पर आधारित गीत, बाल बाल विवाह, लघु नाटक ओल्ड एज होम में रह रही वृद्ध मां के अपने पुत्र के लिये निहारती निगाहें उपस्थित लोगों की आंखे नम कर दी। वक्ताओं ने प्रस्तुति पर संमोहित होकर कहा की बच्चों ने समाज को आईना दिखाया है की बूढ़ो के लिये अब नहीं कमरा मकान में। लगने लगा हैं विस्तर उनका दालान में।समारोह में किरण, रागिनी, संजना, अपराजिता, आयुषी, मानवी, सानवी, दीपिका, स्नेहा, ईशा, अपराजिता, शिवम, अक्षय सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं के द्वारा दी गयी सांस्कृतिक प्रस्तुति ने उपस्थित अविभावकों का मन मोह लिया। समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले समूह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निदेशक ने समारोह के सफल आयोजन में सहयोग करने बाले सभी सहयोगियों एवं समारोह में आये अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर श्याम राज वर्मा, मुकेश कुमार, डॉ मनोज कुमार, राजेंद्र प्रसाद, डॉ भोला प्रसाद कुशवाहा, इंद्रपाल जौनसन, अरुंजय मेहता, पत्रकार मिथिलेश कुमार, कृष्ण मुरारी, कृष्ण चौधरी, उमाशंकर प्रसाद, सुबोध कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में अविभावक मौजूद थे।

# डिज्नीलैंड का हुआ शुभारम्भ



निज संवाददाता | हिसुआ (नवादा)

प्रखंड मुख्यालय में डिज्नीलैंड मेला का शुभारम्भ शहर के राजगीर रोड स्थित जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के समीप डिज्नीलैंड मेला का सोमवार की संध्या भव्य उद्घाटन किया गया। शहर के दर्जनों बुद्धिजीवियों के मौजूदगी में जिले के चर्चित शिक्षाविद आरपी साहू ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मेला संचालक विक्रम कुमार एवं रोबिन कुमार तथा मोहम्मद नन्हू समेत कई बुद्धिजीवियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर डिज्नीलैंड मेले का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य द्वार को आकर्षक तरीके से सजाया गया : उद्घाटन के दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद थे। डिज्नीलैंड मेला के मुख्य द्वार को काफी आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जो पूरे शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेला प्रबंधन विक्की कुमार ने बताया कि हमारे मेले में सबसे बड़ी बात यह है कि बड़े -बड़े और आकर्षक झूले लगे है। बच्चे के खेलने के लिए घूमने के लिए अनेकों चीजों की उपलब्धता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे मेले में कम से कम एक सौ से ऊपर स्टॉल लग रहे हैं। हमारे मेले में कई शहरों से विभिन्न प्रकार की दुकानें आ रही है। CCTV से होगी मेले की निगरानी : मेला में 06 अलग-अलग प्रकार के झूले लगाए गए हैं। बच्चों के लिए मोटरसाइकिल समेत कई झूले हैं उन्होंने बताया कि मेला की टाइमिंग दोपहर तीन बजे से रात्रि 10:00 तक की होगी। साथ ही उन्होंने बताया यह मेला महीनों दिनों तक चलेगा। गौरतलब हो कि यहां रशियन झूले, तारामाची, नाव ड्रैगन, ट्रेन, ब्रेक डांस, चांद, तारा, मिनी ट्रेन, सुपर ड्रैगन, टोरा टोरा, मिकी माउस के अलावा कई आकर्षक झूले हैं। साथ ही साथ यहां खाने-पीने के स्टॉल भी लगाए गए हैं। इसमें चाट, दार्जिलिंग मोमोज, गोलगप्पा, चाऊमीन, रोल, मिठाई की दुकानें हैं।

# विधायक मोहम्मद कामरान के पहल पर वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

» बजरंगबली मंदिर तक 1.400 किमी और पीडब्ल्यूडी कौआकोल रोड से कटनी तक 1.820 किमी सहित अन्य सड़कों का शिलान्यास किया जाएगा।

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले नवादा जिले के गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात मिलने जा रही है। गोविंदपुर, कौआकोल और रोह प्रखंडों में वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करने के लिए स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान की पहल पर 18 नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा। 25 दिसंबर को रोह प्रखंड में रोह-रूपौ पीडब्ल्यूडी पथ से भंडाजोर तक 3.850 किमी, रोह-सिउर पथ से दुआरी तक 2.630 किमी, दिरमोबारा कुंज-कुंजैला पथ से डुमरी तक 3.400 किमी और रोह-रूपौ पथ से मडरा तक 1.00 किमी लंबी सड़कों का शिलान्यास किया जाएगा। 26 दिसंबर को गोविंदपुर प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत खिरकीपर से सकरपुरा भाया महादलित टोला तक 1.950 किमी, सरकंडा पथ से सरस्वती बिगहा तक 0.360 किमी, कर्पूरी नगर पथ से रविदास टोला तक 2.240 किमी और जीटीएसएनवाई पथ से सोरहा तक 0.680 किमी लंबी सड़कों का शिलान्यास होगा। 28 दिसंबर को कौआकोल प्रखंड में पचंबा रोड से बिरहोर टोला तक 0.890 किमी, कचना-कौआकोल रोड से भोरमबाग बजरंगबली मंदिर तक 1.400 किमी और पीडब्ल्यूडी कौआकोल रोड से कटनी तक 1.820 किमी सहित अन्य सड़कों का शिलान्यास किया जाएगा। विधायक मोहम्मद कामरान ने बताया कि ये सभी योजनाएं ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को ध्यान में रखते हुए शुरू की जा रही हैं। उनके प्रयासों से इन सड़कों का निर्माण संभव हो रहा है, जिससे इलाके की जनता को काफी राहत मिलेगी। विधायक के इस प्रयास की क्षेत्र में सराहना हो रही है, और लोग इसे विकास की दिशा में बड़ा कदम मान रहे हैं। इन सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र में विकास की नई राहें खुलेंगी।

# नया साल में पिकनिक मनाने से डैम पर दूर-दूर जुटते हैं सैलानी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



नए साल का जश्न मनाने के लिए रजौली फुलवरिया डैम आसपास के लोगों के लिए सबसे बेहतरीन स्पॉट है। जहां पर रजौली व नवादा के अलावे आसपास के क्षेत्रों से सैलानी लोग आकर जश्न मनाते हैं। यहां पहुंचकर लोगों की पिकनिक का जश्न दोगुना हो जाता है। प्रकृति की गोद में बसे इस जगह की खासियत ही ऐसी है कि लोग जबरन ही खिंचे चले आते हैं। डैम का नजारा काफी सुंदर दिखता है। डैम के तीनों ओर श्रृंगी ऋषि पहाड़ रहने के कारण इस डैम का सौंदर्य काफी बढ़ जाता है। जिससे लोग नए साल पर पिकनिक मनाने को लेकर खींचे चले आते हैं। पूरे अनुमंडल क्षेत्र में रजौली फुलवरिया डैम हीं एक ऐसा स्पॉट है, जो प्राकृतिक सौंदर्य ओतप्रोत है, जिससे देखने के लिए आस पास के लोग हीं नहीं दूर-दूर से लोग यहां के सौंदर्य, रमणीक वातावरण एवं डैम में चलने वाले नाव के मजा लेने को देख कर लोग बरबस ही यहां खिंचे चले आते हैं। बताते चलें कि यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल जीवन हरियाली यात्रा के दौरान आए और इसे पिकनिक स्पॉट बनाने को लेकर चर्चा भी किए थे। मुख्यमंत्री के बाद में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने रजौली के हरदिया पहुंचकर फुलवरिया डैम का जायजा लिया था। हरदिया डैम पहुंचने पर उन्होंने डैम की भव्यता को देखकर कहा था कि यहां पर पर्यटन की असीम संभावनाएं दिख रही हैं। इससे बेहतर रमणीक जगह जिले में और कहीं नहीं है।चारों तरफ से घिरे पहाड़ के बीच में इतना विशाल व भव्य डैम वाकई प्रकृति के सौंदर्य को बढ़ाने में चार चांद लगा रहा है। उनके द्वारा कहा गया था कि पर्यटन स्थल के रूप में विकास किए जाने के बाद राज्य व इसके बाहर के क्षेत्रों से हजारों पर्यटक यहां पर घूमने पहुंचेंगे। जो डैम व पहाड़ों के बीच के मनोरम दृश्यों का लुत्फ उठाएंगे। जिससे रजौली प्रखंड के साथ-साथ रजौली अनुमंडल विकास के पथ पर अग्रसर होगा। हालांकि उस वक्त मंत्री ने पर्यटन स्थल के रूप में इसे विकसित करने के लिए नवादा के तत्कालीन डीएम को इससे संबंधित प्रस्ताव भी विभाग को भेजे जाने का निर्देश दिया था। मंत्री के दौरा करने पर रजौली के लोगों में यह आस जग गई थी कि आज नहीं तो कल फुलवरिया डैम को पर्यटक के रूप में विकसित किया जाएगा। लेकिन उनके आगमन के लगभग एक वर्ष के बाद भी लोग डैम का सौंदर्यीकरण होने की आशा लगाये हुए हैं। लोग कहते हैं कि सौंदर्यीकरण के बाद सैलानियों का आवागमन बढ़ जाता एवं क्षेत्र के लोगों को व्यवसाय करने का मौका मिलता। जबकि डैम पर प्रत्येक वर्ष दूर-दूर से सैलानी अपने परिवार के संग नववर्ष का जश्न मनाने आते हैं। साथ ही साथ खुद अपने हाथों से तरह-तरह का व्यंजन बनाकर पिकनिक का मजा लेते हैं। डैम के तीन तरफ पहाड़ है। जिसमें दो तरफ आबादी बसी हुई है। ऐसे तो लोग प्रत्येक दिन यहां आते हैं। क्योंकि इस डैम में बहुउद्देशीय जल ग्रामीण योजना के तहत पानी टंकी बनाया गया है। साथ ही साथ रोजाना यहां पर मल्लाह के द्वारा मछली मारने का भी कार्य किया जाता है। जिससे सरकार को करोड़ों रुपये राजस्व के रूप में भी मिल रही। वहीं नए साल पर काफी लोग यहां पिकनिक का मजालेने पहुंचते हैं। हालांकि इस दौरान पुलिस भी काफी चुस्त दुरुस्त रहती है। हरदिया स्थित फुलवरिया डैम के पर्यटन स्थल बनाये जाने से आसपास के लोगों के लिए बहुत सारे रोजगार का सृजन हो सकता है। नवादा के वर्तमान जिलाधिकारी रवि प्रकाश भी डैम का निरीक्षण कर इसे पर्यटन स्थल बनाये जाने की पहल कर रहे हैं। आसपास के ग्रामीण बीते कई वर्षो से आयुक्त, डीएम व मंत्री के दौरे के बाद फुलवरिया डैम को पर्यटक स्थल बनाये जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। किंतु अबतक फुलवरिया डैम को पर्यटक स्थल बनाये जाने को लेकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं देखी गई है। इससे रोजगार की तलाश में जुटे ग्रामीण निराश हो रहे हैं। नववर्ष, मकर संक्रांति, बसंत पंचमी एवं रक्षा बंधन को छोड़कर फुलवरिया डैम एकदम वीरान रहता है और इसका फायदा शराब माफिया भरपूर उठाते हैं। आये दिन पुलिस बलों एवं उत्पाद बलों द्वारा शराब एवं शराब धंधेबाजों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है।इससे ये कहना कतई गलत नहीं होगा कि फुलवरिया डैम में पसरे सन्नाटे का शराब धंधेबाज भरपूर फायदा उठा रहे हैं। यदि फुलवरिया डैम को पर्यटक स्थल बनाया जाता है, तो शराब धंधेबाजों की सक्रियता पर बहुत हद तक लगाम लगाया जा सकता है।

# पुलिस ने तीन नामजद अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के गैरिबा गांव में घर के सामने कचरा फेंकने से उपजे विवाद में एक पक्ष के दिव्यांग युवक समेत दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज किये जाने के बाद महिला डेस्क प्रभारी सह एसआई पिंकी कुमारी ने तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार की। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गैरिबा गांव निवासी पवन कुमार की पत्नी रीना देवी ने थाने को लिखित आवेदन देकर बताया कि बीते 21 दिसम्बर की सुबह पड़ोसी स्व जगदीश महतो के पुत्र सुबोध कुमार एवं बिनोद प्रसाद की पत्नी सुलेखा देवी द्वारा घर के सामने कचरा फेंक दिया गया। जिसका विरोध रीना देवी व उनके दिव्यांग पति पवन कुमार द्वारा किया गया एवं साफ-सफाई के उद्देश्य से फेंके गए कचरे को जला दिया गया। उसी दिन रात्रि लगभग 7:30 बजे पड़ोसी सुबोध कुमार, बिनोद कुमार के पुत्र सूरज कुमार और पुत्री रवीना कुमारी व प्रीति कुमारी एवं बिनोद कुमार की पत्नी सुलेखा देवी हाथ में टांगी व लोहे के रॉड आदि लेकर जबरन घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगे, जिसका विरोध किये जाने पर उक्त लोगों ने टांगी से मेरे पति पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में मेरे पति के सिर से खून बहने लगा और वे बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। मेरे पति को बचाने के लिए आई मेरी गोतनी सुषमा देवी पर भी सूरज कुमार द्वारा लोहे के रॉड से सिर पर हमला कर उसे भी बुरी तरह घायल कर दिया गया। वहीं साथ मे रहे अन्य लोगों ने गोतनी के गले से सोने का चैन व कनवाली एवं घर में जमीन बेचकर रखे हुए एक लाख रुपये नगदी की लूट कर ली। साथ ही मेरे साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए कपड़े को फाड़ दिया। वहीं हल्ला-हंगामा सुनकर जब आसपास के लोग दौड़े, तो सभी लोग भाग खड़े हुए। ग्रामीणों की मदद से घायल पति व गोतनी के इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में चिकित्सक ने दोनों का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज किया गया एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बलों ने नामजद अभियुक्त सुबोध कुमार, सुलेखा देवी एवं प्रीति कुमारी को रविवार को गिरफ्तार किया। साथ ही बताया कि गिरफ्तार तीनों लोगों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# समाय पैक्स के सदस्यों ने धान अधिप्राप्ति के लिये दूसरे पैक्स से टैग करने की किया मांग

» जिला प्रशासन जल्द से जल्द समाय पैक्स को निकट के किसी पैक्स के साथ टैग करें ताकि किसान अपना फ़सल(धान) को सरकारी मूल्य पर बेच कर लाभ उठा सकें।

निज संवाददाता | नवादा

सदर प्रखंड अंतर्गत समाय प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लि (समाय पैक्स) के कार्यकारणी का बैठक नवादा स्थित सहकार भवन में जिला सहकारिता अधिकारी के अध्यक्षता में हुआ। जिसमें अध्यक्ष समेत कुल छह(6) कार्यकारणी के सदस्य शामिल हुए।प्रबंधक सत्येंद्र कुमार 2023-2024 के धान अधिप्राप्ति में खारंट पैक्स में हुए 57 लाख रुपये की धान गवन के आरोप में फरार चल रहे हैं। जिसके कारण समाय पैक्स में कोरम का आभाव बना हुआ है।सरकार के अति महत्वकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति में समाय के किसानों को परेशानी आ रही है। जिला प्रशासन जल्द से जल्द समाय पैक्स को निकट के किसी पैक्स के साथ टैग करें ताकि किसान अपना फ़सल(धान) को सरकारी मूल्य पर बेच कर लाभ उठा सकें। पैक्स के सदस्यों ने जिला सहकारिता पदाधिकारी से किसानों की समस्याओं के निदान के लिये अतिशीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग किया है ताकि किसानों को सरकार के द्वारा धान का समर्थन मूल्य पर धान क्रय किया जा सके। सदस्यों ने आशंका जताई की अगर धान अधिप्राप्ति में देर हुई तो किसान व्यवसाईयों के हाथो धान बेचने पर मजबूर हो सकते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 5 जनवरी को पटना में सहारा भुगतान सम्मेलन

**आरा**। सहारा भुगतान संघर्ष मोर्चा के संयोजक क्यामुद्दीन अंसारी व सह संयोजक राजू प्रसाद चंद्रवंशी ने प्रेस रिलीज में कहा कि 5 जनवरी 2025 को पटना मे सहारा भुगतान सम्मेलन होगा। देश के सबसे कमजोर करोड़ों निवेशकों के रुपये उनके आंखों के सामने लूट लिए गये। पांच हजार से जयादा निवेशक व कार्यकर्ता पैसे मिलने का इंतजार करते -करते मर गये। दूसरी तरफ कंपनी के मालिक की करोड़ों रुपये की शादी मे राजनेता, नौकरशाह, न्यायपालिका के लोग व बॉलीवुड सब एक साथ थिरकते नजर आते है। सहारा श्री सुब्रत राय के तिलस्म के जमाल मे 14 लाख कार्यकर्ता परिवार अपनी बर्बादी की कहानी देख रहे हैं। पटना मे सहारा भुगतान सम्मेलन के मुख्य अतिथि आरा के सांसद सुदामा प्रसाद रहेंगे। प्रचार अभियान में राजू प्रसाद चंद्रवंशी, रणधीर सिंह राणा, मो. फैज व फिरोज आलम,थे।

### मेगा स्वास्थ्य शिविर में दो हजार लोगों की निःशुल्क जांच हुई

**आरा**। सनदिया के रतनपुर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर रविवार को लगाया गया। यह स्वास्थ्य शिविर अधिवक्ता स्व अनिल कुमार सहाय की स्मृति मे लगाया गया। जिसमे लगभग 2000 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, पैथोलॉजी जांच एवं दवा का वितरण किया गया। शिविर में फिजिशियन डॉ केएन सिन्हा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एसके रूंगटा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ कुमार जीतेन्द्र समेत डॉ दिलीप जी सहाय, डॉ रणजीत कुमार सिंह, डॉ बाला जी श्रीवास्तव, डॉ अमित जायसवाल, डॉ लोकेश कुमार, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ विवेक राज, डॉ प्रशांत कुमार गुप्ता व डॉ अमित कुमार ने विभिन्न रोगों के मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। हेल्थ हेवन के जांच टीम ने खून व अन्य तरह की जांच की। इस दौरान डॉ अमित जायसवाल ने करीब 20 लोगों का ईसीजी भी किया। अल्ट्रा साउंड के चयनित लोगों को सोमवार को डॉ बाला जी के माध्यम से अल्ट्रा साउंड निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में 27 लोगो को मोतिया बिंद मरीजों का चयन किया गया, चयनित मरीजों को डॉ रूंगटा के द्वारा लेंस लगाया जाएगा।

### 16 वें वार्षिकोत्सव पर माउंट लिट्रा जी विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**आरा**। माउंट लिट्रा जी विद्यालय, बामपाली में 16 वें वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने नृत्य एवं देवी आराधना से की। छोटे-छोटे बच्चों ने सर्कस और रैंप वॉक इत्यादि पर अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केसी सिन्हा थे। उन्होंने ने कहा कि भोजपुर की धरती से एक से बढ़कर एक वीर और विद्वान निकले हैं। प्राचार्या डॉ सहाया मेरी ने विद्यालय का वार्षिक ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का अपना बहुमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार और संचालन शिक्षक सुमित कुमार व कुमारी रेखा ने की। मौके पर पटना साइंस कॉलेज के भौतिकी विभाग प्रमुख डॉ शंकर कुमार, बिजनेस हेड विकास श्रीवास्तव, जेबा तस्लीम, रीजनल मैनेजर अमरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सुचिता जैन , प्राचार्या डॉ सहाया मेरी , प्रधानाध्यापक रत्नेश चौबे, प्रधानाध्यापिका सोनी चौधरी , समन्वयक विजय कुमार आदि रहे।

### स्कूल के विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**आरा**। दिल्ली पब्लिक स्कूल,(डीपीएस) उदवंतनगर में वार्षिक उत्सव हुआ। मुख्य अतिथि आईआईटीटी, मद्रास प्रो संजय कुमार ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार और छात्रों के बहुमुखी विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। संस्थापक रजनीश कुमार ने अपने उद्बोधन में वार्षिकोत्सव को विद्यालय के बच्चों के परिवारों के बुजुर्गों को समर्पित किया। कक्षा सातवीं के विद्यार्थीगण महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक शानदार प्रस्तुति दी। यह नृत्य ''''फियर्स वॉरियर्स'''' शीर्षक से महिलाओं की शक्ति और धैर्य को समर्पित है। ग्रैंड फिनाले में एकेडमिक मेंटर संघमित्रा घोष ने बच्चों को हीरो वॉरियर्स की तरह जीवन की महान लड़ाई को सफलतापूर्वक लड़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में एंकर की भूमिका नंदिता रोहिणी, आदिका राज, रिधिमा राणा एवं सिद्धि ने निभाई।

### जिले के 7 उर्वरक दुकानों का लाईसेंस निलंबित

**बक्सर**। जिले के किसानों को उर्वरक बेचने में लापरवाही करने व अनियमितता के मामले में जिला कृषि पदाधिकारी अविनाश शंकर द्वारा 7 उर्वरक दुकानों का लाईसेंस निलंबित किया गया है। वहीं 34 दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उसमें मेसर्स खुशबू खाद भंडार, प्रोपराइटर खुशबू देवी, ग्राम महावीर चौक उनवास, पोस्ट उनवास, प्रखंड इटाढ़ी, जिला बक्सर। मेसर्स सेवा कृषि भंडार, प्रोपराइटर मुक्ति नारायण राय, ग्राम+पोस्ट सरेंजा, प्रखंड चौसा, मेसर्स गणपति खाद भंडार, प्रोपराइटर पंकज तिवारी, ग्राम+पोस्ट केसठ, प्रखंड केसठ, मेसर्स खलिहान, प्रोपराइटर विकास कुमार, ग्राम+पोस्ट नया भोजपुर, प्रखंड डुमरांव, मेसर्स विकास बीज भंडार, प्रोपराइटर दिनेश सिंह, ग्राम+पोस्ट पुराना भोजपुर, प्रखंड डुमरांव, मेसर्स चुनमुन खाद भंडार, प्रोपराइटर अनिल कुमार यादव, ग्राम बलुआ, पोस्ट कमरपुर, प्रखंड बक्सर, मेसर्स केडीपी एग्रो मार्ट, प्रोपराइटर प्रियंका कुमारी, ग्राम+पोस्ट कलेक्ट्रेट रोड, प्रखंड बक्सर शामिल है। कृषि विभाग के सचिव के निर्देश पर 7 दिसम्बर 2024 को बक्सर जिलांतर्गत कुल 105 उर्वरक प्रतिष्ठानों की भौतिक स्थलीय जांच की गई थी।

### तीन दिनों से सड़क पर पड़ा है दुर्घटनाग्रस्त वाहन, परेशानी

**गड़हनी**। स्थानीय गड़हनी नगर पंचायत के डेवढ़ी मोड़ पर भूंसा लदी एक ट्रक तीन दिन से पलट कर वही पड़ी है। और आज तक भी वही खड़ी है। आज शाम दो क्रेन लगाकर हटाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि ये ट्रक आरा- सासाराम स्टेट हाईवे पर खड़ी है। बता दे कि 19 दिसंबर के सुबह बैक करने के दौरान ट्रक पीछे गढ़ा में चली गई और अगले इंजन ऊपर उठ गया था। ट्रक का अगला आधा हिस्सा सड़क पर है यदि ट्रक वहा से नही हटी तो रात में कभी भी दुर्घटना हो सकती है। 19 दिसंबर को भी दो क्रेन से निकालने की कोशिश की गई थी लेकिन नही निकल पाया और अभी भी वही पड़ी है। खबर लिखे जाने तक ट्रक अभी निकली नही थी और क्रेन से निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

### कोर्ट क्लर्क नियुक्तियों के लिए 13 केंद्रों पर हुई परीक्षा, 80% परीक्षार्थी शामिल

**आरा**। शहर के 13 केंद्र पर सिविल न्यायालयों में क्लर्क के पद पर नियुक्ति के लिए रविवार को लिखित परीक्षा हुई। इस परीक्षा पटना, दरभंगा, समस्तीपुर, लखीसराय सहित अन्य जिलों से आए अभ्यर्थियों ने भाग लिया। यह परीक्षा दो पाली में संचालित हुई। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से चार बजे तक हुई। परीक्षा में परीक्षार्थियों की उपस्थिति 80% रहा।परीक्षार्थियों को परीक्षा हाल के भीतर प्रवेश करने से पहले गहन तलाशी ली गई। महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए अलग से व्यवस्था केंद्र पर की गई थी। सभी परीक्षा केंद्र पर ऑब्जर्वर की नियुक्ति हुई थी। परीक्षार्थियों पर नकेल कसने के लिए परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की भी तैनाती रही। सभी परीक्षा के दौरान मुस्तैद नजर आए।। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ति दल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। जानें किन केंद्रों पर हुई परीक्षा 13 केंद्र पर क्लर्क के पद पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा हुई। इनमें डॉ नेमीचंद शास्त्री गर्ल्स प्लस टू विद्यालय, हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू स्कूल, राजकीय कन्या प्लस टू हाई स्कूल, श्री जैन कन्या पाठशाला, पीएमजे कॉलेज, बीएसडीएवी नवादा, टाउन प्लस टू हाई स्कूल, हर प्रसाद दास जैन प्लस टू विद्यालय, एचडी जैन कॉलेज, अमीरचंद प्लस टू हाई स्कूल, कैथोलिक मिशन स्कूल, राम जानकी प्लस टू उच्च विद्यालय, उदवंतनगर और मानो बैजनाथ कुलहड़िया हाई स्कूल केंद्र पर परीक्षा संचालित हुई।

# NH-319A के निर्माण के लिए विशेष कैंप का आयोजन



♦ 24 दिसंबर को होगा कार्यक्रम, रैयतों को आवश्यक दस्तावेज लाने का निर्देश

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के माध्यमिक विद्यालय चुन्नी में 24 दिसंबर को भू अर्जन पदाधिकारी के निर्देशानुसार NH-319A (मोहनिया-रामगढ़-चौसा-बक्सर) के निर्माण में तेजी लाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य हितबद्ध रैयतों से आवेदन प्राप्त करना, उनकी जांच करना और मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है।

**रैयतों को किया गया सूचितः** अंचल अधिकारी चौसा ने कैंप के आयोजन की सूचना संबंधित मौजों के रैयतों को माइक प्रचार के माध्यम से दी है। साथ ही स्थानीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी दी गई है, ताकि अधिक से अधिक रैयत आवेदन कर सकें। बता दें कि कैंप स्थल पर अंचल अधिकारी चौसा अपने निरीक्षक, हल्का कर्मचारी और अमीन के साथ उपस्थित रहेंगे। हल्का कर्मचारियों को अपने साथ राजस्व अभिलेख लाने का निर्देश दिया गया है, ताकि आवेदन पत्रों की जांच स्थल पर ही की जा सके। कैंप में रैयतों की संभावित बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की है।

**रैयतों को आवश्यक दस्तावेज लाने का निर्देशः** हितबद्ध रैयतों से आग्रह किया गया है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज और आवेदन पत्र के साथ कैंप में समय पर पहुंचे, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान तत्काल किया जा सके। साथ ही भू अर्जन प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। राष्ट्रीय उच्च पथ 319A के निर्माण कार्य को गति देने के लिए यह कैंप प्रशासन का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## करंट लगने से किशोर की मौत

निज संवाददाता। बक्सर



मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इजरी श्रीराम गांव में करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। 33 किलोवाट के बिजली तार की चपेट में आने से यह हादसा हुआ, जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने इटाढ़ी-बक्सर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम रहने के कारण यातायात बाधित रहा। प्रदर्शनकारी मुआवजे के साथ घर के ऊपर से गुजर रहे बिजली तार को हटाने की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे एसडीपीओ धीरज कुमार ने एसडीएम धीरेंद्र कुमार मिश्र से मोबाइल पर बात कराई और मदद का आश्वासन दिलाने के बाद जाम समाप्त कराया गया। मृतक की पहचान इजरी श्रीराम निवासी गुप्तेश्वर गुप्ता के 16 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार साह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दिलीप अपने घर की छत पर चढ़ा था, तभी ऊपर से गुजर रहे 33 किलोवाट के बिजली तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद प्रतिनिधि रिंकू यादव सहित अन्य समाजसेवी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।इसी बीच, जाम में फंसे एसडीपीओ धीरज कुमार ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और एसडीएम से उनकी बात कराकर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और जाम समाप्त कर दिया गया। मुआवजे का आश्वासन एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि सदर एसडीएम से बात कर ली गई है। सोमवार को मृतक के परिजनों को बुलाकर तत्काल 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

## फर्जीवाड़ा के आरोप में हिरासत में मुखिया

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर पुलिस ने महादलित परिवार से जुड़े फर्जीवाड़ा मामले में धनसोई के मुखिया तुलसी साह को हिरासत में लिया है। उनके घर की तलाशी में 16 अलग-अलग लोगों के एटीएम कार्ड और अन्य संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पंचायत स्वच्छता कर्मियो ने मुखिया तुलसी साह पर आरोप लगाए थे कि स्वच्छता कर्मियो के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। बैंक खातों से जुड़े एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज मुखिया ने अपने कब्जे में रखे। जिसके जरिए उनकी खून पसीने की कमाई जब उनके खाते में आता था, तो उसे मुखिया निकाल लेते था। जिससे दलित परिवारों की स्थिति भुखमरी के कगार पर आ गई थी।

**एसडीपीओ ने की पुष्टिः** एसडीपीओ धीरज कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मुखिया तुलसी साह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा, "16 एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। जांच के बाद संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। घटना धनसोई थाना क्षेत्र के धनसोइ पंचायत की है, जहां पर मुखिया पर 22 स्वच्छता कर्मियों के खाते से 5 लाख रुपए निकालने का आरोप था। दलित परिवार से आने वाले स्वच्छता कर्मियों ने आरोप लगाया था कि मुखिया ने आई कार्ड बनाने के नाम पर हमारा आधार कार्ड और फिंगर प्रिंट लेकर धोखे से एटीएम बना लिया गया। हमारे खाते में आए 1 साल की कमाई 25000 को निकाल लिया गया। जिसको लेकर पीड़ित स्वच्छता कर्मियों ने एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

## रोहित ने जीवन के अनुभवों को किताब में संजोया

निज संवाददाता। बक्सर




नगर के श्रीकृष्ण नगर, चरित्रवन के निवासी रोहित दुबे ने अपने जीवन के अनुभवों और संघर्षों को एक किताब के रूप में समेटा है। उनकी किताब '30 Lessons Not Taught in School' व्यावहारिक जीवन के महत्वपूर्ण पाठों पर केंद्रित है, जो स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रम में नहीं सिखाए जाते हैं। मुंबई के स्टोरी मिरर प्रकाशन से प्रकाशित किसके तप को शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है जिसका परिणाम यह है कि शॉपिंग वेबसाइट अमेजन पर यह किताब बेस्ट सेलर बनी हुई है।

**संघर्षों से मिली सीख का निचोड़ः** रोहित दुबे एक एमएनसी कंपनी में सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट हैं और क्योकुशिन कराटे में ब्लैक बेल्ट धारक हैं। 25 साल पहले उनके पिता का देहांत हो गया था। परिवार की जिम्मेदारी और जीवन के संघर्षों ने उन्हें मजबूत बनाया। उन्होंने पिछले तीन वर्षों से इस किताब को लिखने का कार्य शुरू किया था। यह किताब जुलाई 2024 में मुंबई के प्रतिष्ठित स्टोरीमिरर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई है। रोहित दुबे की किताब को अमेजन सहित विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और मुंबई के बड़े बुक स्टोर्स में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया है, जहां इसे पाठकों का शानदार प्रतिसाद मिल रहा है। रोहित दुबे की किताब उन चुनौतियों और सवालों पर प्रकाश डालती है, जिनका सामना हर युवा को स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद करना पड़ता है। परिवार और समाज की उम्मीदों के साथ-साथ व्यक्ति की व्यक्तिगत आकांक्षाएं उसे जीवन के महत्वपूर्ण फैसले लेने के लिए प्रेरित करती हैं। किताब का उद्देश्य और संदेश '30 Lessons Not Taught in School' पाठकों को जीवन के उन व्यावहारिक पहलुओं से रूबरू कराती है, जो असल जीवन में महत्वपूर्ण होते हैं। किताब में समय प्रबंधन, असफलता से सीखना, आत्मअनुशासन, वित्तीय साक्षरता, करियर प्लानिंग, स्वास्थ्य और फिटनेस जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया है। रोहित दुबे की यह किताब न केवल युवाओं के लिए बल्कि किसी भी उम्र के व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह पुस्तक यह सिखाती है कि कठिन समय में अपने दिमाग को शांत और मजबूत कैसे रखा जाए और समाज के साथ एक स्वस्थ रिश्ता कैसे बनाया जाए। आधिकारिक लॉन्चिंग फरवरी 2025 में : किताब का आधिकारिक लॉन्च इवेंट फरवरी 2025 में मुंबई के प्रतिष्ठित टाइटल वेव बुकस्टोर में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद, यह किताब विभिन्न शहरों के छोटे-बड़े बुकस्टोर्स में भी उपलब्ध होगी। रोहित दुबे की यह किताब उन सभी के लिए एक जरूरी मार्गदर्शिका है, जो जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों पर सही फैसले लेना चाहते हैं और अपने अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

## ऑटो, बस, ट्रेन व दुकान से बैठकर हाजिरी बना रहे हैं शिक्षक, जांच में हुआ खुलासा

निज संवाददाता। आरा

शिक्षा विभाग विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए लगातार कई प्रयास कर रहा है। इस दिशा में शिक्षा विभाग द्वारा कई नियम परिनियमों में बदलाव भी किए गए हैं। इसके बावजूद विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं हो पा रही है। शिक्षक हाजिरी बनाने में गड़बड़ झाला कर रहे हैं। वर्तमान जांच में इस बात का खुलासा हुआ है। जिले के कई शिक्षक ऑटो, बस, ट्रेन एवं दुकान पर बैठकर हाजिरी बना रहे हैं। यही नहीं कई शिक्षक विद्यालय में सुबह आकर हाजिरी बनाकर गायब हो जा रहे हैं और फिर शाम में आकर दोबारा हाजिरी बनाकर चले जा रहे हैं। सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय कसाप, उदवंत नगर के शिक्षक कुमार पुष्कर मिश्रा ने हाजिरी बनाने में गड़बड़ी की है। 14 दिसंबर को उक्त शिक्षक ने ऑटो में, 16 दिसंबर को ट्रेन में और 17 दिसंबर को दुकान से हाजिरी बनाया है। जांच के क्रम में यह पाया गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय पकड़ियावर, उदवंत नगर में भी हाजिरी बनाने के मामले में गड़बड़ी पाई गई है। विद्यालय की शिक्षिका चंचू देवी द्वारा 9 दिसंबर और 13 दिसंबर को जो ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई गई है उसमें विद्यालय भवन के पास का फोटो नहीं है। उक्त दोनों शिक्षकों की हाजिरी का अवलोकन करने पर यह पाया गया है कि विद्यालय से बाहर रहकर यत्र तत्र स्थान से हाजिरी बनाई गई है। दो दिनों के भीतर शिक्षकों से स्पष्टीकरण का जवाब मांगा गया है। विभाग के नियमों के विपरीत गलत तरीके से उपस्थिति दर्ज कराना जालसाजी और धोखाधड़ी का घातक है।

# नए वर्ष में 600 से अधिक एचएम की नियुक्ति से शैक्षणिक विकास में आएगी तेजी

निज संवाददाता। बक्सर



जिले में शिक्षा विभाग ने वर्ष 2024 के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे जिले के शैक्षणिक विकास को बल मिला है। अब आगामी वर्ष 2025 को लेकर नए सिरे से उम्मीदें जग रही हैं। शिक्षा विभाग ने विद्यालयों के बेहतर संचालन और प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खासकर, बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति से लंबे समय से खाली पड़े पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हुई है। बक्सर जिले के प्राथमिक और उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद वर्षों से रिक्त थे, जिससे विद्यालयों में शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। प्रधानाध्यापक की अनुपस्थिति के कारण विद्यालयों में अनुशासन और प्रबंधन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। लेकिन अब नए वर्ष में इन पदों पर बहाली की उम्मीद की जा रही है, जिससे न केवल विद्यालयों की व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि शैक्षणिक गुणवत्ता भी बढ़ेगी। पिछले कुछ वर्षों में जिले में प्रधानाध्यापकों की बहाली को लेकर शिक्षकों और स्थानीय संगठनों द्वारा समय-समय पर आंदोलन किए गए। इन आंदोलनों का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक, लिपिक और कार्यालय परिचारी की नियुक्ति की मांग करना था। शिक्षा विभाग ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयन प्रक्रिया को तेज किया। राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में गाड़े झंडे : जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा की देखरेख में शिक्षा विभाग में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है। विगत वर्ष जिले के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इंस्पायर अवार्ड मानक, बिहार मैथमेटिकल सोसायटी द्वारा गणित ओलंपियाड, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता, मार्शल आर्ट, तरंग, युवा उत्सव, कला उत्सव और संगीत प्रतियोगिता में बक्सर के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने अपनी छाप छोड़ी है। प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की नियुक्ति की जाएगी आगामी वर्ष में जिले के 600 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही, उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में भी 82 प्रधानाध्यापक पदस्थापित किए जाने की संभावना है।इस महत्वपूर्ण पहल से जिले के विद्यालयों की शैक्षणिक और प्रशासनिक स्थिति मजबूत होगी। प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति से विद्यालयों में अनुशासन, शिक्षण गुणवत्ता और प्रशासनिक कार्यों में सुधार आएगा।

# अरेबिया के सेवानिवृत संघ की विशेष आमसभा

निज संवाददाता। आरा



आरा शहर के मैना सुंदर भवन धर्मशाला में बैंक कर्मियों के सबसे बड़े संगठन अरेबिया के सेवानिवृत संघ इकाई की विशेष आम सभा हुई। ग्रामीण बैंक के गोल्डन जुबली वर्ष पर सेमिनार भी हुआ। संचालन अखिल भारतीय संघ के ज्वाइंट सेक्रेटरी सह मुख्य सलाहकार एनएन ओझा और अध्यक्षता ईश्वर चंद शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीनारायण पाठक ने किया। सर्वप्रथम बैंक कर्मियों के महात्मा गांधी कहे जाने वाले स्व डीके मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें याद किया गया। साथ ही संघ द्वारा डीके मुखर्जी मेमोरियल सहायता ट्रस्ट की स्थापना की गई। इस ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य दादा मुखर्जी की पुण्यतिथि व जन्मदिन पर गरीबों, असहायों को किसी न किसी रूप में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में हिंदी व भोजपुरी के पूर्व विभागाध्यक्ष नीरज सिंह ने ग्रामीण बैंक के देश के विकास में योगदान पर अपनी बातों को रखा। एनएन ओझा ने ग्रामीण बैंक द्वारा किए गए कार्यों को आंकड़ों के साथ विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया। नेतृत्व के कारण कर्मियों को अन्य बैंकों की तरह सुविधाएं श्री ओझा ने कहा कि संघ के संस्थापक एवं ग्रामीण बैंक कर्मियों के मसीहा स्व डीके मुखर्जी की सोच, कार्य एवं कुशल नेतृत्व के कारण ग्रामीण बैंक के कर्मियों को अन्य बैंकों के समान वेतन, पेंशन एवं अन्य सारी सुविधाएं मिल रही हैं। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव रणबीर आनंद ने वर्तमान बैंकिंग परिदृश्य में ग्रामीण बैंक की भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पचास वर्ष पहले तत्कालीन ग्रामीणों के विकास को लेकर तत्कालीन प्रधान मंत्री स्व इंदिरा गांधी द्वारा 2 अक्टूबर 1975 को एक अध्यादेश के माध्यम से देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की गई। उस समय से ग्रामीण बैंक अपने उद्देश्यों को पूरा करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में सम्पूर्ण विकास धारा के साथ चलते हुए बैंकिंग सेवा दे रहे है। वर्तमान में, आपस में समायोजन के बाद पूरे देश में 43 ग्रामीण बैंक कार्यरत है, जिनके द्वारा देश में अपने 40 करोड़ ग्राहकों को बैंकिंग सेवा प्रदान किया जा रहा है, जिसमें 90 प्रतिशत किसान, मजदूर, गरीब जनता है। आज स्टेट बैंक के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक ग्रामीण बैंक है। अंत में राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक बनाने को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर इंदु भूषण ओझा, बबन सिंह, दीपक कुमार सिंह, अशोक कुमार, राजन कुमार समेत अन्य कई उपस्थित थे।

## शराबबंदी जागरूकता अभियान का आयोजन, नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के सदर प्रखंड के दलसागर गांव में बिहार सरकार के मद्य निषेध विभाग की ओर से शराबबंदी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा मुख्य मेहमान के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को शराब से होने वाले नुकसान और शराबबंदी के फायदों के बारे में जागरूक किया गया। आयोजन में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के तीन मंत्र – "शिक्षित बनो, संगठित बनो, और संघर्ष करो" को सभी के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति और बालिकाओं के लिए विशेष प्रयास कर रही है।

**समाज में अपराध में आई कमीः** मंत्री ने कहा कि बिहार में लागू शराबबंदी ने महिलाओं को नया जीवन दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से शुरू की गई शराबबंदी से महिलाओं को सम्मान मिला है और समाज में अपराध और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी से पहले शराबियों के उत्पात से लोगों का जीवन कठिन हो गया था, लेकिन आज यह समस्या समाप्त हो चुकी है। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंत्री रत्नेश सदा को अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया गया। स्वागत गीत के साथ उनका अभिनंदन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजस्वी के कार्यक्रम में कुर्सी के लिए कार्यकर्ताओं में हुई झड़प

**भागलपुर**। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव रविवार को भागलपुर पहुंचे। टाउन हाल में तेजस्वी यादव ने 07 विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। कुर्सी पाने की होड़ में कार्यकर्ताओं के बीच धक्कामुक्की भी हुई। बताया जा रहा है कि जिस समय कार्यकर्ता के बीच झड़प हुई तब तेजस्वी यादव मंच पर नहीं पहुंचे थे। बता दें कि कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन में बैठने की व्यवस्था विधानसभा क्षेत्र के अनुसार की गई थी। टाउन हाल की कुर्सी पर क्षेत्र के विधानसभा के हिसाब से पर्ची चिपकायी गई थी। कुर्सी पर नाम नहीं होने के कारण नाथनगर और गोपालपुर के कार्यकर्ता जगह मिलने पर जहां जगह मिली वहां बैठ गए। इसी बात को लेकर कार्यकर्ताओं में बहस होने लगी। कार्यक्रम में हंगामे के कारण कार्यकर्ताओं का परिचय तक नहीं हो पाया। मंच पर मौजूद नेताओं ने किसी तरह कार्यकर्ताओं ने शांत कराया। तेजस्वी ने कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर यादव से 17 महीने के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाने के लिए कहा, लेकिन व उनके पास जवाब नहीं था। इस पर तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि जब अपने ही लोग उपलब्धियों को नहीं जान रहे तो वे जनता के बीच क्या जाते होंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन से मीडिया को दूर रखा गया।

### टेनिस में बिहार की अंडर 14 महिला टीम जीती

**भागलपुर**। मध्यप्रदेश के देवास में चल रहे सॉफ्ट टेनिस की 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बिहार की अंडर 14 महिला टीम ने मध्यप्रदेश को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। 30 खिलाड़ी अलग वर्ग में बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जिसमें भागलपुर के चार एंजेल कुमारी ,जागृति प्रेरणा ,सृष्टि कुमारी व सुदीप्तो मुखर्जी टीम का हिस्सा है। सॉफ्ट टेनिस एक एशियाई खेल है। जो लॉन टेनिस की तरह उसी कोर्ट पर खेला जाता है। इसी वर्ष चार खिलाडि़यों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया था।

### बेंच-डेस्क खरीदारी की चल रही है जांच

**धरहरा**। धरहरा प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय अदलपुर अमारी में बेंच-डेस्क की खरीदारी सहित भूमि संबंधित दो दान पत्र का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसको लेकर लगातार पदाधिकारी जांच कर रहे हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी साक्षरता सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी फारूक रहमान ने संबंधित मामला की सुनवाई को लेकर सोमवार को विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मनीषा कुमारी एवं सहायक शिक्षक मनोज कुमार को बुलाया है। बीईओ ने दोनों शिक्षकों को बीआरसी फुल्का स्थित प्रखंड शिक्षा कार्यालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है। उपस्थित नहीं होने पर कारर् करने की बात कही है। बता दें कि विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य एवं ग्रामीणों ने पूर्व में बेंच-डेस्क की गुणवत्ता पर सवाल उठाया था तथा विद्यालय के लिए दी गई भूमि के दान पत्र के कागजातों को गायब करने का आरोप भी लगाया था। जिसके बाद लगातार जांच की प्रक्रिया जारी है।

### महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन

**मुंगेर**। महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए शनिवार को मुंगेर टाउन क्लब की महिला टीम का चयन कोच मो. हैदर की निगरानी में किया गया। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि महावीर कप फुटबॉल टूर्नामेंट टीकापट्टी, पूर्णिया में आयोजित हो रहा है। इस तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में मुंगेर टाउन क्लब की महिला टीम का पहला मैच 24 दिसंबर को अजिगा स्पोर्टिंग एकेडमी उत्तरी दिनाजपुर के साथ खेला जाएगा। इसको लेकर डीजे कॉलेज के मैदान में प्रत्येक दिन सुबह में युद्ध स्तर पर अभ्यास जारी है। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रियंका कुमारी, सानिया परवीन, लाडली कुमारी, कोमल कुमारी, प्रीति कुमारी, लूसी कुमारी, पलक कुमारी, कशिश परवीन, सपना कुमारी, बुशरा परवीन, संजना कुमारी, नंदनी कुमारी और तनुसा कुमारी शामिल हैं।

### ईमानदार शिक्षकों के सम्मान से लौटेगा शिक्षा का गौरव

**मुंगेर**। ईमानदारी से अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षक अभी भी मौजूद हैं। उनका उत्साहवर्धन और सम्मान कर ही शिक्षा के गौरव को वापस लाया जा सकता है। शिक्षक और समाज के पारस्परिक सहयोग से वह स्थिति पुनः प्राप्त की जा सकती है। यह बातें रविवार को पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद सिंह ने आरडी एंड डीजे कॉलेज के भ्रमण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि उनके पिता के डीजे कॉलेज में विद्यार्जन के समय आचार्य कपिल के प्राचार्य रहते कॉलेज में अनुशासन और सहृदय अध्यापन की चर्चा सर्वत्र होती थी। जिसका अब अभाव दिखाई देता है। यह स्थिति समाज के साथ साथ देश के लिए भी निराशाजनक व चिंता की बात है। शिक्षा के सरोकार और समाज पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने आचार्य कपिल के व्यक्तित्व से अपने पिता के प्रभावित होने और एक आदर्श प्राचार्य व अध्यापक के रूप में उनके द्वारा तत्कालीन समय में किए गये कार्यों तथा योगदान के संस्मरण सुनाए।

### ईमानदार शिक्षकों के सम्मान से लौटेगा शिक्षा का गौरव

**मुंगेर**। ईमानदारी से अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षक अभी भी मौजूद हैं। उनका उत्साहवर्धन और सम्मान कर ही शिक्षा के गौरव को वापस लाया जा सकता है। शिक्षक और समाज के पारस्परिक सहयोग से वह स्थिति पुनः प्राप्त की जा सकती है। यह बातें रविवार को पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद सिंह ने आरडी एंड डीजे कॉलेज के भ्रमण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि उनके पिता के डीजे कॉलेज में विद्यार्जन के समय आचार्य कपिल के प्राचार्य रहते कॉलेज में अनुशासन और सहृदय अध्यापन की चर्चा सर्वत्र होती थी। जिसका अब अभाव दिखाई देता है। यह स्थिति समाज के साथ साथ देश के लिए भी निराशाजनक व चिंता की बात है। शिक्षा के सरोकार और समाज पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने आचार्य कपिल के व्यक्तित्व से अपने पिता के प्रभावित होने और एक आदर्श प्राचार्य व अध्यापक के रूप में उनके द्वारा तत्कालीन समय में किए गये कार्यों तथा योगदान के संस्मरण सुनाए।

### रेलवे ट्रैक पर मिले शव मामले में 5 पर FIR



**भागलपुर**। भागलपुर के जगदीशपुर रेलवे हॉल्ट के समीप मिले शव मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है। मृतक के मां के लिखित आवेदन पर FIR किया गया है। जिसमें गांव के ही सुनील महतो, बालकरण महतो, विक्रांत महतो जगदीशपुर निवासी सोनू शाह और भवानीपुर निवासी अभिषेक कुमार के खिलाफ हत्या के नामजद आरोपी में शामिल है। मालूम हो कि रविवार की अहले सुबह जगदीशपुर रेलवे हाल्ट के समीप खून से लथपथ एक शव मिले थे। शव योगीवीर निवासी आकाश उर्फ कारू का था। जिसके मुंह और नाक से खून निकल रहा था। पूरे मामले में परिजनों ने हत्या का आशंका जताया था और हत्या करने का आरोप भी गांव के ही लोगों पर लगाया गया था। इस मामले में परिजनों ने बताया था कि मृतक का बड़ा भाई शराब तस्करी की पुलिस को सूचना दिया करते थे। जिसका विरोध अक्सर माफिया करते और जान मारने की धमकी भी दिया था। इस मामले में पहले बात थाना तक पहुंची थी तो दोनों तरफ से आवेदन थाने में दिया गया था लेकिन पुलिस की कार्रवाई ढीली होने की वजह से शराब माफिया का मनोबल बढ़ गया। इसी वजह से हत्या होने की आशंका जताई गई है। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष सह ट्रेनी डीएसपी विशाल आनंद ने बताया कि मृतक के मां के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

# केस उठा लो नहीं तो भाई जैसा हाल कर देंगे, पीड़ित परिवार को धमकी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानगंज अगुवानी एप्रोच पथ के पास स्टोर गार्ड की 4 नंबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने 6 नामजद लोगों को आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज किया था। जिसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि पांच पुलिस के पकड़ से अभी भी फरार हैं। अब पीड़ित परिजनों को केस उठाने की धमकी दे रहे हैं। अपराधी मृतक के भाई राजा यादव को कहते हैं कि केस अगर नहीं उठाओगे तो तुम्हारा भी तुम्हारे भाई जैसा हाल कर देंगे। जिसको लेकर मृतक रमेश सिंह के भाई राजा यादव सोमवार को डीआईजी से गिरफ्तारी की मांग करने पहुंचे।

**पांच अपराधी पुलिस के पकड़ से बाहरः** मृतक के भाई राजा यादव ने बताया कि सुल्तानगंज अगुवानी अप्रोच पथ के पास 6 नामजद आरोपी ने भाई रमेश कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जबकि पांच अभी पुलिस के पकड़ से बाहर हैं। फरार चल रहे आरोपी लगातार हम लोगों को जान मारने की धमकी दे रहे हैं। फरार आरोपी बार-बार कह रहे हैं कि केस उठा लो नहीं तो जान मार देंगे। साथी बदमाशों ने अल्टीमेटम भी दिया है। श्राद्ध कार्यक्रम खत्म होते ही तुम लोगों को भी मार देंगे। पीड़ित राजा यादव DIG से गुहार लगाने के लिए पहुंचे हैं। हालांकि डीआईजी विवेक कुमार ने पीड़ित को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

**हत्या मामले में 6 पर FIR हुई थी दर्ज**

**वर्चस्व को लेकर हत्याः** दरअसल, 4 नवंबर को भागलपुर सुल्तानगंज के अगुवानी अप्रोच पथ के स्टोर गार्ड की गोली मार बदमाशों ने हत्या कर दी थी। बदमाशों ने उन पर तीन गोलियां बरसाई थी। उस वक्त मृतक का भाई भी था। हालांकि मृतक के भाई ने अपनी जान भाग कर बचाई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मायागंज अस्पताल लाया था। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि दियारा इलाके में वर्चस्व को लेकर हत्या की गई थी।


### वार्षिक खेलकूद में शिवाजी हाउस का रहा दबदबा

**तारापुर**। पारामाउंट एकेडमी के खेल मैदान में आयोजित सात दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गया। निदेशक मंडल के नेतृत्व में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका अनुज कुमार सिंह व नितेश कुमार झा निभा रहे थे। खेल प्रतियोगिता में शिवाजी हाउस का दबदबा रहा। विभिन्न स्पर्धाओं में छात्र वर्ग में ओवर ऑल चैम्पियन कक्षा 8 सी के रामकृष्ण धौनी रहे। रामकृष्ण धौनी ने लंबी कूद में 17.3 फीट का सबसे लंबी छलांग लगायी। छात्रा वर्ग में करिश्मा कुमारी ओवर ऑल चैम्पियन रही। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

निदेशक महेश कुमार सिंह ने कहा कि खेल हमें लचीलापन, नेतृत्व, जवाबदेही, सम्मान और धैर्य जैसी चीजें सीखने में मदद करताहै। अध्यक्ष आलोक झा ने कहा कि खेल से हमारे जीवन में अच्छे चरित्र और अनुशासन जैसे नैतिक मूल्यों का संचार करता हैं।

## आग में जलकर मिठाई की दुकान राख

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के लड़ैयाटांड थाना क्षेत्र के कठोर लड्डूआ आहर स्थित एक मिठाई दुकान मे असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। इस दौरान दुकान मे कोई मौजूद नहीं था। कठोर गांव निवासी जलेबी पंडित ने बताया कि घटना के समय वह खजुरिया हाट मे दुकान लगाए हुए था। सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंचा। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस दौरान सब कुछ जलकर राख हो गया। अगलगी मे 40 हजार रुपए की संपत्ति जलकर राख हुई है। पीड़ित दुकानदार ने इस संबंध मे स्थानीय थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने थाना को दिए आवेदन के माध्यम से बताया कि इससे पूर्व भी मार्च 2021 मे असामाजिक तत्वों ने उनकी दुकान मे आग लगा दी थी। उस समय भी उन्होंने थाना से न्याय की गुहार लगाई थी। अब तक बदमाश पकड़ा नहीं गया। दुकानदार गरीब परिवार से है। किसी तरह से दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उन्होंने बताया कि इसी दुकान के सहारे उसके परिवार का खर्चा चलता है। घटना को लेकर लड़ैयाटांड़ थानाध्यक्ष विभांशु शेखर भास्करम ने बताया कि पीड़ित के द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सामाजिक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## 'विजय सिन्हा जैसा निकम्मा डिप्टी सीएम नहीं देखा', तेजस्वी बोले-4-5 लोगों ने सीएम को हाईजैक किया

निज संवाददाता। भागलपुर



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम विजय सिन्हा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'विजय सिन्हा जैसा निकम्मा डिप्टी सीएम किसी ने नहीं देखा। कहते है राजद वालों ने पेपर लीक कराया तो पकड़ते काहे नहीं हो।' तेजस्वी ने कहा कि 'सबूत दिखाइए और दोषियों को पकड़कर जेल भेजिए। सीबीआई, ईडी और अन्य जांच एजेंसियों से जांच करवाइए। कौन रोक रहा है। इनकी कोई उपलब्धि नहीं है। ये लोग तो बस बन गए हैं। दया पर डिप्टी सीएम बने हुए हैं, क्वालिटी नहीं है।' दरअसल, रविवार को तेजस्वी यादव कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के तहत भागलपुर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि 'सीएम नीतीश कुमार को 4-5 लोगों ने हाईजैक कर लिया है। इसलिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलने के बदले चुप रहते हैं।' तेजस्वी ने सीएम नीतीश पर निशाना साधते हुए कहा कि 'उनके पास कोई विजन नहीं है। रिटायर्ड अधिकारियों के साथ सरकार चला रहे हैं। उन्हें कई चीजों से अवगत भी नहीं कराया जाता है।

**सरकार अपराध और भ्रष्टाचार करने में लगी हैः** तेजस्वी ने कहा कि 'डबल इंजन की सरकार अपराध और भ्रष्टाचार करने में लगी है। मां-पिता पेट काटकर बच्चों को पढ़ाते हैं। बच्चा पढ़ाई भी करता है और पेपर लीक का विरोध करने पर लाठी भी खाता है। डीएम का थप्पड़ भी खाता है। उम्र निकल जाएगी तो नौकरी कब मिलेगी।'

**मुझे बुला ले हम बता देंगे कि कैसे परीक्षा होती हैः** तेजस्वी ने कहा 'मुख्यमंत्री अपने सीएम हाउस में कैद हैं। संवाद यात्रा पर निकलने के लिए हमारे चाचा को करोड़ों खर्च करने पड़ रहे हैं। एक तरफ कहते हैं बिहार गरीब राज्य है तो यात्रा पर इतने खर्च क्यों किए जा रहे है। गर्दनीबाग कितना दूर है। चार छात्र आ जाएंगे, उनसे तो संवाद कीजिए.. ये करेंगे ही नहीं। एक सेंटर पर फिर से परीक्षा होगी। यह तो एक तरह से नॉर्मलाइज़ेशन ही हो गया। मेरी मांग है कि फिर से परीक्षा हो वो भी बगैर पेपर लीक के। अगर इनको नहीं पता तो बुला ले तेजस्वी को हम बता देंगे कैसे होता है।'

**♦ इसलिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चुप रहते हैं**

**मुंगेर पुलिस ने चोरी की 10 अष्टधातु मूर्तियां की बरामद**

## 14 दिसंबर को ठाकुरबाड़ी से गायब हुई थी प्रतिमा, DSP के नेतृत्व में महज 9 दिन में हुई खोज

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर में 14 दिसंबर को बरियारपुर थाना क्षेत्र के श्री राम जानकी ठाकुरबाडी ब्रह्मस्थान के मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की गई। जहां से चोर ने अष्टधातु की स्थापित प्रतिमा श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण, हनुमान, दो लड्डू गोपाल सहित विभिन्न देवी देवता की चोरी कर ली। जिसे लेकर मंदिर के पुजारी ने लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। घटना के महज 9 दिन बाद ही पुलिस ने अष्टधातु की प्रतिमा के साथ अन्य सभी 10 प्रतिमाओं को बरामद कर लिया है। बता दें कि एसपी मुंगेर सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर प्रतिमा बरामदगी को लेकर सदर डीएसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी के साथ विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने आसूचना संकलन और तकनीकी अनुसंधान कर विभिन्न क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की। साथ ही पुलिस की दबिश भी बनाई गई। जिससे चोरों ने पुलिस के बढ़ते दबिश को देखते हुए ऋषिकुंड हॉल्ट के पास महंथ बाबा स्थान के समीप सभी प्रतिमा को रखकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस महंथ बाबा स्थान के पास पहुंची और सभी 10 प्रतिमा को बरामद कर लिया है। बरामद प्रतिमा में अष्टधातु की श्रीराम, सीता, लक्ष्मण की प्रतिमा के साथ दो छोटे-छोटे हनुमान की मूर्ति, दो लड्डू गोपाल एवं 6 छोटी-छोटी मूर्ति शामिल है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष बरियारपुर के साथ थाना सशस्त्र बल और जिला आसुचना इकाई शामिल थे।

## कोचिंग से आई युवती, लॉज में की खुदकुशी, भागलपुर में रूममेट बोली- 2 दिन पहले मेरे घर आई थी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में सोमवार को फंदे से लटककर डीएलएड की छात्रा ने खुदकुशी कर ली है। घटना बरारी थाना क्षेत्र के खंजरपुर स्थित सद्भावना लॉज की है। मृतक की पहचान बांका के बनगामा निवासी स्वीटी कुमारी (23) के रूप में हुई है। घटना के बाद स्वीटी की रूममेट और अन्य सहयोगियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में स्वीटी को फंदे से उतारकर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। वहां पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। रूममेट सहित उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**2 दिन पहले सहेली के घर आई थी स्वीटीः** रूममेट ने बताया कि 2 दिन स्वीटी पहले मेरे घर आई थी। वहां पर खाना पीना बना। हम लोगों ने बातें की, उसके बाद स्वीटी ने सोमवार की सुबह कहा कि क्लास करने कोचिंग जाना है, भागलपुर जाना पड़ेगा। फिर रूममेट के परिजनों ने स्कूटी से उन्हें भागलपुर पहुंचाया था। ट्यूशन से आने के बाद जब रूम में कोई नहीं था तब स्वीटी ने खुदकुशी कर ली। जब 12 बजे के बीच हम रूम पहुंचे तो उन्हें फंदे से लटका हुआ उनका शव देखा। इसके बाद हॉस्टल संचालक और परिजन, पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी है कि परिजन बांका से भागलपुर पहुंच रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना डीटीई_जेएमपी_11/24-25, दिनांक 20.12.2024,** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला -मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **संक्षिप्त निविदा सं. डीटीई_जेएमपी_11/24-25** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम** : बढ़े हुए लक्ष्य के साथ वैगन के मौजूदा ऑर्डर के निर्माण तथा अन्य नए प्रकार के वैगनों के निर्माण के लिए आरसीसी कार्य एवं जीआईएफ शॉप में नए स्टोर बिल्डिंग के निर्माण के संबंध में। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु.3,45,87,987/-, **बयाना राशि:** रु. 3,22,900/-, **खुलने की तिथि:** 14.01.2025, **कार्य की समापन अवधि**: 08 (आठ) माह।

MISC-287/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**तेजस्वी की 5 उपलब्धियां भी नहीं बता पाएं राजद जिलाध्यक्ष**

## पूर्व डिप्टी सीएम बोले, हमारे ही कार्यकर्ता नहीं जानते तो लोगों से क्या उम्मीद करें

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में राजद ने अपनी नाकामयाबी छिपाने के लिए न सिर्फ कार्यक्रम में मीडिया पर रोक लगाई, बल्कि पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के 17 महीने के कार्यकाल में हुए विकास कार्य भी भूल गए। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव के साथ-साथ अन्य कार्यकर्ता भी तेजस्वी यादव के विकास कार्यों को नहीं गिनवा पाए। इसके बाद भरी सभा में तेजस्वी यादव ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव से पूछा कि 17 महीने में हमारे 5 उपलब्धियां बताएं तो, जिला अध्यक्ष ने पर्यटन सहित दो अन्य उपलब्धि को जरूर बताया, लेकिन फिर चुप्पी साध ली। जिसके बाद तेजस्वी यादव ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब हमारे कार्यकर्ता ही हमारी उपलब्धि नहीं बता पा रहे हैं तो हम लोगों से क्या उम्मीद करेंगे? बता दे कि टाउन हॉल में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी कार्यक्रम में तेजस्वी यादव अपने 17 महीने के कार्यकाल के बारे में सभी कार्यकर्ताओं से पूछ रहे थे, लेकिन जिला अध्यक्ष खुद फंसते नजर आए। बता दें कि कार्यक्रम में मीडिया पर पूरी तरह रोक लगा दी गई थी, लेकिन भास्कर रिपोर्टर एक आम कार्यकर्ता बनकर सभा में प्रवेश कर गया। इस दौरान राजद को एक्सपोज किया।

**तेजस्वी के आने से 10 मिनट पहले कार्यकर्ताओं के बीच हुई थी भिड़ंतः** मालूम कि कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में दो अलग-अलग विधानसभा से पहुंचे। राजद कार्यकर्ताओं में कुर्सी को लेकर भिड़ंत हो गई। बाद में वरीय नेताओं के समझाने के बाद मामला शांत हुआ। करीब 10 मिनट तक हो हल्ला होता रहा और वरीय अधिकारी आक्रोशित कार्यकर्ता को समझाते रहे।

### गांजा के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**मुंगेर**। पूरबसराय थाना पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर तीन किलो गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार को एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पूरबसराय थानाध्यक्ष सौरभ कुमार को गुप्त सूचना मिली कि खगड़िया जिला से बाइक सवार दो व्यक्ति मादक पदार्थ लेकर मुंगेर आ रहा है। इसी सूचना पर शस्त्र पुलिस बल के साथ जिला आसूचना इकाई टीम ने मिन्नत नगर मस्जिद मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें पुलिस को देख एक बाइक पर बैठे दो व्यक्ति भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने पीछा करते हुए बाइक सवार दोनों व्यक्ति को पकड़ा और उसकी तलाशी ली गयी।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-182 - 24-25 (खुली), दिनांक 20.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस सं.** : ओ-एसी-टी-182-24-25, **कार्य का नाम**: वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल के कार्यक्षेत्र के अधीन एसएसई/पी (वे)/सिउड़ी और एसएसई/पी(वे)/ तापसी की शाखा में ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,50,77,280.46, **बयाना राशि :** रु. 2,25,400/-, **कार्य की समापन अवधि**: 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय**: 16.01.2025 को 12.00 बजे । संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-279/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# डीसी की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

## धान खरीदारी और किसानों के पंजीकरण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश




निज संवाददाता | दुमका

उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में धान की खरीदारी और किसानों का पंजीकरण बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, ताकि इस प्रक्रिया में कोई भी अड़चन न आए और किसानों को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी को धान की खरीदारी और किसानों के पंजीकरण में तेजी लाने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने विशेष रूप से लैम्प्स (लाइसेंस प्राप्त सहकारी समिति) के माध्यम से धान की खरीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले में अधिक से अधिक किसानों को पंजीकृत किया जाए और उनके धान की खरीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें समय पर उचित मूल्य मिल सके। इसके साथ ही, उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को यह निर्देश दिया कि वे मंगलवार तक सभी मिलों से सीएमआर (केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य) प्राप्त करें, ताकि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उनका धान आसानी से बेचना सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त ने बैठक में यह भी जानकारी दी कि वर्तमान में जिले में 4067 किसान पंजीकृत हैं, लेकिन उनका मानना है कि यह संख्या और बढ़ाई जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे धन क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाएं और अधिक से अधिक किसानों को पंजीकृत करें ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। वर्तमान में जिले में 26 धान क्रय केंद्र कार्यरत हैं और 2 नए लैम्प्स का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है। इस दिशा में अधिकारियों को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना बेहद जरूरी है, ताकि कोई किसान बिना किसी परेशानी के पंजीकृत हो सके और उनका धान खरीदा जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि किसानों को उनकी पूरी कीमत और समय पर भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लैम्प्स में आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की जाए और ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी धान की खरीदारी प्रक्रिया में कोई रुकावट न आए। बैठक में उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, अपर समाहर्ता राजीव कुमार, और विभागीय अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और उपायुक्त के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

बैठक के दौरान, उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने स्पष्ट रूप से कहा कि धान अधिप्राप्ति के कार्य में जिले को प्राप्त लक्ष्य को निश्चित रूप से पूरा करना है। इसके लिए सभी अधिकारियों को विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपना कार्य पूरी जिम्मेदारी से करना होगा। उपायुक्त ने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी विभागों के बीच तालमेल और समन्वय को और बेहतर बनाया जाए, ताकि धान की खरीदारी से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो और प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाया जा सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को अधिक से अधिक किसान हितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं और राज्य सरकार की योजनाओं को समय पर और प्रभावी रूप से लागू किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी अधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा कि वे धान की खरीदारी के कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करें और किसानों के हित में कोई कमी न छोड़ी जाए। किसान हितैषी योजनाओं के तहत सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूरा करना अत्यंत आवश्यक है, और इसके लिए सभी अधिकारी पूरी तत्परता से काम करेंगे। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बैठक के समापन पर अधिकारियों से यह आश्वासन लिया कि वे सभी निर्देशों का पालन करते हुए धान अधिप्राप्ति के कार्य में तेजी लाएंगे और किसानों को उनके अधिकार दिलाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा की कि वे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सभी प्रयास करें, ताकि धान की खरीदारी प्रक्रिया में किसानों को कोई परेशानी न हो और समय पर उनका भुगतान किया जाए।

## डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

निज संवाददाता | दुमका




जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस के पूरे परिसर का अवलोकन किया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सुरक्षा की स्थिति का भी जायजा लिया। उपायुक्त ने ईवीएम की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही और सुरक्षा उपायों को और भी सख्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपायुक्त ने वेयर हाउस में तैनात सुरक्षा बल के जवानों को भी सुरक्षा के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए, ताकि चुनावी सामग्री की सुरक्षा में कोई चूक न हो। सुरक्षा बल को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि वेयर हाउस में कोई अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश न कर पाए और ईवीएम की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित हो। इस निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने उपायुक्त के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। यह निरीक्षण आगामी चुनावों के दौरान ईवीएम की सुरक्षा और संग्रहण प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया था, ताकि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

# सीईए के तहत शहर के तीन निजी अस्पताल का हुआ औचक निरीक्षण

निज संवाददाता | गोड्डा




क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट (सीईए) के तहत गोड्डा जिले के तीन प्रमुख निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डॉ. प्रीतम कुमार दत्ता, पैथोलॉजिस्ट सदर अस्पताल गोड्डा, डॉ. मोहम्मद खालिद अंजुम और जिला कार्यक्रम प्रबंधक रवि रंजन कुमार सिंह, एनएचएम गोड्डा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान लाइफ केयर हॉस्पिटल, संजीवनी हॉस्पिटल और रेबो नर्सिंग होम, भागलपुर रोड, गोड्डा में क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट (सीईए) के मानकों के अनुरूप गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं और बुनियादी ढांचे के गुणवत्ता की गहन जांच की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सीईए के मानकों का पालन कर रहे हैं। सीईए टीम ने पाया कि कुछ अस्पतालों में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था, जिनके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इन निर्देशों के तहत अस्पताल प्रशासन को कमियों को शीघ्र दुरुस्त करने की सलाह दी गई। इससे अस्पतालों में मानकों के पालन को सुनिश्चित किया जाएगा और बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी। यह औचक निरीक्षण झारखंड राज्य के प्रधान सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, रांची द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत किया गया था। इन निर्देशों के अनुसार जिले में कुल पांच बड़े अस्पतालों और पांच छोटे अस्पतालों का योजनाबद्ध तरीके से औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा, जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों और क्लीनिकों को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट पोर्टल पर एक वर्ष के अंदर पंजीकरण कराना अनिवार्य है, और उनका निरीक्षण भी किया जाएगा। सीईए के इस निरीक्षण का उद्देश्य अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं का स्तर सुधारना और सुनिश्चित करना है कि वे राज्य के स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप कार्य करें। इससे न केवल अस्पतालों की सेवा की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा भी प्राप्त होगी। यह कदम स्वास्थ्य सेवा में पारदर्शिता, मानवाधिकारों की सुरक्षा और मरीजों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## सीईए के तहत शहर के दो बड़े अस्पताल का किया गया औचक निरीक्षण

निज संवाददाता | गोड्डा

क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट (सीईए) के तहत गोड्डा जिले के प्रमुख अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण सिविल सर्जन गोड्डा, अनंत कुमार झा और अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, वैद्यनाथ उरांव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान होपवेल हॉस्पिटल सरकंडा और आर्यन हॉस्पिटल सरकंडा दोनों अस्पतालों का निरीक्षण किया गया और सीईए के मानकों के अनुरूप उनकी स्थिति का मूल्यांकन किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि अस्पतालों में चिकित्सकीय सुविधाएं और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट (सीईए) के तहत निर्धारित मानकों के अनुसार हो। जांच के दौरान, अस्पतालों में पाई गई कमियों और अव्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों ने सीईए टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि इन कमियों को शीघ्र सुधारने के लिए कदम उठाए जा सकें। यह औचक निरीक्षण झारखंड सरकार के प्रधान सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, रांची द्वारा जारी निदेशों के अंतर्गत किया गया है। जिसमें आदेश दिया गया था कि जिले में स्थित पांच बड़े अस्पतालों और पांच छोटे अस्पतालों का योजनाबद्ध तरीके से औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसके अंतर्गत, जिले में सभी स्वास्थ्य संस्थानों और क्लीनिकों को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट पोर्टल पर एक वर्ष के भीतर दर्ज किया जाएगा और उनका निरीक्षण भी किया जाएगा। यह निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और मानकों के पालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि भविष्य में ऐसे निरीक्षणों का सिलसिला जारी रहेगा ताकि अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों के उपचार के लिए दिए गए मानकों की निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

# वृद्ध कैदियों हेतु विशेष अभियान के तहत झालसा सदस्य के सचिव ने केंद्रीय कारा का किया दौरा

निज संवाददाता | दुमका



वृद्ध कैदियों एवं असाध्य रूप से बीमार कैदियों के लिए झालसा के माध्यम से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत झालसा,राँची के सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थान नए सोमवार को केंद्रीय कारा दुमका का दौरा किया। दौरा के दौरान सदस्य सचिव के द्वारा 29 कैदियों को चिन्हित किया गया। जिनकी उम्र 70 वर्ष या उससे अधिक की थी। उनके द्वारा वैसे अन्य कैदियों को भी चिन्हित करने का निर्देश दिया गया जो 70 वर्ष की आयु एवं उससे अधिक के प्रतीत होते हैं किंतु कारा के रिकॉर्ड एवं आधार कार्ड में वर्णित उनकी आयु कम दर्शाया गया है। कारा अधीक्षक एवं सिविल सर्जन को जल्द से जल्द मेडिकल बोर्ड का गठन कर उनकी आयु की समीक्षा रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया, ताकि इस अभियान का लाभ उन सभी को मिल सके। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव उत्तम सागर राणा, जेल अधीक्षक, कारापाल, कारा में पदस्थापित मेडिकल टीम एवं एलएडीसी के सदस्य के साथ अन्य मौजूद थे।

## संथाल परगना जिला का मना 169वां स्थापना दिवस

रानीश्वर (दुमका) (नि.सं.)। 1855 के ऐतिहासिक संथाल विद्रोह की विरासत से जुड़े दिगुली के संथाल काटा पोखर परिसर में 169वां स्थापना दिवस उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस आयोजन का नेतृत्व संथाल हूल अखाड़ा, रानीश्वर के सचिव सीमन हांसदा, अध्यक्ष सुनील मुर्मू, और उपाध्यक्ष बुलु हेम्ब्रम ने किया। आयोजन के दौरान भारत सेवाश्रम संघ, पाथरा के आवासीय विद्यालय के छात्रों ने परिसर की साफ-सफाई की और इसे एक यादगार आयोजन बनाया। सगनेल मुर्मू, सत्यवान मरांडी, रंजीत सोरेन, राय सेन हेम्ब्रम, उमेश मुर्मू, संजय सोरेन, सूरज हेम्ब्रम, और निर्मल सोरेन जैसे छात्र सफाई अभियान में शामिल रहे।

# पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | जरमुंडी



जरमुंडी थाना क्षेत्र से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। पिछले कई दिनों से दुमका जिला अंतर्गत जरमुंडी थाना क्षेत्र के चोर खेदा,हथनंगा, केंदुआ टीकर, बेलटिकरी, बांधडीह, बनवारा,बासमत्ता, खरवा आदि गांव के आसपास डंगाल में प्रतिबिंव ऐप के माध्यम से साइबर अपराध कर्मियों द्वारा साइबर अपराध किए जाने की सूचना पुलिस अधीक्षक को तकनीकी शाखा से प्राप्त हो रही थी।उक्त सूचना के सत्यापन तथा आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधीक्षक दुमका के निर्देशानुसार एक विशेष टीम गठित कर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई।जिसमें दो साइबर अपराधी साइबर अपराध करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। जिसे गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मुकेश दर्वे (उम्र 29 वर्ष) पिता अर्जुन दर्वे, ग्राम कंजिया पोस्ट सिंघनी एवं नितेश कुमार मंडल (उम्र 23 वर्ष) पिता रीतलाल मंडल ग्राम केंदुआ टीकर, दोनों थाना जरमुंडी जिला दुमका निवासी हैं। गिरफ्तार अपराध कर्मियों के पास से तीन मोबाइल फोन, दो फर्जी सिम एवं दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराध कर्मियों का अपराधिक इतिहास भी रहा है। शिकारीपाड़ा थाना कांड संख्या 9/18 दिनांक 6-2- 2018, धारा 25 (1-बी) ए /26 /35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। साइबर अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी हेतु गठित दल में पुलिस निरीक्षक सह जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल, पुअनि नरेश महतो, आरक्षी विलियम टुडू, आरक्षी चेतन मिश्रा व सहायक पुलिस बल शामिल थे।

## पीएंडडी डांस एकेडमी ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

गोड्डा (नि.सं.)। संताल परगना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को स्थानीय पी एंड डी डांस एकेडमी द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर दुमका में आयोजित प्रमंडलीय युवा महोत्सव के समूह लोक नृत्य स्पर्धा की अपनी विजेता टीम के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। एकेडमी के शांति नगर अवस्थित नृत्यशाला में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला कला - संस्कृति संयोजक सुरजीत झा एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर जाने माने कलाकार मनीष कुमार सिंह के अलावा अन्य अतिथियों में कला प्रेमी अमरेंद्र कुमार सिंह तथा रिलायबल मोटर्स के आदर्श कुमार शामिल हुए। एकेडमी द्वारा मुख्य अतिथि श्री झा एवं विशिष्ट अतिथि श्री सिंह का कला - संस्कृति के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं अतुलनीय योगदान के लिए पुष्प पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं नए साल की डायरी से सम्मान किया गया।

# 68वीं एसजीएफआई नेटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ी छत्तीसगढ़ रवाना

निज संवाददाता | गोड्डा




68वीं एसजीएफआई अंडर 14 और अंडर 19 बालक-बालिका नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी रांची से छत्तीसगढ़ के कोरबा के लिए रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 25 दिसंबर से लेकर 28 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ स्थित कोरबा में आयोजित होनी है। इस आयोजन में गोड्डा जिला के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं, जिनमें बालक और बालिका दोनों वर्गों के खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के साथ राष्ट्रीय नेटबॉल खिलाड़ी और गोड्डा जिला नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव गुंजन झा तथा शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनंत कुमार यादव कोच और मैनेजर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका में रहेंगे। प्रतियोगिता के लिए टीम की तैयारियों के बारे में गुंजन झा ने कहा कि खिलाड़ियों की तैयारी बहुत अच्छी है और टीम संयोजन भी बेहतरीन है। उन्होंने कहा कि टीम को अच्छे परिणाम की उम्मीद है और यह प्रतियोगिता झारखंड के लिए गर्व का अवसर साबित होगी। इस मौके पर राष्ट्रीय नेटबॉल खिलाड़ी मोनालिसा, शारीरिक शिक्षा शिक्षक नीरज कुमार सिंह, अंजर अहमद, शक्ति कुमार, और खिलाड़ियों के अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और उन्हें उत्साहवर्धन करते हुए विदाई दी। सभी ने खिलाड़ियों को विश्वास दिलाया कि वे पूरी मेहनत और लगन से प्रतियोगिता में भाग लेंगे और निश्चित ही अच्छे परिणाम हासिल करेंगे। गोड्डा जिला से जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है इनमें अंडर 14 बालिका वर्ग के अन्वी आनंद, नंदिनी कुमारी, निधि कुमारी, स्वीटी कुमारी, मेहर कुमारी, चंचल कुमारी, राखी कुमारी, अंडर 14 बालक वर्ग के मयंक राज, प्रियांशु राज, आंद्रेस टुड्डू, सौरभ कुमार, राजकुमार, अंडर 19 बालिका वर्ग के सपना कुमारी, अंडर 19 बालक वर्ग के शाहिद अंसारी, धनराज शाह, मोहम्मद कामरान अंसारी शामिल हैं।

इस प्रतियोगिता में गोड्डा जिले के खिलाड़ियों के साथ झारखंड के अन्य जिलों के खिलाड़ी भी शामिल हो रहे हैं। यह आयोजन एक बेहतरीन अवसर है, जहां खिलाड़ी अपनी मेहनत और हुनर को प्रदर्शित करेंगे और अपनी टीम के लिए अच्छे परिणाम हासिल करने का प्रयास करेंगे। एसजीएफआई (स्पोर्ट्स फॉर गुड हेल्थ इंडिया) का यह आयोजन बच्चों को शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करने और उन्हें एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। प्रतियोगिता में भाग लेने से खिलाड़ियों को न केवल अपने खेल में सुधार करने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का भी एक अवसर मिलेगा। टीम के सदस्य और उनके कोचों ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण निश्चित रूप से उनके प्रदर्शन में दिखेगा और वे इस प्रतियोगिता में बेहतरीन परिणाम देने में सफल होंगे। सभी खिलाड़ियों को इस यात्रा के दौरान अपने पूरे दिल से जीतने और अपने जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी समारोह को लेकर चित्रांकन प्रतियोगिता

निज संवाददाता | दुमका



दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी समारोह को लेकर जामा प्रखंड के सिटीकबोना स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को चित्रांकन प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद एवं जामा विधानसभा से प्रत्याशी रहे सुरेश मुर्मू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रहित और सुशासन के लिए समर्पित रहा है। उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर हर जिले में प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें उनके जीवन और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही, अटल जी द्वारा किए गए राष्ट्रहित के कार्यों और सुशासन से जुड़े लेख स्थानीय भाषाओं के अखबारों और सोशल मीडिया पर प्रकाशित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर 'लोगो' प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेता डिज़ाइन को अभियान का प्रतीक चिह्न बनाया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अटल जी के चित्र बनाए। छात्रों की प्रतिभा और उनके उत्साह ने कार्यक्रम को सफल बनाया। चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण अटल जी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें सुरेश मुर्मू, कालेश्वर लायक, चंद्रकांत यादव, शैलेश राव, दुर्योधन राय, राजू दवे, दुर्योधन यादव, मनोज हसदा, प्रदीप यादव, सुनील यादव और रामजस मांझी शामिल थे।

# नंदन वॉरियर्स ने एस टी ब्रदर्स को 14 रन से हराया

निज संवाददाता | गोड्डा

जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित गोड्डा प्रीमियर लीग के दूसरे दिन सोमवार को खेले गए पहले मुकाबले में नंदन वॉरियर्स ने एस टी ब्रदर्स को 14 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुआ नंदन वॉरियर्स ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 151 रन का स्कोर खड़ा किया। गुफरान एवं विकास ने 29-29 एवं वैभव यादव ने 28 रन की पारी खेली। अजय मांझी एवं नयन मरांडी 3-3 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी में एस टी ब्रदर्स की टीम ने अजय मांझी के 5 छक्कों एवं 4 चौकें की मदद से सिर्फ 27 गेंद में ताबड़तोड़ नाबाद 58 रन के बावजूद 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 137 रन का स्कोर बना पाई। हिमांशु एवं सुरेंद्र ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहम्मद गुफरान अंसारी को संघ के सदस्य हरिकिशोर शाह के द्वारा दिया गया। दूसरे मैच में गोड्डा टाइगर ने पिछले वर्ष की उपविजेता टीम गोड्डा रॉयल्स को 31 रन से पराजित किया।

गोड्डा टाइगर की यह लगातार दूसरी जीत है। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा टाइगर्स ने 18 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 164 रन का स्कोर बनाया। कप्तान सिद्धार्थ ने 42 गेंद में 69 रन की पारी खेली। राहुल एवं अब्दुल ने 3-3 विकेट प्राप्त किया। जवाब में गोड्डा रॉयल्स की टीम 7 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 131 रन बना सकी। प्रणय सिंह ने सर्वाधिक नाबाद 42 रन की पारी खेली। हर्षित झा ने 34 रन बनाया तथा मतिश झा ने 3 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिद्धार्थ कुमार को जिला खेल पदाधिकारी डॉक्टर प्राण महतो के द्वारा दिया गया। मैच के दौरान मोहम्मद किरमान अंसारी ने अपनी कमेंट्री से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अंपायर की भूमिका में इफ्तेखार शेख (देवघर) एवं आलोक राजहंस (देवघर) तथा स्कोरर की भूमिका में ज्ञानवर्धन (धनबाद) थे। इस अवसर पर शाहिद इकबाल, मनोज अकेला, मिलन नाग, सनोज कुमार, मुकेश मंडल, संजीव कुमार, दीपक यादव, अजीत, अंजन, सुजीत, सूरज, सुरेंद्र सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

गोड्डा (नि. सं.)। जिले में थैलेसीमिया से ग्रसित मरीजों को रक्त आपूर्ति हेतु श्री बंजरंगबली सेवा समिति पोड़ैयाहाट के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजित रक्तदान शिविर मे कुल 18 यूनिट रक्तदान रक्तवीरों के द्वारा किया गया। रक्तदान करने वाले मे से मुख्य रूप से सज्जन भगत, सोनू भगत, बजरंगी भगत, पलटन भगत, सुमित भगत, अभिजीत दत्ता, सूरज कुमार, सरल भगत, आदित्य भगत, प्रभु केवट, मुन्ना सिंह, राकेश भगत, रवि राज एवं बबलू पाण्डेय के द्वारा रक्तदान किया गया। वहीं समिति के द्वारा बताया गया की पांच माह के बाद पुनः रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें महिलाओ की भी हिस्सेदारी होंगी।

# अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चला नगर पंचायत का बुलडोजर

निज संवाददाता | महागामा




नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार और अंचलाधिकारी डॉ. खगेन महतो के नेतृत्व में सोमवार को महागामा मुख्य मार्ग पर चलाए गए विशेष अभियान में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों के किनारे अवैध कब्जे को हटाकर सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित करना था। यह कार्रवाई अनुमंडल कार्यालय के समीप बजरंगबली चौक, गंगासागर मोड़, और बसुआ चौक तक मुख्य मार्ग पर की गई, जहां स्थानीय लोगों और दुकानदारों द्वारा सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। अभियान की शुरुआत बजरंगबली चौक से हुई, जहां से बसुआ चौक तक की सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। सड़क किनारे अस्थायी ढांचों, अवैध दुकानें, और अन्य निर्माणों को हटाने के लिए नगर पंचायत का बुलडोजर इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह कदम न केवल सड़क पर यातायात की सुगमता के लिए आवश्यक था, बल्कि एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन, और अन्य आकस्मिक सेवा वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी था। कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त अभियान एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों को पहले ही नोटिस जारी किया गया था, ताकि वे स्वयं अतिक्रमण हटा लें। इसके बावजूद जो लोग नियमों का उल्लंघन कर रहे थे, उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। यहां मुख्य सड़क के किनारे ठेले, स्टॉल और अस्थायी दुकानें लगाकर जगह कब्जा की गई थी, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। इन सभी को हटाकर मार्ग को चौड़ा और साफ किया गया। इस हिस्से में कई दुकानदारों ने सड़क के किनारे सामान फैलाकर अतिक्रमण किया हुआ था। अधिकारियों ने इन सामानों को हटवाया और दुकानदारों को भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी। अभियान के दौरान सरकारी भूमि पर बनाए गए कई अवैध ढांचों को गिरा दिया गया। इसके साथ ही, स्थानीय निवासियों को चेतावनी दी गई कि यदि वे दोबारा सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी डॉ. खगेन महतो ने कहा कि यह कार्रवाई शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए की गई है। अतिक्रमण के कारण न केवल सड़कें संकरी हो जाती हैं, बल्कि आपातकालीन सेवाओं में भी बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनता को यह संदेश देना है कि सरकारी भूमि का दुरुपयोग सहन नहीं किया जाएगा।

# कोयला लदे हाइवा की चपेट में आए बाइक सवार, दो लोगों की हुई मौत



निज संवाददाता | रामगढ़

जिले के सयाल मंगल बाजार के पास सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक और आक्रोश से भर दिया। यह हादसा उस समय हुआ जब कोयला लदे एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना इतनी भयावह थी कि एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान उरीमारी के पिंडरा कॉलोनी के निवासी के रूप में हुई है। हादसे के बाद उनके परिवारों में मातम पसर गया है। गांव के लोग इस घटना से गुस्से में हैं और उन्होंने शवों को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह हादसा प्रबंधन की लापरवाही और भारी वाहनों के तेज गति से चलने के कारण हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि कोयला लदा हाइवा उरीमारी से मैथन जा रहा था और उसकी गति बहुत तेज थी। भीड़भाड़ वाले इलाके में भारी वाहनों का तेज रफ्तार से चलना खतरनाक है, लेकिन प्रबंधन ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। घटना के समय हाइवा चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बाइक सवारों को टक्कर मार दी। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में अक्सर भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण सड़क हादसे होते रहते हैं। इसके बावजूद न तो स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं और न ही यातायात नियमों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। उन्होंने मृतकों के शवों को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया और यातायात को बाधित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में तेज रफ्तार भारी वाहनों का चलना बेहद खतरनाक है। रात के समय इन वाहनों में खलासी नहीं होते, जिससे चालक को वाहन संचालन में मदद नहीं मिलती।

इसके अलावा, कई चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होता और उनकी गतिविधियों की कोई निगरानी नहीं की जाती। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाने और स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हाइवा चालक, जो घटना के बाद से फरार है, की तलाश की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। सड़क हादसों का असर केवल जान-माल के नुकसान तक सीमित नहीं है। यह पीड़ित परिवारों पर भारी आर्थिक और भावनात्मक बोझ डालता है। रामगढ़ के इस हादसे ने एक बार फिर से यह दिखा दिया है कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन में लापरवाही कितनी घातक हो सकती है। अब यह देखना बाकी है कि प्रशासन और प्रबंधन इस घटना से क्या सबक लेते हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

निज संवाददाता | गुमला



गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत महुगांव मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल से गिरकर बदरी करमटोली निवासी जोगेश्वर उरांव और गुनिया निवासी राज उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से देर रात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक ने जोगेश्वर उरांव को इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। जबकि बेहतर इलाज हेतु राज उरांव को गुमला रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे घटना की जानकारी ली। घटना के विषय में मृतक के परिजनों ने बताया कि एक बाइक पर सवार होकर दोनों चूंदरी मेला देखकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। इसी क्रम में महुगांव मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गिर गए और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आज पुलिस ने मृतक जोगेश्वर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जप्त कर लिया।

# 25 लाख रुपये के नशीले इंजेक्शन और दवाएं बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता | जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)



जिला प्रशासन और पुलिस ने नशा कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस अभियान में 25 लाख रुपये मूल्य के नशीले इंजेक्शन और दवाएं बरामद की गई हैं। साथ ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के तहत पांच मेडिकल स्टोर और ऑटो पार्ट्स की दुकानों को सील कर दिया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि शहर में अपराधियों द्वारा नशे का उपयोग कर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। कई मामलों में देखा गया कि युवा नशे की लत में फंसकर अपराध में लिप्त हो रहे थे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को सूचित किया कि कुछ मेडिकल दुकानों से नशे के सामान की खुलेआम बिक्री हो रही है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और एक संगठित रैकेट का खुलासा किया। जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से यह कार्रवाई की। सबसे पहले उन मेडिकल स्टोर्स और दुकानों की पहचान की गई, जहां से नशे का सामान बेचा जा रहा था। इसके बाद विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान 25 लाख रुपये के नशीले इंजेक्शन और अन्य प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गईं। इनमें से कई दवाएं मेडिकल उपयोग के लिए प्रतिबंधित हैं और इनका उपयोग केवल नशे के लिए किया जाता है। इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से एक प्रमुख नशा कारोबारी है, जो शहर में नशे के सामान की आपूर्ति करता था। अन्य तीन आरोपी इस रैकेट का हिस्सा हैं, जो इन सामग्रियों को विभिन्न जगहों पर वितरित करते थे। पांच मेडिकल स्टोर्स और एक ऑटो पार्ट्स की दुकान को सील कर दिया गया है। इसके अलावा, आरोपी के घर से भी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि नशा और अपराध के बीच गहरा संबंध है।

कई अपराधों में देखा गया है कि अपराधी नशे की हालत में वारदात को अंजाम देते हैं। इससे न केवल कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। शहर के कई इलाकों से शिकायतें आ रही थीं कि मेडिकल दुकानों पर खुलेआम नशे का सामान बेचा जा रहा है। इन शिकायतों में यह भी बताया गया कि नशीले पदार्थ युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, जिससे वे नशे के जाल में फंस रहे हैं। एसएसपी ने कहा कि यह कार्रवाई नशे के कारोबारियों के लिए एक कड़ा संदेश है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन और पुलिस नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे इस तरह की गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जिला प्रशासन ने घोषणा की है कि नशे के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाएगा। शहर में हर मेडिकल स्टोर और संदिग्ध दुकानों की जांच की जाएगी। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने समाज में नशे की समस्या की गंभीरता को उजागर किया है। नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समुदाय को प्रभावित करता है। प्रशासन और समाज के सहयोग से ही इस समस्या का समाधान संभव है। जमशेदपुर की यह कार्रवाई एक बड़ा कदम है, लेकिन इसे स्थायी प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं।

# लायंस क्लब द्वारा पहाड़िया परिवारों के बीच कंबल वितरण, ठंड में असहायों को मिली राहत

निज संवाददाता | गोड्डा



बढ़ती ठंड को देखते हुए लायंस क्लब द्वारा साथी संस्था के कार्य क्षेत्र सुंदरपहाड़ी प्रखंड के कुसमाहा पंचायत के परकानी, सिदापाड़ा और दालकुंडी गांवों में असहाय और जरूरतमंद पहाड़िया परिवारों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष अनूप गाडिया और नीरज कुमार ने मिलकर करीब ढाई सौ कंबल जरूरतमंदों को प्रदान किए। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अनूप गाडिया ने अपने संबोधन में कहा, "हमारी कोशिश है कि पहाड़िया क्षेत्र के इन सुदूर गांवों में ठंड से बचने के लिए विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं को राहत प्रदान की जाए। लायंस क्लब हमेशा से इस तरह के मानवता से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहा है और हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारे समाज के वंचित वर्ग को ठंड और अन्य कठिनाइयों से जूझने में मदद मिल सके।" कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों में लायंस क्लब के सदस्य डॉ. अरुण कुमार सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, अंकेश कुमार, राजेश ठाकुर, करिश्मा टेकरीवाल, सुनील कुमार साह, हरि किशोर, ज्ञान किशोर, गुंजन कुमार झा, जितेंद्र प्रसाद साह और साथी संस्था के सुबोध कुमार, सुचित्रा देवी, सीमा मुर्मू, जुलियस मुर्मू, नारायण साह और अश्विनी सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे। इस कंबल वितरण कार्यक्रम ने ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के चेहरों पर राहत की मुस्कान लाई। कंबल मिलने से खासकर उन परिवारों को राहत मिली जो ठंड के मौसम में अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में संघर्ष कर रहे थे। लायंस क्लब के इस नेक कार्य ने न केवल गरीब और असहाय परिवारों को ठंड से राहत दी, बल्कि समाज में एकता और सहानुभूति की भावना को भी मजबूत किया।

## बाइक का संतुलन बिगड़ने से चालक गिरकर घायल

साहिबगंज (नि.सं.)। राधा नगर थाना क्षेत्र के होशियापुर गांव में रविवार रात एक बाइक चालक का संतुलन बिगड़ने के कारण वह बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक की पहचान अब्दुल सत्तार के 19 वर्षीय पुत्र मोहम्मद बारीक के रूप में हुई है। घटना के अनुसार, मोहम्मद बारीक बाइक लेकर अपने घर से बाजार की ओर जा रहा था। अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात के समय होने के कारण आसपास के लोग और उसके परिजन जल्दी से घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने तत्काल उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत का मूल्यांकन किया और तुरंत इलाज शुरू कर दिया। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि उसे कुछ हल्की चोटें आई हैं, लेकिन स्थिति अब स्थिर है और उसका स्वास्थ्य ठीक है।

# अवैध पिस्टल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, पतरातू डैम के पास बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए कर रहे थे तैयारी

निज संवाददाता | रामगढ़



पुलिस ने जिले में अपराध पर कड़ा प्रहार करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पतरातू डैम के पास से पकड़े गए इन अपराधियों के पास से अवैध पिस्टल और नीले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि ये अपराधी एक बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। उनकी साजिश को पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। रामगढ़ पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधी किसी गंभीर घटना की योजना बना रहे हैं। इस सूचना को रामगढ़ के एसपी ने गंभीरता से लिया और तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीपीओ पतरातू के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने पतरातू डैम के पास क्षेत्र की घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू की। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो दोनों अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार थे और पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने सूझबूझ और तेजी से उनका पीछा किया और उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक अवैध पिस्टल और पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ के दौरान अपराधी इस हथियार के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया और पतरातू थाने ले जाया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने बताया कि उनका इरादा पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर फायरिंग करने का था। इस ओवरब्रिज का निर्माण MGCPL कंपनी द्वारा किया जा रहा है। अपराधियों ने स्वीकार किया कि यह साजिश जेल में बंद श्रीवास्तव गैंग के प्रमुख अमन श्रीवास्तव और शिव शर्मा के निर्देश पर रची गई थी। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान साहिल सिंह और राहुल शर्मा के रूप में हुई है। ये दोनों श्रीवास्तव गैंग के करीबी सहयोगी बताए जा रहे हैं। गैंग के सरगना अमन श्रीवास्तव और शिव शर्मा, जो फिलहाल जेल में बंद हैं, ने इस घटना को अंजाम देने का आदेश दिया था। यह घटना स्थानीय उद्योगों और निर्माण कार्य में लगे लोगों के बीच भय पैदा करने के लिए की जानी थी। रामगढ़ पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, इस घटना से जुड़े और भी अपराधियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। दोनों गिरफ्तार अपराधियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। इस घटना के बाद पुलिस ने पतरातू क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। निर्माण कार्यों से जुड़े सभी स्थलों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस का दावा है कि वे अपराधियों की हर साजिश को विफल करने के लिए तत्पर हैं। रामगढ़ पुलिस की यह कार्रवाई न केवल एक बड़ी घटना को रोकने में सफल रही, बल्कि क्षेत्र में सक्रिय अपराधी गिरोहों पर भी कड़ा संदेश भेजा है। यह पुलिस की तत्परता और कुशलता का प्रमाण है।

# गुड गवर्नेंस को लेकर कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)




बेहतर शासन व्यवस्था बनाने और राज्य सरकार की योजनाओं को वास्तविक रूप देने के उद्देश्य से हरिहरगंज प्रखंड सभागार में गुड गवर्नेंस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एसडीओ आशीष गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के तहत आयोजित किया गया। कार्यशाला में छतरपुर एसडीओ ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को गुड गवर्नेंस के महत्व और उसके मूल स्वरूप के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को कॉर्पोरेशन (सहयोग) और कोऑर्डिनेशन (समन्वय) के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका कहना था कि यदि सभी अधिकारी और प्रतिनिधि एकजुट होकर कार्य करेंगे, तो गुड गवर्नेंस की परिकल्पना को धरातल पर उतारना संभव होगा। एसडीओ ने कहा कि शासन-प्रशासन और आमजन के बीच सकारात्मक संवाद की प्रक्रिया को और मजबूत करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और उनके मुद्दों को सुलझाने के लिए प्रशासन को हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस दौरान अनुशासन और कार्य की जिम्मेदारी को निभाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को यह भी बताया गया कि राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए ताकि समाज के सबसे निचले स्तर तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योजनाओं के सही क्रियान्वयन के लिए समाज की भागीदारी और स्थानीय प्रतिनिधियों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस दौरान जानकारी दी गई कि राज्य सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चल रहे सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की जाएगी और उन्हें लाभुकों से जोड़ा जाएगा। कार्यशाला में हरिहरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी, अंचलाधिकारी मनीष सिन्हा, प्रखंड प्रमुख कमला देवी, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष संदीप कुमार यादव, अनिल कुमार सिंह, काजल कुमारी, नीतू कुमारी, पंसस शैलेंद्र सिंह, सत्येंद्र भुईयां और अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद थे। कार्यशाला के अंत में अधिकारियों ने एकजुट होकर यह निर्णय लिया कि इस कार्यशाला से मिलने वाली जानकारी और दिशा-निर्देशों का पालन कर गांवों और छोटे शहरों में योजनाओं को लागू किया जाएगा। सभी उपस्थित लोगों ने इस कार्यशाला को एक सकारात्मक कदम माना और यह आशा जताई कि इस तरह के कार्यक्रमों से प्रशासन और नागरिकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। यह कार्यशाला हरिहरगंज में एक नई दिशा देने के साथ-साथ राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## हरिहरगंज में बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

हरिहरगंज (पलामू) (नि. सं.)। हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को बिजली सप्लाई पूरी तरह से बाधित रहेगी। यह कटौती नावा बाजार में 33 केवीए लाइन में मेंटेनेंस कार्य के कारण की जाएगी। बिजली विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसके दौरान लगभग 7 घंटे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। कुमार ने बताया कि इस दौरान किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए सभी जरूरी कार्य समय पर निपटाने की अपील की गई है। उन्होंने नागरिकों से खेद जताते हुए यह भी कहा कि मेंटेनेंस कार्य अत्यंत आवश्यक है ताकि भविष्य में बेहतर और स्थिर बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जा सके। अतः हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड के निवासी मंगलवार को इस अवधि में बिजली की अनुपलब्धता से प्रभावित होंगे, और उन्हें इस असुविधा के लिए पहले से तैयार रहना होगा।

# ट्विटर से क्रांति लाता छतरपुर का एक युवक मंत्री और मुख्यमंत्री तक ले चुके है संज्ञान

निज संवाददाता | छतरपुर (पलामू)

जहां आज के समय में सोशल मीडिया का उपयोग अधिकांश लोग केवल मनोरंजन और समय बिताने के लिए करते हैं, वहीं छतरपुर के मदनपुर गांव के निवासी जितेंद्र पासवान ने इसे एक सकारात्मक और परिवर्तनकारी माध्यम बना दिया है। बिगु राम के बेटे जितेंद्र पासवान ने ट्विटर का ऐसा सार्थक उपयोग किया है कि वे न केवल अपने क्षेत्र के जरूरतमंदों की आवाज बने, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान भी करवा चुके हैं। जितेंद्र के प्रयासों ने राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना और चिकित्सा सेवाओं जैसी दर्जनों समस्याओं को सरकार के उच्च स्तर तक पहुंचाया है। उनकी पहल पर राज्य के मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक ने संज्ञान लिया और समस्याओं का समाधान किया। यह दिखाता है कि सही इरादे और सही माध्यम से बड़ी से बड़ी समस्याओं को हल किया जा सकता है। जितेंद्र कुमार का ट्विटर हैंडल उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उनके 2,700 से अधिक फॉलोवर्स हैं, और उन्होंने इसे जरूरतमंदों की समस्याओं को उजागर करने और समाधान प्राप्त करने के लिए एक मजबूत मंच बना दिया है। उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों में आवास, पेंशन, चिकित्सा सहायता, और अन्य सामाजिक कल्याण योजनाएं शामिल हैं। जितेंद्र द्वारा ट्विटर पर उठाए गए मामलों ने कई बार सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि कई जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। जितेंद्र कुमार का कार्य न केवल सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है, बल्कि यह प्रेरणा भी देता है कि कैसे एक आम नागरिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग समाज में बदलाव लाने के लिए कर सकता है। जितेंद्र का कहना है, "ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म का सही उपयोग कर हम अपनी समस्याओं को उन लोगों तक पहुंचा सकते हैं, जो वास्तव में इसे हल कर सकते हैं।" उनका यह प्रयास न केवल उनके क्षेत्र बल्कि पूरे राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जितेंद्र का मानना है कि यदि सोशल मीडिया का उपयोग सही दिशा में किया जाए, तो यह समाज को बदलने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है। उन्होंने साबित कर दिया कि यदि इरादे नेक हों और माध्यम सही हो, तो परिवर्तन संभव है। जितेंद्र पासवान जैसे युवा आज यह दिखा रहे हैं कि छोटे गांवों से भी बड़े बदलाव की शुरुआत हो सकती है। उनके कार्य न केवल सराहनीय हैं, बल्कि यह दिखाते हैं कि तकनीक और मानवता का मेल समाज को नई दिशा दे सकता है।

# सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)



हरिहरगंज के मेन रोड स्थित मिडिल स्कूल के प्रांगण में जीनियस कंप्यूटर सेंटर द्वारा लिखित और मौखिक कंप्यूटर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सेंटर के करीब 200 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। छात्रा वर्ग में टॉप 4 में प्रीति प्रथम, शोभा द्वितीय, अंशु तृतीय और पल्लवी कुमारी चतुर्थ स्थान पर रहीं। वहीं, छात्र वर्ग में अमरेंद्र प्रथम, कृष्णा द्वितीय, राजेश तृतीय और अनुराग कुमार समेत 50 अन्य सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को जीनियस कंप्यूटर सेंटर के निदेशक कुमुद रंजन सिंह द्वारा कप और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुमुद रंजन सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं।" उन्होंने बताया कि जीनियस कंप्यूटर सेंटर पिछले 16 वर्षों से प्रत्येक दो महीने पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित करता आ रहा है। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि हरिहरगंज में पहली बार उनके संस्थान ने स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई शुरू की है, जो आधुनिक शिक्षा प्रणाली का हिस्सा है। सेंटर के निदेशक ने कहा कि स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई करने से विद्यार्थियों को अधिक व्यावहारिक और आसान तरीके से सीखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह आयोजन न केवल छात्रों के ज्ञान को परखने का एक मंच बना, बल्कि उनकी क्षमता को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने का भी माध्यम साबित हुआ।

# समाजसेवी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)



ठंड और कड़ाके की सर्दी को देखते हुए हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के बंजारी मोहल्ला में समाजसेवी मो. डायमंड अली ने अपने निजी खर्च से गरीब, असहाय और बुजुर्गों के बीच कंबल, लूंगी, चप्पल और मिठाई का वितरण किया। इस नेक कार्य ने स्थानीय लोगों के दिलों में समाजसेवी के प्रति सम्मान बढ़ा दिया है। डायमंड अली ने वितरण के दौरान कहा, "हमारा उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। अगर किसी गरीब या असहाय व्यक्ति को कोई समस्या हो, तो वह निःसंकोच मुझसे संपर्क कर सकता है। मैं उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर हूं।" इस कार्य को लेकर बंजारी मोहल्ला के लोगों ने डायमंड अली को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे समाजसेवी ही सच्चे नायक हैं, जो निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा में लगे रहते हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मौके पर इमरान खान, फहीम अख्तर, मिठन अंसारी, मो. असलम, इबरार शाह, नवाब अंसारी, मो. शाहनवाज, एहतेशाम, बदरे आलम, नईम अंसारी, सगीर, गुड्डू, भल्लू, अयूब, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, राजू लाल, नंदू रजक, और कलाम मियां समेत कई लोग मौजूद थे। डायमंड अली का यह प्रयास समाज में सेवा भाव को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने दिखाया कि कैसे निजी संसाधनों का उपयोग कर जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है। उनके इस कार्य ने न केवल स्थानीय लोगों की मदद की, बल्कि अन्य लोगों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित किया है। यह पहल साबित करती है कि अगर समाज के संपन्न लोग जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं, तो कोई भी व्यक्ति ठंड या अन्य कठिनाइयों से परेशान नहीं होगा।

# ब्रह्म स्थान को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए बैठक आयोजित

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)

हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत थाना समीप स्थित ब्रह्म स्थान की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने और ब्रह्म स्थान के निर्माण को लेकर समाजसेवियों तथा प्रबुद्ध लोगों ने संस्कार भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में ब्रह्म स्थान को अतिक्रमण मुक्त करने और इसके पुनर्निर्माण के लिए एक समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से जगन चंद्रवंशी को अध्यक्ष, अनुज कुमार को उपाध्यक्ष, गोविंद राम को सचिव, और डॉ. अमरजीत यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा, डॉ. अनुज कुमार, आनंद मोहन सिंह, हिमांशु कुमार, और कृष्ण प्रसाद को समिति के संरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। समिति के गठन के बाद, सभी सदस्यों ने इस पहल को गति देने के लिए मिलकर काम करने की योजना बनाई, ताकि ब्रह्म स्थान की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा सके और वहां धार्मिक स्थल के रूप में निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। इस बैठक में अरबिंद बोस, शशि कुमार, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे और इस कार्य में समर्थन देने का संकल्प लिया। समिति के सदस्य इस योजना के तहत जल्दी ही अतिक्रमण हटाने और ब्रह्म स्थान के निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने की योजना बना रहे हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## पेपर लीक मामले पर रखना होगा विशेष ध्यान

राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) में सुधार की दिशा में सार्थक पहल हुई है। अपने गठन से लेकर अभी तक पर्चाफोड़ सहित कई विवादों में रही एनटीए अब केवल उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री की घोषणा के बाद उम्मीद बनी है कि इससे न केवल परीक्षार्थियों की शिकायतें कम होंगी, बल्कि अनावश्यक विवाद भी नहीं उठेंगे। पहले कई परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी खामियां सामने आई थीं। वहीं मेडिकल में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक होने और दूसरी अनियमितताओं के कारण कई परीक्षाएं रद्द कर दी गई थीं। इस पर न केवल सवाल उठे, बल्कि लाखों परीक्षार्थियों का भरोसा भी टूटा था। एनटीए की साख भी धूमिल हुई थी। केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा शुरू करने में देरी पर समय की भरपाई के लिए कृपांक देने के मामले में भी भारी विवाद हुआ था। तब एजेंसी को अपना फैसला वापस लेना पड़ा था। तमाम गड़बड़ियों की वजह से ही एजंसी के महानिदेशक को हटाना पड़ा था। इसके बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी के कामकाज में सुधार को लेकर कवायद शुरू हुई। यह अच्छी बात है कि अब एनटीए भर्ती परीक्षाएं आयोजित नहीं करेगी। अगले वर्ष से वह खुद को सिर्फ प्रवेश परीक्षाओं तक सीमित रखेगी। निश्चित रूप से यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है। दरअसल, राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी में सुधार के लिए जो उच्च स्तरीय समिति गठित की गई थी, उसने अपनी रपट सरकार को सौंप दी है। इसके बाद ही सरकार ने बड़ा कदम उठाया। अब न केवल राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी के पुनर्गठन के रास्ते खुलेंगे, बल्कि इसकी कार्यशैली भी बदलेगी। इसका लाभ अंततः परीक्षार्थियों को ही मिलेगा। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि नए कदम से एजेंसी की परीक्षा व्यवस्था पुख्ता होगी, जिसे लेकर संसद से लेकर सड़क तक सवाल उठते रहे हैं। चूंकि बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है, तो संभव है तकनीकी आधारित परीक्षा आयोजित करने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए जाएं। फिलहाल उम्मीद की जा सकती है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी अपने गठन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए पारदर्शिता और शुचिता कायम करने के दिशा में कदम बढ़ाएगी।

## वन नेशन-वन इलेक्शन' समय और जनता पर बोझ से बचने के लिए जरूरी

एक राष्ट्र एक चुनाव मौजूदा केंद्र सरकार का महत्त्वाकांक्षी विचार है। यह नारा उसने अपने पिछले कार्यकाल में ही दिया था। मगर इसे लेकर विरोध शुरू हो गया और विपक्षी दलों ने न केवल इसे अव्यावहारिक, बल्कि असंवैधानिक भी करा दिया था। सरकार ने इस पर विचार और सुझाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुआई में एक समिति गठित कर दी। उस समिति के गठन पर भी सवाल उठे कि उसके सदस्यों के पास अपेक्षित योग्यता नहीं है। मगर समिति ने विभिन्न दलों से बातचीत की, जिसमें से अनेक दलों ने इस विचार का विरोध किया था, फिर भी समिति ने सुझाव दिया कि देश में सभी चुनाव एक साथ कराए जाने चाहिए। इसके पीछे बड़ा तर्क है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर कराए जाने से धन और समय की काफी बर्बादी होती है। इस तर्क को खारिज करने के लिए भी अनेक उदाहरण और तर्क पेश किए गए। मगर सरकार ने इससे संबंधित दो विधेयक संसद में पेश कर दिए। एक विधेयक एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर था और दूसरा केंद्र और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन से संबंधित था। संविधान संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में सत्तापक्ष को दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। वह नहीं मिल पाया और स्वाभाविक रूप से दोनों विधेयक पारित नहीं हो सके। अब सरकार ने इन विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति के पास समीक्षा के लिए भेजने का फैसला किया है। निस्संदेह यह संवैधानिक दृष्टि से संवेदनशील मुद्दा है और इसे आनन-फानन पारित करा लेने से आने वाले वक्त में कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अलग-अलग चुनाव होने से न केवल खर्च कुछ अधिक होता है, बल्कि निर्वाचन आयोग और सरकार के कामकाज में भी बाधाएं आती हैं। मगर ऐसा करने के लिए जिन सरकारों का कार्यकाल बढ़ाना या घटाना पड़ेगा।

# क्या इंडिया गठबंधन के सियासी चक्रव्यूह में घिर जाएंगे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी?

**(कमलेश पांडे)**

कहना न होगा कि शरद पवार और ममता बनर्जी ने अपने अपने राज्यों में कॉंग्रेस को ही तोड़कर अपनी सियासत चमकाई है। हालांकि, उनके मिशन को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का साथ मिलने से शरद पवार का पलड़ा भारी हो गया। देश-दुनिया में हर रोज एक महाभारत शुरू होता है जो महज 18 दिन नहीं, बल्कि महिनों-सालों चलता रहता है। दरअसल यह एक राजसी प्रवृत्ति है जो यत्र-तत्र-सर्वत्र अपनी इहलीला प्रदर्शित करती रहती है। यह कभी किसी के अंतरतम में चलता है तो कभी सियासी जगत में। कभी आर्थिक जगत के कार्पोरेट्स वार के रूप में, तो कभी सामाजिक क्षेत्र के जातीय अंतर्द्वंद्व युद्ध में। कभी सांस्कृतिक क्षेत्र के साम्प्रदायिक रणभूमि में तो कभी अंतर्राष्ट्रीय फलक पर खुले जंग के रूप में। कमोबेश हर जगह युद्ध जीतने वालों को गुटबंदी की जरूरत पड़ती है और इस हेतु प्रायोजित चक्रब्युह हेतु किसी न किसी अभिमन्यु की तलाश रहती है। यूँ तो भारतीय राजनीति में एक नहीं, अनेक अभिमन्यु हैं, लेकिन यहां पर कांग्रेस युवराज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समक्ष समुपस्थित राजनीतिक परिस्थितियों की बात करना अधिक प्रासंगिक है। क्योंकि 10 वर्षों के अथक परिश्रम के बाद लोकसभा चुनाव 2024 में अपने कुशल नेतृत्व का डंका पिटवाने वाले राहुल गांधी आखिर हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जैसी जीती हुई बाजी हारकर अपने ही गठबंधन सहयोगियों के आंखों की किरकिरी कैसे बन गए? क्या सिर्फ इसलिए कि भाजपा के रणनीतिकारों के इशारे पर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन है जिसमें अधिकांश सूबाई क्षत्रप शामिल हैं? क्योंकि यही वह सफल गठबंधन है जिसने उसकी सारी सियासी हेकड़ी लोकसभा चुनाव 2024 में तोड़ कर रख दी और उसके सामने गठबंधन की मजबूरी खड़ी कर दी। वहीं, यूपी में उसके मोदी-योगी जैसे नेतृत्व के माथे पर चिंता की शिकन पैदा कर दी। या फिर शरद पवार और लालू प्रसाद की राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हुई,

> *अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि जब दिल्ली में घटनाएं हो रही है, तो कल्पना कीजिए पूरे देश मे क्या हो रहा होगा। क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने सिर्फ इतना कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस एक बार कह दें कि उनसे दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। हालांकि वह यह नहीं कह पाए कि फिर हम सम्भाल लेंगे।*

जबकि ममता बनर्जी अपने मिशन में कामयाब रहीं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों को उनकी सियासी हद में रखा। या फिर समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इशारे पर कांग्रेस युवराज राहुल गांधी नहीं थिरक रहे हैं, इसलिए। क्योंकि शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे कांग्रेस के स्वाभाविक सहयोगी नहीं हैं। हालिया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हें कमतर बताने में कांग्रेस सफल रही और महाराष्ट्र के सियासी नक्शे से मिट गई। इसी प्रकार कांग्रेस ने दिल्ली से पंजाब तक आप को सिमटने पर विवश कर दिया और अखिलेश की सपा को भी यह जतला दिया कि सिर्फ यूपी में रहें, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र में उसके कंधे पर सवार होकर आगे बढ़ने का स्वप्न न पालें। यही वजह है कि ये सभी नेता कांग्रेस से नाराज हैं और तीसरे मोर्चे को पुनः खाद पानी देने की सियासी चाल चल रहे हैं। यही वजह है कि हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन में नेतृत्व के सवाल पर कांग्रेस नेतृत्व को नीचा दिखाने की तिकड़म जो तिकड़मी सियासत शुरू हुई और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद जैसे नेताओं ने भी कांग्रेस से पाला बदलने में हड़बड़ाहट दिखाई, उससे तो यही महसूस हुआ कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार जैसे सियासी धुरंधर अपने मकसद में कामयाब हो गए। तभी तो कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव व लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी जैसे राष्ट्रीय चेहरों के रहते हुए भी इंडिया गठबंधन के नए अध्यक्ष के रूप में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम उछाला गया। कहना न होगा कि शरद पवार और ममता बनर्जी ने अपने अपने राज्यों में कॉंग्रेस को ही तोड़कर अपनी सियासत चमकाई है। हालांकि, उनके मिशन को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का साथ मिलने से शरद पवार का पलड़ा भारी हो गया। कहने का मतलब यह कि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार ने यह संकेत दे दिया कि उसे मजबूत कांग्रेस की नहीं, कमजोर कांग्रेस की जरूरत है, जो उनके इशारे पर थिरकती रहे। इधर, दिल्ली और उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस को कमजोर ठहराने के लिए दिल्ली में एक मंच पर अखिलेश और केजरीवाल ने हाथ मिला लिया है। इससे पहले राजद नेता व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का साथ केजरीवाल ले ही चुके हैं। बिहार के मुख्यमंत्री व जदयू नेता नीतीश कुमार भले ही पुनः एनडीए गठबंधन में हैं, लेकिन केजरीवाल से उनके मधुर सम्बन्ध जगजाहिर हैं। एनडीए विरोधी इंडिया गठबंधन खड़ा करने में नीतीश के योगदान को नहीं भुला सकता है और यदि उन्हें गठबंधन का संयोजक बना दिया गया होता तो आज वो इंडिया गठबंधन में ही होते। वहीं, ईवीएम के दुरूपयोग के सवाल पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री व नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को जो आईना दिखाया है, उससे साफ है कि अपने अपने तरीके से इंडिया गठबंधन के सहयोगी राहुल गांधी को घेर रहे हैं, ताकि कांग्रेस दबाव में रहे और यदि कभी पुनः तीसरे मोर्चा बने तो उनके लिये भी रास्ता खुला रहे। क्योंकि भाजपा नीत एनडीए के विरोध में बना इंडिया गठबंधन या संभावित तीसरा मोर्चा कोई मजबूत गठबंधन नहीं है क्योंकि यूपी बिहार में यह महागठबंधन तो महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी बन जाता है। इससे पहले इसे यूपीए समझा जाता था। इसलिए मेरा मानना है कि भाजपा या कांग्रेस विरोधी सियासत के लिए तीसरा मोर्चा सबसे उपयुक्त नाम है, जो पूरे देश में एक समझा जाता है। अपने देखा होगा कि आम आदमी पार्टी ने हाल ही में दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 'महिला अदालत' का आयोजन किया। जिसमें एसपी प्रमुख अखिलेश यादव ने अरविंद केजरीवाल के साथ मंच साझा करते हुए बीजेपी पर जमकर हमला बोला और आप को बिना शर्त समर्थन देते हुए कहा कि यहां पर सपा अपना कोई उमीदवार खड़ा नहीं करेगी। ऐसा कहकर उन्होंने कांग्रेस पर मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ा दिया कि यदि वह भाजपा विरोधी और अल्पसंख्यक समर्थक राजनीति करती है तो दिल्ली में सभी सीटों पर अपना उमीदवार नहीं दे।

# सच ही तो है - अंबेडकर जी सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं

**(प्रवीण गुगनानी)**

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही 'दलित विमर्श' रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही 'सामाजिक समरसता' के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। इस 'दलित विमर्श' के ही डीएनए का परिणाम है कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इस देश में अंबेडकर जी को 'भारत रत्न' सम्मान मिल पाया। अंबेडकर जी को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया, उसने तो नेहरू जी के प्रधानमंत्री रहते नेहरू जी को और इंदिरा जी की सरकार रहते इंदिराजी को भारत रत्न दे दिया था। अंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन सुबह के अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में अंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व अंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग या केमिस्ट्री को समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव से रही है, इसका परिणाम है कि, मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने 'समता नगर' रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्ताराव सिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे। संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देश भर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, अंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के, अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री जी के इस व्यक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो अंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा - हमे तो आनंद है कि अंबेडकर का नाम लेते हैं। अंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ अंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। अंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। अंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं । शाह ने आगे कहा, अंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया।उन्होंने कई बार कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। अंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ, इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। बार बार संविधान और फैशन में अंबेडकर जी का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में अंबेडकर जी को प्रवेश तक भी न मिलने देनें हेतु षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। अंबेडकर जी बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी। देश विभाजन में ईक्कावन प्रतिशत हिंदू बहुल वाले क्षेत्रों को भारत में रहने देना तय हुआ था। केवल बाबासाहेब को संविधान सभा में घुसने से रोकने के लिए कांग्रेस ने बंगाल का यह इकहत्तर प्रतिशत वाला जिला पाकिस्तान को दे दिया था ताकि अंबेडकर जी की संविधान सभा की सदस्यता रद्द हो जाए। आज अंबेडकर जी का नाम फैशन में लेने वाली कांग्रेस ने तो अंबेडकर जी का चित्र तक लोकसभा में नहीं लगने दिया था। संसद में, गैरकांग्रेसी सरकार बनने पर ही अंबेडकर जी का चित्र लग पाया था। भाजपा ने अंबेडकर जी से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। बाबासाहेब लंदन में जिस घर में रहे, भाजपा सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया व उनके स्मारक के रूप में उसे लंदन तक में विकसित किया। भाजपा ने ही चैत्य भूमि को विकसित किया और प्रधानमंत्री मोदी वहाँ स्वयं प्रार्थना करने हेतु गए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5591

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5590

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

## वर्ग पहेली 5591

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | ■ | 6 |
| 7 | | | | | ■ | 8 | |
| | ■ | | ■ | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | | |
| ■ | | ■ | 13 | | | | |
| 14 | | | | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 15 | ■ | 16 |
| 17 | | | | ■ | 18 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1961 को इस अमेरिका के प्रथम अश्वेत एंव 44 वें राष्ट्रपति ने जन्म लिया था (6)
7. निराकरण या समाधान करना (5)
8. सड़क, मार्ग (अंग्रेजी)(2)
9. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष (3)
10. चोचला, ठसक, हाव-भाव (3)
12. अज्ञात, अप्रसिद्ध, नामहीन, अख्यात (4)
13. दूरदर्शन पर पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत के संगीतकार (5)
14. युवराज, नवाबज्यादा, पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता (5)
17. भगवान, ईश्वर, प्रभु (4)
18. जिंदगी, हयात, पुरानी फिल्मों के ये अभिनेता अपनी खल-भूमिका के लिए जाने जाते थे (1915-1987) (3)

**ऊपर से नीचे**
1. यह अरब देश है जिसमें 33 छोटे-छोटे द्वीप शामिल है इस देश की राजधानी मनामा है (4)
2. लार, वार्निश, गोंद (2)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. अभिमुखता, दिशा में, तरफ (2)
5. वेष, विन्यास, पहनावा, पोशाक (2)
6. मुगल शासक अकबर के शासन काल में नवरत्नों में से एक थे जिसने भूमि पैमाईश का आयोजन किया था (5)
8. वह डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही का विवरण लिखा जाता है (5)
9. खुशबू, महक, संगीत का विशेष कंपन (3)
11. शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर (3)
12. परस्पर निर्वाह या जीवन निर्वाह, रास्ता (3)
13. महर्षि वाल्मीकि का प्रसिद्ध पौराणिक ग्रंथ (4)
14. प्रेम करना, अजीज मानना, दिल में जगह देना, मन लगाना, रीझना (3)
15. 332 द्वीप वाले द्वीपपुंज की राजधानी सुवा है (3)
16. गौरव की भावना, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

### वर्ग पहेली 5590 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | य | दे | व | ■ | सा | के | त |
| ग | म | न | ■ | बा | त | ■ | पा |
| दं | ■ | दा | वा | ■ | हिं | स | क |
| बा | ब | र | ■ | गा | दु | र | ■ |
| ■ | र | ■ | रे | ■ | स्ता | ■ | भू |
| अ | सी | म | ■ | सो | नी | प | त |
| टू | ■ | शा | ना | ■ | ■ | ■ | ना |
| ट | ह | ल | ना | ■ | श | प | थ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में सफलता मिलेगी, लेकिन व्यापारियों का पार्टनर से अनावश्यक विवाद हो सकता है, इसलिए सावधान रहें। आपकी कार्यकुशलता से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। परिवार के लिए कुछ ज़रूरी खरीदारी से लाभ होगा। लेकिन बेहतर होगा कि आप अपने बजट का ध्यान रखें। कोई पसंदीदा और उपयोगी वस्तु खरीदेंगे।

### वृष
आज दिन लाभ और महत्वाकांक्षा से भरा होगा। आपके लिए तरक्की के अच्छे योग हैं और भाग्य आपका साथ देगा। आपके लिए कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं और आपकी तरक्की होगी। आपके सभी काम पूरे होंगे। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से विवाद हो सकता है और कानूनी मामले एक नया मोड़ ले सकते हैं। शाम के समय योजनाओं में सफलता मिलेगी।

### कर्क
आज धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर शामिल होंगे और माता-पिता के सहयोग से किए गए सभी कार्यों में सफलता भी मिलेगी। सिंगल जातकों के जीवन में कल कोई खास व्यक्ति दस्तक दे सकता है, जिससे दोबारा मिलने की योजना भी बनाएंगे। नवविवाहित जातकों के घर पर नन्हे मेहमान का आगमन हो सकता है।

### सिंह
आज नए कार्यों की योजना बनाना फायदेमंद साबित होगा। नए अवसरों की दिशा में कदम बढ़ाएं। कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही आज आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेगी। जो उम्मीद आपने लगा रखी वह पूरी होने की संभावना है। जिससे सभी घरवाले काफी खुश नजर आएंगे। विद्यार्थियों ने अगर किसी परीक्षा के लिए आवेदन किया।

### मिथुन
आज भाग्य का साथ मिलेगा और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग और साथ हर मामले में मिलेगा। आपके व्यावसायिक प्रयास सफल होंगे और मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम से रात तक किसी कीमती वस्तु के खोने या चोरी होने का डर है, इसलिए सावधान रहें।

### कन्या
आज व्यापार के सिलसिले में आपको यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा, जिसमें आपको अच्छा फायदा मिलेगा। अगर माताजी के साथ कोई दुविधा थी, तो वह खत्म हो जाएगी। शाम का समय परिवार के छोटे बच्चे के साथ मौज-मस्ती में बिताएंगे। दाम्पत्य जीवन में संतुलन रहेगा।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा और आपको राजनीतिक मामलों में फायदा होगा और करियर में तरक्की होगी। दोपहर बाद नए काम की योजना बनेगी। आपके अच्छे कर्मों से आपको लाभ होगा और करियर में तरक्की होगी। रात में किसी शुभ समारोह में शामिल होने का मन करेगा और आपको अधिक खर्च करना पड़ सकता है। परिवार के लोगों के साथ आपका वक्त अच्छा बीतेगा।

### वृश्चिक
आज दिन मिलाजुला रहेगा, लेकिन करियर में लाभ होगा। समाज में आपकी अच्छी छवि बनेगी और जो भी काम चल रहे हैं, उनमें सफलता मिलेगी। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और रुके हुए काम पूरे होंगे। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और दिन सफलता से भरा होगा। जो काम आपने सोचकर रखे थे, वे पूरे हो पाएंगे। धन में वृद्धि होगी और कारोबार में मुनाफा होगा।

### मकर
आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। दूसरों की मदद करने से जो संतुष्टि मिलती है, उससे आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। ऑफिस में आपके अधिकार बढ़ने से सहकर्मियों का मूड खराब हो सकता है और वे आपसे जलन महसूस कर सकते हैं। शाम का समय परिवार के साथ आनंद और सफलता में बीतेगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज करियर में कमाई के योग बन रहे हैं और परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से माहौल को हल्का बना पाएंगे। किसी प्रिय व्यक्ति की मदद करने से कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रात का समय आनंद और मनोरंजन में बीतेगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। धन लाभ होगा और आपकी कमाई बढ़ेगी। आपका दिन सम्मान से भरा होगा।

### धनु
आज दिन सफलता से भरा रहेगा। यह दिन भाग्य उदय का है। जीवनसाथी और व्यापारिक साझेदारों का सहयोग मिलेगा। अच्छे कामों में आपकी रुचि बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को तरक्की मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। लेकिन ज़्यादा काम से थकान हो सकती है, इसलिए सावधान रहें। कहीं से शुभ समाचार मिल सकता है। आपको लाभ होगा और मन प्रसन्न रहेगा।

### मीन
आज लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति के योग बन रहे हैं। ऑफिस के काम में आप अपने टारगेट के अनुसार पूरा मिलने के योग हैं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और किसी मामले में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके ऊपर ज़िम्मेदारियां बढ़ने से आपका बोझ बढ़ सकता है। घबराएं नहीं और अपने काम पर ध्यान केंद्रित करें। शाम से रात तक पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल फोन टावरों से उपकरण चोरी करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद जिले में अपराध शाखा और वेव सिटी पुलिस की टीम ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब, मध्य प्रदेश और असम में मोबाइल फोन टावरों से रेडियो रिसीवर यूनिट व बेसबैंड यूनिट चोरी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस उपायुक्त (एसीपी) सच्चिदानंद ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि पकड़े गए लोगों के कब्जे से सात करोड़ रुपये का चोरी का सामान और अपराध में इस्तेमाल वाहन बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहरुख मलिक (30), वसीम मलिक (35), अनस खान (22), साहिल मलिक (19) और कयाम मंसूरी के रूप में हुई है। सच्चिदानंद ने कहा कि पुलिस ने 74 यूनिट मोबाइल टीवी रेडियो रिसीवर, 122 यूनिट मोबाइल टावर बेसबैंड और अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

### लोकायुक्त अधिकारी बनकर ठगी का प्रयास करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**मंगलुरु, एजेंसी।** लोकायुक्त अधिकारी बनकर 'व्हाट्सऐप' के जरिए रुपये ऐंठने की कोशिश करने के आरोप में आंध्र प्रदेश से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, धनंजय रेड्डी थोटा (31) ने कथित तौर पर लोकायुक्त अधिकारी बनकर पंचायत अधिकारी पुरुषोत्तम को फोन किया। विज्ञप्ति के अनुसार, थोटा ने कथित भ्रष्टाचार के एक मामले को निपटाने के लिए पुरुषोत्तम से रुपयों की मांग की। फोन करने वाले व्यक्ति के बारे में संदेह होने पर पुरुषोत्तम ने प्राधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद जांच शुरू की गई। इसमें बताया गया कि यह पता लगाया गया कि थोटा ने फोन कहां से किया था जिसके बाद पुलिस आंध्र प्रदेश पहुंची और शनिवार को वहां से थोटा को गिरफ्तार कर लिया गया। कर्नाटक के उल्लाल शहर की पुलिस इसी तरह के अन्य मामलों में थोटा के संलिप्त होने के संबंध में जांच कर रही है। थोटा को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

### अदनान खान कलर्स के आगामी शो 'मन्नत हर खुशी पाने की' में महत्वाकांक्षाओं का ड्रामा शुरू करने के लिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स की आगामी पेशकश, 'मन्नत - हर खुशी पाने की' ने एक और प्रोमो जारी करके दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है, जिसमें ड्रामा और भावनात्मक ट्विस्ट की भरमार है। मुंबई के एक रेस्तरां में सेट की गई, यह कहानी एक प्रतिभाशाली युवा शेफ मन्नत की जिंदगी पर आधारित है। वह ऐसी दुनिया में अपनी योग्यता साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है, जो उसे उसकी प्रतिभा से ज्यादा उसकी साधारण जड़ों को अहमियत देती है। उसके सपनों को उसकी क्रूर बॉस से चुनौती मिलती है, जो हर मोड़ पर उसे कमतर आंकती है, और उसका उपहास उड़ाती है कि वह सिर्फ सड़क किनारे ठेला चलाने लायक ही है। हालांकि, उसके दूसरे बॉस, विक्रांत का मानना है कि उसमें हेड शेफ की हैट पहनने के अपने सपने को जीने की पूरी काबिलियत है, जो उसकी कुकिंग से पूरी तरह प्रभावित है। मन्नत को यह नहीं पता है कि ऐश्वर्या सिर्फ उसकी बॉस नहीं है - बल्कि वह उसकी मां भी है, वही महिला जिसने उसे जन्म देने के बाद छोड़ दिया था! मन्नत की भूमिका में आयशा सिंह, ऐश्वर्या के रूप में मोना वासु और विक्रांत के किरदार में अदनान खान अभिनीत, 'मन्नत हर खुशी पाने की' मां-बेटी के जटिल रिश्ते पर से पर्दा उठाती है, और यह बताती है कि किसी को अपने भाग्य को बदलने के लिए क्या करना पड़ता है। अदनान खान कहते हैं, मैं 'मन्नत हर खुशी पाने की' के साथ 2024 को काफी खूबसूरत यादों के साथ समाप्त करने के लिए आभारी और रोमांचित हूं। चैनल ने हमेशा कहानी पेश करने के मामले में नई सीमाएं परिभाषित की हैं, और मेरे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि उन्होंने ऐसे कई पहलुओं वाले किरदार को निभाने के लिए मुझ पर भरोसा किया है। मैं जिस किरदार को निभा रहा हूं - विक्रांत एक प्यारा पारिवारिक व्यक्ति है, जो इंग्लैंड से भारत आया है। वह अपने रेस्तरां की फ्रैंचाइजी का विस्तार करने के लिए दृढ़ है। , और जिंदगी के उस मोड़ से अनजान है जो मन्नत उसके जीवन में लाएगी।

# गणतंत्र दिवस परेड 2025 : पंजाब समेत 15 राज्यों की झांकी मंजूर

### दिल्ली की थीम खारिज





**चंडीगढ़, एजेंसी।**
दिल्ली में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर वाली परेड में इस बार पंजाब की झांकी नजर आएगी. जानकारी के मुताबिक पंजाब समते 15 राज्यों की झांकी को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है. झांकी में पंजाब की संस्कृति के रंग दिखेंगे. रक्षा मंत्रालय द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति द्वारा झांकियों का चयन किया गया, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल थे. रिपोर्ट के मुताबिक, गणतंत्र दिवस परेड 2025 के लिए विशेषज्ञों की कमेटी ने दिल्ली की झांकी की थीम को खारिज कर दिया है. दिल्ली द्वारा प्रस्तावित झांकी को लगातार दूसरे साल भी खारिज कर दिया गया है. सूत्रों ने बताया कि निर्धारित मानदंडों - थीम, प्रस्तुति और प्रभाव को पूरा न करने के कारण दिल्ली की झांकी को खारिज किया गया. इस बार हरियाणा और चंडीगढ़ की झांकी का भी चयन हुआ है, लेकिन दिल्ली की झांकी को खारिज कर दिया गया है. दिल्ली की झांकी को मंजूरी न मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सवाल उठाए हैं. रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में गुजरात, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, गोवा, झारखंड, आंध्र प्रदेश और त्रिपुरा समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां शामिल होंगी. केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली की झांकी को शामिल किया गया है. देश के 76वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान आम आदमी पार्टी द्वारा शासित राज्य पंजाब समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विरासत, इतिहास और वर्तमान से सजी रंग-बिरंगी झांकियां दिल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखेंगी. सूत्रों ने बताया कि पिछले साल अपनाई गई रोटेशन पॉलिसी के तहत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को झांकी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा गया था. इस पॉलिसी के तहत प्रत्येक राज्य को तीन साल में एक बार झांकी प्रस्तुत करने का मौका मिलता है.

उन्होंने कहा कि मिजोरम और सिक्किम ने 15 राज्यों की प्रारंभिक सूची में शामिल होने के बावजूद झांकी प्रस्तुत नहीं कर पाए. साथ ही केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार प्रस्तावों का चयन करने वाली विशेषज्ञ समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए. जबकि दिल्ली के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया, जिससे पांच स्थान रिक्त हो गए. बाद में इन्हें गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पश्चिम बंगाल की झांकियों से भरा गया. बता दें कि पिछली बार केंद्र सरकार ने पंजाब की झांकी का चयन नहीं किया था. इसे लेकर विवाद हुआ था. गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए राज्य की झांकी को रद्द करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंतमान ने कहा था कि सत्ता के नशे में चूर अहंकारी केंद्र सरकार स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों द्वारा स्थापित मिसाल का अनादर कर रही है.

## मेरे ससुराल में भी पता चल जाए; सीमा हैदर के प्रेग्नेंट होने पर सचिन ने पाकिस्तानियों को चिढ़ाया

**ग्रेटर नोएडा।**
पबजी गेम खेलते हुए मिले प्यार को पाने के लिए बॉर्डर लांघकर भारत आई सीमा हैदर एक बार फिर चर्चा में हैं। पाकिस्तान के कराची से चार बच्चों संग भागकर ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा गांव आई सीमा हैदर सात महीने की गर्भवती है। वह अपने प्रेमी सचिन मीना के बच्चे की मां बनने वाली है। सीमा और सचिन ने एक वीडियो बनाकर इसका खुलासा किया है। सीमा ने एक प्रेग्नेंसी किट से जांच करके भी कैमरे पर बताया कि इस बार उसके प्रेग्नेंट होने की खबर पक्की है। उसने बेबी बंप भी दिखाया है। सीमा के साथ ही सचिन भी बेहद खुश है।



सीमा हैदर को सोशल मीडिया पाकिस्तानी भाभी और सचिन मीना को पाकिस्तान का जीजा कहकर भी लोग संबोधित करते हैं। सचिन मीना कई बार इसको लेकर पाकिस्तानियों को चिढ़ाता दिखता है। अब सीमा के प्रेग्नेंट होने के बाद भी सचिन ने ऐसा ही किया। सचिन ने सीमा के गर्भवती होने पर खुशी जाहिर करते हुए लोगों से अपील की कि उनके इस वीडियो को खूब शेयर किया जाए और इस बात को उनके ससुराल यानी पाकिस्तान तक पहुंचा दिया जाए। सचिन ने वीडियो में कहा, कुछ लोग उल्टा सीधा बोलते थे, उन्हें बोलना चाहता हूं कि देख लो आंखों के अंधों...। हमें बहुत खुशी हो रही है। दोस्तों एक दूसरे को वीडियो शेयर करना। यह वीडियो तो खासतौर पर जितने लोगों को शेयर कर सकते हैं करिए। ताकि सब देखें और पहुंचे मेरे ससुराल तक भी, ताकि जलने चालू हो जाएं, जले या चाहे जो हो। अब तो हो चुका है, जो हो चुका है। खुशी मनाओ को बालक एकदम ठीक-ठाक हो।

## गुरुग्राम पुलिस ने तमिलनाडु से मलेशियाई युवक को दबोचा, ठगी और अवैध सिम कार्ड गैंग चलाने का आरोप

**गुरुग्राम एजेंसी।**
पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 2.81 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में मलेशियाई मूल के एक नागरिक को दबोचा है। पुलिस इसे तमिलनाडु से गिरफ्तार करके गुरुग्राम लाई है। इसके खिलाफ थाना साइबर अपराध, पश्चिम में मामला दर्ज है।

31 जुलाई को एक व्यक्ति ने गुरुग्राम के थाना साइबर क्राइम पश्चिम में शिकायत दी थी कि शेयर बाजार में निवेश करवाने के नाम पर उसके साथ 2.81 करोड़ रुपये की ठगी हुई है। शिकायत पर मामला दर्ज किया था। साइबर क्राइम के एसीपी प्रियांशु दीवान के निर्देशानुसार थाना साइबर अपराध, पश्चिम के प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार, सब-इंस्पेक्टर रविशंकर, हेड कॉन्स्टेबल भगत सिंह की एक टीम ठगी के इस मामले को सुलझाने के लिए तमिलनाडु गई थी। पुलिस ने 19 दिसंबर को मलेशियाई मूल के रहने वाले मोहम्मद जमील बिन उर्फ मोहम्मद इकबाल को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी की मां तमिलनाडु की रहने वाली है। आरोपी की शादी भी तमिलनाडु में ही हुई है। आरोपी अपने एक अन्य मलेशियाई नागरिक साथी के साथ भारत में आया था। आरोपी के साथी देवकरण ने भारतीय सिम लिए थे।

गुरुग्राम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। वह पिछले दिनों एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए मलेशिया से तमिलनाडु आया था। इसकी सूचना मिलने पर गुरुग्राम पुलिस की एक टीम तमिलनाडु पहुंच गई। पुलिस इसके चार साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मलेशियाई पासपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस, मलेशिया निवासी होने का पहचान पत्र, हेल्थ कार्ड, डेबिट कार्ड, मलेशिया का ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल, एक अंगूठी के अलावा विदेशी और भारतीय मुद्रा के नोट बरामद किए हैं। गुरुग्राम साइबर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी अवैध सिम कार्ड गैंग चलाता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहम्मद जमील बिन मोहम्मद इकबाल भारत से सिम कार्ड खरीदकर मलेशिया में बेचता था, जिसका इस्तेमाल साइबर जालसाज विदेश में बैठकर भारत में लोगों को ठगने के लिए करते थे। पुलिस ने बताया कि इकबाल गुरुवार को ही भारत आया था और दो मौकों पर 150 से अधिक सिम कार्ड मलेशिया ले गया था।

## भाजपा विधायक सीटी रवि पर हमले मामले में एक और एफआईआर

**बंगलूरू, एजेंसी।**
कर्नाटक में भाजपा विधायक सीटी रवि मामले में रोज नए-नए घटनाक्रम सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा एमएलसी सीटी रवि पर हमला करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हमले का प्रयास बेलगावी सुवर्ण सौधा में 19 दिसंबर को किया गया था। बेलगावी के हिरेबागेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है। इसमें आरोप लगाया गया कि सीटी रवि की जान को खतरा था और हमलावरों का इरादा उन्हें जान से मारने का था। कथित तौर पर यह घटना सचिव लक्ष्मी हेब्बलकर के खिलाफ सीटी रवि के आपत्तिजनक बयान के जवाब में हुई। शिकायत कानून की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई, जिसमें बीएनएस 189(2), 191(2), 190, 126(2), 352 और 351(2) शामिल हैं।

दरअसल, मामला 19 दिसंबर को कर्नाटक विधान परिषद से शुरू हुआ था। यहां रवि ने महिला और बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। मामले की पुलिस से शिकायत भी की गई थी। इसे लेकर सिद्धारमैया सरकार ने सीटी रवि पर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने विधान परिषद के अध्यक्ष बसवराज होरट्टी को पत्र लिखकर इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करने की अपील की थी।



पुलिस ने इसी दिन सीटी रवि को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, कर्नाटक हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी नियमों के अनुसार नहीं की गई थी। इससे पहले भाजपा एमएलसी ने पुलिस पर मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें पूरी रात जगह-जगह घुमाती रही। पुलिस शीर्ष स्तर के किसी नेता के निर्देश पर काम कर रही है। उन्होंने कार्रवाई को तानाशाही से प्रेरित बताया। हालांकि, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आरोपों को खारिज किया था। पुलिस कार्रवाई के दौरान भाजपा एमएलसी सीटी रवि का सड़क पर बैठकर पुलिस से सवाल करते हुए एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में रवि पुलिस अधिकारियों से सवाल कर रहे थे। रवि कह रहे थे कि क्या तुम मुझे मारने की योजना बना रहे हो? मुझे यहां क्यों लाए हो? आपका इरादा मुझे मारने का है। मुझे इस तरह से घुमाने क्यों ले जाया जा रहा है? खानपुर से लेकर मुझे कहां-कहां ले जाया गया? चोट लगने के तीन घंटे बाद तुमने मुझे प्राथमिक उपचार दिया गया। जमानत मिलने के बाद सीटी रवि ने दावा किया था कि उन्हें जान का खतरा है, इसलिए वह सरकार से सहायता की गुहार लगा रहे हैं। अगर उन्हें कुछ होता है तो सरकार को जिम्मेदारी लेनी होगी।

## महिला की मौत की खबर मिलने के बावजूद अल्लू अर्जुन थिएटर से बाहर नहीं गए : हैदराबाद पुलिस



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन चार दिसंबर को 'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मचने के बाद कहे जाने के बावजूद सिनेमा घर से बाहरनहीं गए।पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह दावा किया। इस भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सी.वी आनंद ने संवाददाता सम्मेलन में पुलिस द्वारा बनाया गया एक वीडियो दिखाया, जिसमें भगदड़ के समय की स्थिति दिखाई दे रही है। यह वीडियो न्यूज़ चैनलों और मोबाइल क्लिप की फुटेज को एकत्रित करके बनाया गया था। इससे पता चलता है कि अभिनेता आधी रात तक सिनेमा घर में रहे। आनंद ने वीडियो पर कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन कहा कि मीडिया अपने निष्कर्ष निकाल सकता है। पुलिस के एक अधिकारी ने चार दिसंबर की रात को हुई घटना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने और अन्य पुलिस अधिकारियों ने अल्लू अर्जुन के मैनेजर को महिला की मौत के बारे में बताया और कहा कि स्थिति नियंत्रण से बाहर है। अधिकारी ने बताया कि उन्हें अभिनेता से मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि अल्लू अर्जुन के स्टाफ के सदस्यों ने उनसे कहा था कि वे यह मामला अभिनेता तक पहुंचा देंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अधिकारी ने बताया कि बाद में वह अभिनेता तक पहुंचने में सफल रहे, उन्हें महिला की मौत के बारे में बताया और उन्हें सिनेमा घर से बाहर जाने को कहा, ताकि प्रशंसक उनकी एक झलक पाने की कोशिश में एक-दूसरे को नुकसान न पहुंचाएं।

अधिकारी ने अभिनेता को यह भी बताया कि उनके बाहर निकलने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाद में एक वरिष्ठ अफसर के साथ अधिकारी अंदर गए और अभिनेता को बाहर ले आए। वहीं इस तरह के आरोप हैं कि जब सिनेमा घर में भगदड़ मची तो अल्लू अर्जुन द्वारा नियुक्त बाउंसरों ने भीड़ के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को भी धक्का दिया। इसपर पुलिस आयुक्त ने चेतावनी दी कि यदि बाउंसरों ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस के साथ वास्तव में दुर्व्यवहार किया तो कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महाराष्ट्र सरकार में विभागों के बंटवारे पर बोले अजित पवार- कुछ खुश हैं और कुछ नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को स्वीकार किया कि कुछ सदस्यों में असंतोष था. इन नेताओं को एक दिन पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नई सरकार में विभागों का आवंटन किया था. पीटीआई के अनुसार पवार ने एक कार्यक्रम में कहा, चूंकि मंत्रियों की संख्या अधिक है. इसलिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को प्रत्येक मंत्री को एक विभाग देना पड़ा. जाहिर है, कुछ खुश हैं और कुछ नहीं. पवार ने अपने निर्वाचन क्षेत्र बारामती में एक रोड शो में भाग लिया और कई सम्मान समारोहों में शामिल हुए. उपमुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने कार्यालय का कार्यभार संभालने की योजना की घोषणा की.पवार ने हितधारकों को आश्वस्त करने का प्रयास किया और बताया कि लंबित परियोजनाओं पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा. रुकी हुई पहलों के बारे में चिंताओं को संबोधित करते हुए पवार ने बताया कि 20 नवंबर को हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कई परियोजनाओं को रोक दिया गया था. यह चुनाव परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए थे. पवार ने कहा, हमें लंबित परियोजनाओं के बारे में कई कम्युनिकेशन प्राप्त हुए हैं. हमें कुछ समय दें, और हर काम पूरा हो जाएगा. उन्होंने कहा कि मंत्री वर्तमान में अपने आधिकारिक दायित्वों को फिर से शुरू करने से पहले स्थानीय मुद्दों से परिचित होने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं.

पवार ने यह भी बताया कि महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र 3 मार्च को मुंबई में शुरू होगा. उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य बजट तैयार करते समय सीएम फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को विश्वास में लेना है. नए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री फडणवीस ने गृह, कानून और न्यायपालिका, ऊर्जा (नवीकरणीय ऊर्जा को छोड़कर), सामान्य प्रशासन और सूचना एवं प्रचार सहित महत्वपूर्ण विभागों को बरकरार रखा है. उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शहरी विकास, आवास और सार्वजनिक कार्य विभाग सौंपा गया है. भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का प्रतिनिधित्व करने वाले अजित पवार को वित्त, योजना और आबकारी विभाग आवंटित किए गए हैं.

## झारखंड बीजेपी के लिए निराशाजनक रहा यह साल, विधानसभा चुनाव में मिली हार के दूरगामी होंगे परिणाम

**रांची, एजेंसी।**
झारखंड बीजेपी के लिए साल 2024 निराशाजनक रहा. संगठनात्मक मजबूती के अलावा चुनावी रणनीति बनाने में जुटे भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता प्रदेश में कमल खिलाने में असफल रहे. बीजेपी लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड विधानसभा चुनाव में भी वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई जिसकी उम्मीद पार्टी नेताओं को थी. झारखंड विधानसभा चुनाव में बीजेपी महज 21 सीटों पर सिमट कर रह गई. माना जा रहा है कि झारखंड का ये चुनाव परिणाम दूरगामी प्रभाव डालेगा. इसी तरह लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को 9 सीट जीतकर ही संतोष करना पड़ा.

चुनाव परिणाम ऐसे क्यों हुए इसपर पार्टी के अंदर मंथन का दौर जारी है. बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक कहते हैं कि यह बात सही है कि हम सीटों की संख्या में जरूर कम लाए हैं मगर हमने लोकसभा चुनाव में 84 लाख और विधानसभा चुनाव में 59 लाख वोट लाया है. 22 दिसंबर से सदस्य अभियान की शुरुआत हो रही है, जितना हमने वोट लाया है उससे ज्यादा सदस्य बना कर झारखंड में भी मजबूत संगठन खड़ा करेंगे और नई ऊर्जा के साथ संकल्प लेकर बदलते परिवेश में हम चुनौतियों का सामना करेंगे.

**ट्राइबल सीट साधने में ओबीसी वोट बैंक भी खिसकाः** चुनावी साल में संगठन के अंदर फेरबदल के साथ पार्टी सामाजिक-राजनीतिक समीकरण बनाने पर ज्यादा ध्यान देने में जुटी रही. अनुसूचित क्षेत्र में कमल खिलाने की मुहिम में जुटी बीजेपी ने बड़े ट्रायबल लीडर को पार्टी के अंदर लाने में जुटी रही. पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, सीता सोरेन, गीता कोड़ा, लोबिन हेम्ब्रम जैसे नेताओं ने आखिर आखिर में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की. हालांकि इसका जो लाभ मिलने की उम्मीद की जा रही थी वह चुनावी समर में नहीं मिला. सीता और गीता चुनाव के वक्त काफी सुर्खियों में रही मगर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में खुद चुनाव नहीं जीत पाई. इसी तरह बाबूलाल मरांडी, चंपाई सोरेन को छोड़कर पार्टी के अधिकांश ट्रायबल लीडर या तो खुद या उनके संबंधी को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा. ट्राइबल सीट साधने में बीजेपी को ओबीसी वोट बैंक खिसक गया जिस वजह से इस बार आजसू का साथ रहने के बावजूद कोई लाभ एनडीए के खाते में नहीं पहुंचा. चुनावी साल होने की वजह से बीजेपी में संगठनात्मक फेरबदल वर्ष 2023 के मध्य से ही शुरू हो गया था, जो 2024 के आने के बाद तक जारी रहा. बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में जुलाई 2023 में बनी झारखंड बीजेपी की नयी टीम 2024 में फंक्शनल होते ही संगठन पर काबिज होने लगी. जिसका साइड इफेक्ट भी पार्टी के अंदर दिखने लगा. कई पुराने नेता किनारे होते चले गए.



लोकसभा चुनाव में टिकट कटने के बाद कई सिटिंग सांसदों की नाराजगी खुलकर सामने आई. जयंत सिन्हा और आदित्य साहू के बीच जारी पत्राचार सोशल मीडिया से लेकर समाचार पत्रों तक पहुंच गया. इन सबके बीच जुलाई 2024 में बीजेपी प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी बनाए गए. इसके अलावा विधानसभा चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को बनाया गया. विधानसभा चुनाव का कमान हिमंता बिस्वा सरमा ने कुछ इस तरह संभाला कि सभी नेता गौण पर गए.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## विजय हजारे ट्रॉफी:

### बब्बर शेर की तरह दहाड़े ऋतुराज गायकवाड़, 200 के स्ट्राइक रेट से सेंचुरी ठोक किया कमाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024: विजय हजारे ट्रॉफी में शतकों की बरसात हो रही है. अब महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सर्विसेज के खिलाफ नाबाद 148 रन बनाए हैं. अभी टूर्नामेंट को शुरू हुए तीसरा ही दिन है कि 10 से भी अधिक खिलाड़ी शतक लगा चुके हैं. गायकवाड़ की शतकीय पारी की बदौलत महाराष्ट्र ने वनडे मैच में 205 रनों के लक्ष्य को 21वें ओवर में ही हासिल कर लिया है. बता दें कि यह विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में गायकवाड़ का कुल 13वां शतक है.

इस मैच में सर्विसेज ने पहले खेलते हुए 204 रन बनाए थे. सर्विसेज के लिए कप्तान मोहित अहलावत 50 रनों का आंकड़ा पार करने वाले अकेले बल्लेबाज रहे. उन्होंने 61 रन की पारी खेली. 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे महाराष्ट्र को ऋतुराज गायकवाड़ ओम भोसले ने शानदार शुरुआत दिलाई, जिनके बीच 86 रनों की सलामी साझेदारी हुई. भोसले 24 रन बनाकर आउट हो गए, उसके बाद सिद्धेश वीर ने अंत तक कप्तान गायकवाड़ का साथ दिया.

गायकवाड़ एक अलग ही लय में दिखे, जिन्होंने महज 74 गेंदों में 200 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए. गायकवाड़ ने 57 गेंद में ही शतक पूरा कर लिया था और उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके और 11 छक्के लगाए. अब महाराष्ट्र की टीम 2 मैचों में दो जीत के बाद ग्रुप बी के टॉप पर मौजूद है. इससे पहले महाराष्ट्र ने राजस्थान को 3 विकेट से हराया था.

**विजय हजारे ट्रॉफी में सबसे ज्यादा सेंचुरी**

अब ऋतुराज गायकवाड़ विजय हजारे ट्रॉफी में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाने से सिर्फ 2 शतक दूर हैं. उन्होंने अब तक इस टूर्नामेंट के इतिहास में 13 शतक लगाए हैं, इस सूची में उनसे आगे सिर्फ अंकित बावने हैं, जिन्होंने अपने करियर में विजय हजारे ट्रॉफी में 14 शतकीय पारी खेली थीं. बता दें कि मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में गायकवाड़, महाराष्ट्र के लिए शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी हैं.

### 16 चौके और 6 छक्के; ईशान किशन ने जड़ा विस्फोटक शतक, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ठोका दावा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी 2024 के एक मुकाबले में कमाल कर दिया है. उन्होंने दमदार प्रदर्शन करते हुए शतक जड़ा है. ईशान के शतक के दम पर झारखंड ने मणिपुर को 8 विकेट से हरा दिया है. ईशान ने शतक के साथ ही टीम इंडिया का भी दावा ठोका है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए ईशान पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड नजर डाल सकता है. दरअसल मणिपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 253 रन बनाए. इस दौरान जॉनसन ने 82 गेंदों का सामना करते हुए 69 रन बनाए. वहीं प्रियोजित ने 49 गेंदों का सामना करते हुए 43 रन बनाए. इसके जवाब में झारखंड की टीम ने 2 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया. झारखंड के लिए ईशान ने शतक जड़ा. उन्होंने 78 गेंदों का सामना करते हुए 134 रन बनाए. ईशान की इस पारी में 16 चौके और 6 छक्के भी शामिल रहे.

ईशान लंबे वक्त से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. उन्होंने आखिरी वनडे मैच अफगानिस्तान के खिलाफ अक्तूबर 2023 में खेला था. ईशान की इसके बाद से टीम इंडिया में वापसी नहीं हो सकी है. लेकिन अब मौका दिया जा सकता है. ईशान ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ भी अर्धशतक जड़ा था. उन्होंने नाबाद 77 रन बनाए थे.

ईशान भारत के लिए अभी तक 27 वनडे मैच खेल चुके हैं. उन्होंने इस दौरान 933 रन बनाए हैं. ईशान एक दोहरा शतक भी लगा चुके हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर 210 रन रहा है.

## चैंपियंस ट्रॉफी:

# भारत-पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को होगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के मैचों की मेजबानी के लिए संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर को न्यूट्रल वेन्यू के रूप में चुना गया है। शनिवार रात पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और यूएई के मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच बैठक हुई।

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। फाइनल 9 मार्च को लाहौर होगा। टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। टीम इंडिया अगर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करती है तो सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में होंगे।

भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को होगा भारतीय टीम का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ होगा, जबकि आखिरी मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। दोनों सेमीफाइनल (4 और 5 मार्च) व फाइनल के लिए एक रिजर्व डे भी रखा गया है। 15 में से 5 मैच यूएई में होंगे 8 टीमों के बीच 15 मैच का टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलना है।

भारत अपने तीनों ग्रुप स्टेज मैच यूएई में खेलेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है तो यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में हो सकते हैं। गुरुवार यानी 19 दिसंबर को आईसीसी की बैठक में तय हुआ था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान के बजाय न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा। साथ ही भारत में 2027 तक होने वाले सभी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी टीम भी भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है।

# हरमनप्रीत और प्रवीण को मिलेगा खेल रत्न अवॉर्ड

## मनु भाकर के नाम की नहीं की गई सिफारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरमनप्रीत सिंह और प्रवीण कुमार के नाम की सिफारिश देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए की गई है। पेरिस ओलंपिक में ही पदक जीतने वाले शूटर स्वप्निल कुसाले और पहलवान अमन सेहरावत को अर्जुन अवॉर्ड देने की सिफारिश की गई है।

पेरिस ओलंपिक में हॉकी टीम को लगातार दूसरा पदक दिलाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले हाईजंपर प्रवीण कुमार के नाम की सिफारिश देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए की गई है। पेरिस ओलंपिक में ही पदक जीतने वाले शूटर स्वप्निल कुसाले और पहलवान अमन सेहरावत को अर्जुन अवॉर्ड देने की सिफारिश की गई है।



वहीं, पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले मनु भाकर के नाम की सिफारिश शीर्ष खेल पुरस्कार के लिए नहीं की गई है। बताया जाता है कि मनु ने खेल रत्न के लिए आवेदन नहीं किया, लेकिन खेल मंत्रालय ने भी इस पुरस्कार के लिए उनके नाम पर स्वतः संज्ञान नहीं लिया। मंत्रालय ने बीते वर्ष ही क्रिकेटर मोहम्मद शमी के नाम पर स्वतः संज्ञान लेकर अर्जुन अवॉर्ड दिया था।

हालांकि मनु के पिता रामकिशन भाकर का कहना है कि मनु ने खेल रत्न के लिए आवेदन किया था।

### बॉक्सिंग डे टेस्ट की पिच बुमराह समेत तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होगी!

**मेलबर्न, एजेंसी।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा कि गुरुवार से शुरू हो रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए ड्रॉप-इन पिच भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह समेत सभी तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है और उन्होंने 10.9 की औसत से 21 विकेट लिए हैं। मुझे लगता है कि अब जब भी तेज गेंदबाज यहां आते हैं तो वे उत्साहित हो जाते हैं। यह हमारे लिए अच्छा है। पेज ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा,हम कभी भी पर्थ या ब्रिस्बेन जितने तेज नहीं होंगे, लेकिन पिछले कुछ सालों में हम इसमें कुछ गति लाने में कामयाब रहे हैं, जिससे यह उत्साह पैदा हुआ है। इस पर थोड़ी घास है।

## पीवी सिंधु वेडिंग:

# उदयपुर में शादी के बंधन में बंधीं पीवी सिंधु



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु शादी के बंधन में बंध गई हैं. धूमधाम से उनकी शादी राजस्थान के उदयपुर में हुई. उन्होंने बिजनेसमैन वेंकट दत्ता साई संग सात फेरे लिए. पीवी सिंधु और वेंकट की शादी की पहली तस्वीर भी सामने आ चुकी है. इसमें दोनों की जोड़ी बेहद खूबसूरत लग रही है. फैंस दोनों को शादी की शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं. हिंदू रीति रिवाज से शादी के बंधन में बंधने के साथ ही सिंधु और वेंकट हमेशा-हमेशा के लिए एक दूसरे के हो गए. बता दें कि सिंधु और वेंकट 22 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधे हैं. विवाह समारोह को बेहद प्राइवेट रखा गया है. सिंधु ने अब तक अपनी शादी की तस्वीरें शेयर नहीं की है.



हालांकि इस शादी में शामिल रहे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दोनों की शादी की तस्वीर शेयर की है. इसमें शेखावत भी नजर आ रहे हैं. उन्होंने नवविवाहित जोड़े की शादी की तस्वीर शेयर करते हुए अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'कल शाम उदयपुर में वेंकट दत्ता साई के साथ हमारे बैडमिंटन चैंपियन ओलंपियन पीवी सिंधु के विवाह समारोह में शामिल होकर खुशी हुई और मैंने इस जोड़े को उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया'.

### सिंधु ने पहनी गोल्डन क्रीम कलर की साड़ी

सामने आई तस्वीर में सिंधु और वेंकट बैठे हुए हैं. जबकि गजेंद्र सिंह उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं. आस-पास और भी कुछ लोग नजर आ रहे हैं. अपनी शादी के लिए सिंधु ने गोल्डन क्रीम कलर की साड़ी चुनी थी. वहीं उन्होंने हैवी ज्वेलरी भी कैरी की. हालांकि सिंधु ने शादी के कई घंटों बाद भी सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट नहीं की है. फैंस को उनकी पोस्ट का बेसब्री से इंतजार है.

### 24 दिसंबर को होगा ग्रैंड रिसेप्शन

गजेंद्र सिंह शेखावत के अलावा सिंधु को आशीर्वाद देने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पहुंचे थे. सिंधु और आईटी प्रोफेशनल वेंकट दत्ता साई की शादी उदयपुर में लेकसिटी के बीच बने होटल राफेल्स में धूमधाम से हुई. शादी में करीबी और परिवार के लोग ही शामिल हुए. अब कपल 24 दिसंबर को हैदराबाद में एक ग्रैंड रिसेप्शन का आयोजन करने जा रहा है जिसमें खेल जगत के अलावा फिल्म और राजनीतिक जगत की बड़ी हस्तियां शामिल हो सकती है.

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का खिताब

**वेलिंगटन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में न्यूजीलैंड पर 75 रनों की शानदार जीत के साथ अपने 24 मैचों के आईसीसी महिला चैम्पियनशिप अभियान का समापन किया, जिससे उसे टूर्नामेंट स्टैंडिंग में अजेय बढ़त हासिल हुई और प्रतियोगिता में अपना लगातार तीसरा खिताब जीता।

39 अंकों (17 जीत, तीन परिणाम नहीं, तीन हार) के साथ समाप्त होने वाले ऑस्ट्रेलिया का कुल स्कोर किसी भी अन्य टीम की पहुंच से परे है। भारत, उनका निकटतम प्रतिद्वंद्वी, वेस्टइंडीज (दो) और आयरलैंड (तीन) के खिलाफ अपने शेष मैचों के साथ केवल 37 अंकों तक ही पहुंच सकते हैं। इस हार का न्यूजीलैंड के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव है, जो अब 2025 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए स्वचालित योग्यता के बारे में अनिश्चितता का सामना कर रहा है। वर्तमान में 24 मैचों में 21 अंकों के साथ अंतिम स्वचालित स्थान पर बैठे, वे बांग्लादेश (19 अंक, तीन मैच शेष) या वेस्टइंडीज (14 अंक, पांच मैच शेष) से ??आगे निकलने के लिए कमजोर हैं।

यदि बांग्लादेश या वेस्टइंडीज आगे निकल जाते



हैं, तो न्यूजीलैंड को क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करनी होगी, जहां छह टीमें अंतिम दो टूर्नामेंट स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं। ऑस्ट्रेलिया की जीत ने श्रीलंका के लिए एक स्वचालित विश्व कप स्थान भी सुरक्षित कर दिया है, जिसे अब हाथ में मैच रखने वाली टीमों द्वारा विस्थापित नहीं किया जा सकता है। इस मैच ने महिला क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली टीमों में से एक के रूप में ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनने वाली एलिसा हीली और फोबे लिचफील्ड ने 88 रन की ओपनिंग साझेदारी के साथ एक मजबूत नींव रखी। एनाबेल सदरलैंड (43 गेंदों पर 42 रन) और एश्ले गार्डनर (62 गेंदों पर 74 रन) के योगदान से मेहमान टीम ने 290 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में, न्यूजीलैंड 20वें ओवर में 106/1 पर मजबूत स्थिति में दिख रहा था, लेकिन सूजी बेट्स को आउट करने के लिए बाउंड्री कैच और मेली केर के रन आउट ने गति बदल दी।

# पाकिस्तान ने 36 रन से जीता तीसरा वनडे

## साउथ अफ्रीका को पहली बार उसी के घर में क्लीन स्वीप किया



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरा वनडे मैच 36 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्लीन स्वीप करने में कामयाब रही है। जोहान्सबर्ग में रविवार को खेले गए इस बारिश से प्रभावित मुकाबले का फैसला छस्स मैथड से हुआ। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 9 विकेट पर 308 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 42 ओवर में 271 रन पर ऑलआउट हो गई। सईम अयूब प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 101 रन की शतकीय पारी खेली। 2 कैच पकड़े और एक विकेट भी लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

सईम की सेंचुरी, बाबर-रिजवान ने फिफ्टी जमाई टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने एक रन के स्कोर पर अब्दुल्लाह शफीक का विकेट गंवाया। ऐसे में ओपनर सईम अयूब ने बाबर आजम के साथ मिलकर टीम को 100 रन का आंकड़ा पार कराया। फिर कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53, आग सलमान ने 48 और तयुब ताहिर ने 28 रन की पारियां खेलकर टीम को 308 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया।

सईम अयूब ने 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 94 बॉल का सामना किया।

कगिसो रबाडा को 3 विकेट साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और ब्योर्न फोर्टुइन को 2-2 विकेट मिले। क्वेन मफाका और कॉर्बिन बॉश के हिस्से एक-एक विकेट आए। क्लासेन की फिफ्टी, यानसन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी 308 रन का संशोधित टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए। टीम की ओर से टॉप-5 विकेट के लिए कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी।

### विनोद कांबली अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर, लेकिन खतरे से बाहर नहीं पूर्व क्रिकेटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली की तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें थाने के अस्पताल में भर्ती किया गया है। कांबली पिछले काफी समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना कर रहे हैं। कई पूर्व क्रिकेटर्स ने कांबली की मदद का वादा भी किया था। भर्ती होने के बाद कांबली की हालत स्थिर है हालांकि वह अब भी पूरी तरह खतरे से बाहर नहीं है।



52 साल का यह क्रिकेटर कई तरह की बीमारियों से जूझ रहा है। हाल ही में विक्की लालवानी के यूट्यूब चैनल पर कांबली ने अपनी तबीयत के बारे में बताया था। उन्होंने कहा, 'मैं यूरिन (पैशाब) से संबंधित परेशानी का सामना कर रहा था। वह बहता ही रहता था। मेरे बेटे जीसस ने मुझे उठाकर अपने पैरों पर खड़ा किया। मेरी बेटी जो कि 10 साल बड़ी है वह और मेरी पत्नी मदद के लिए आगे आए।

## इंडिया-वेस्टइंडीज:

# टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय महिला टीम ने वनडे सीरीज की शुरुआत भी इसी अंदाज में की है. वडोदरा के नए स्टेडियम में पहली बार खेले गए मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर की टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में वेस्टइंडीज को 211 रन से हरा दिया.

उप-कप्तान स्मृति मंधाना के बल्ले से लगातार चौथी पारी में 50 से ज्यादा का स्कोर निकला, जिसके दम पर टीम इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 314 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया. इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम ज्यादा देर नहीं टिक पाई और सिर्फ 103 रन पर ढेर हो गई. रविवार 22 दिसंबर को तीन मैच की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने विस्फोटक शुरुआत की. इस मैच से अपना इंटरनेशनल डेब्यू कर रहीं युवा बल्लेबाज प्रतीका रावल (40) ने मंधाना के साथ ओपनिंग की और दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 110 रन की बेहतरीन साझेदारी की.

### रेणुका ने रचा इतिहास



ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आखिरी वनडे मैच में शानदार शतक और फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार 3 अर्धशतक लगाने वाली मंधाना ने एक बार फिर 50 का आंकड़ा पार किया. मंधाना हालांकि अपना शतक पूरा नहीं कर सकीं और 91 के स्कोर पर आउट हो गईं.

अपने वनडे करियर में वो चौथी बार 'नर्वस नाइंटीज' पर आउट हुईं.स्मृति के आउट होने के बाद मिडिल ऑर्डर में कप्तान हरमनप्रीत कौर (34), ऋचा घोष (26) और जेमिमा रॉड्रिग्ज (31) ने छोटी लेकिन तेज पारियां खेलीं, जिनके दम पर टीम इंडिया बड़े स्कोर तक पहुंच पाई. वेस्टइंडीज के लिए सिर्फ 20 साल की स्पिनर जाइदा जेम्स ने कमाल की गेंदबाजी की और 8 ओवर में 45 रन देकर 5 विकेट लिए.

**रेणुका ने पूरी टीम को दहलाया**

इसके जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत ही बेहद खराब रही और पारी की पहली ही गेंद पर विस्फोटक ओपनर कियाना जोसेफ रन आउट हो गई. इसके बाद रेणुका सिंह और तीतास साधु का जलवा दिखा, जिनकी स्विंग होती गेंदों का वेस्टइंडीज की बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था. रेणुका ने तीसरे और पांचवें ओवरों में वेस्टइंडीज को 2 सबसे बड़े झटके देकर टीम की हार तय कर दी थी. भारतीय पेसर ने पहले तो विंडीज कप्तान हेली मैथ्यूज का विकेट लिया और फिर धमाकेदार बल्लेबाज डिएंड्रा डॉट्टिन को बोल्ड कर दिया. वहीं तीतास ने रशाडा विलियम्स को बोल्ड कर दिया.

सिर्फ 11 रन तक वेस्टइंडीज के 4 विकेट गिर गए थे और ये सिलसिला यहां भी नहीं रुका. रेणुका ने फिर विंडीज मिडिल ऑर्डर को ध्वस्त किया और 20.1 ओवर में 66 रन तक ही उसके 8 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे. रेणुका (5/29) ने शिमेन कैम्पबेल को आउट कर 8वां विकेट गिराया और अपना 5वां विकेट हासिल किया.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### रफीगंज सीएचसी के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार में एएनएम, जीएनएम एवं आशा फैसिलिटेटर को प्रखंड मूल्यांकन एवं अनुश्रवण सहायक विकास कुमार द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में हेल्थ मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सिस्टम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, प्रखंड लेखापाल राजेश कुमार, एएनएम गिरजा कुमारी, अंकिता राज, रीना कुमारी, शकुंतला कुमारी, आरती मिश्रा, नीतू कुमारी, मनीषा आनंद, रीना कुमारी, अर्चना कुमारी, कुसुम कुमारी, प्रेमलता कुमारी, प्रभा लता, रंजना पांडेय, डीईओ कृष्ण कुमार, मो. अजहर, नीतीश कुमार, रंजीत कुमार, निर्भय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कुर्की-जब्ती करने गई पुलिस खाली हाथ लौटी

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा थाना की पुलिस कोर्ट के आदेश पर प्रखंड के तीन गांव-सलेमपुर, चिरैयाटांड़ और महम्मदपुर में आरोपियों के घर की कुर्की-जब्ती करने पहुंची। पुलिस के दलबल के साथ पहुंचते ही इन गांवों में हड़कंप मच गया। कुर्की-जब्ती के डर से महम्मदपुर गांव के लूटपाट के आरोपी श्रीकांत यादव ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि चिरैयाटांड़ के आरोपी गुड्डू यादव और सलेमपुर गांव के आरोपी रामप्रवेश राजवंशी के घर में कुर्की के लिए कुछ नहीं बचा था। केवल परती जमीन हीं बचा हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में हाजिर होकर आत्मसमर्पण करने को कहा है।

### कॉलेज के स्थापना दिवस पर चौधरी चरण सिंह की जयंती मनी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के संजय सिंह महाविद्यालय के 14वें स्थापना दिवस पर भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह यादव, प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार मिश्रा, पूर्व प्राचार्य रामचंद्र सिंह, सचिव कारू प्रसाद सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह, सत्येंद्र यादव, प्रयाग यादव एवं जयनंदन यादव ने दीप प्रज्वलित कर एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया।

### दुकानमें सेंधमारी कर चोरों ने नगदी उड़ाएं

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना के पहरपुरा पुल के पास रविवार की रात एक चावल व्यवसायी की दुकान से चोरों ने दुकान में रखे गल्ले को उखाड़कर उसमें रखा 25 हजार नगद रुपया चुरा लिया। यह चावल का गल्ला दुकान मखबुलपुर गांव निवासी शिवाधारी यादव का है। सोमवार को इस संबंध में पहरपुरा गांव के 4 लोगों पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए हसपुरा थाना में आवेदन दिया गया है। दुकानदार ने बताया कि रविवार की रात दुकान बंद कर घर चला गया था। सोमवार को सुबह दुकान खोला तो देखा कि दुकान के पीछे का दीवार कटा हुआ है। दुकान का गल्ला टूटा हुआ बिखरा पड़ा है। गल्ले में रखा 25 हजार नगद गायब है।

# सिरफिरे ने धारदार हथियार से दोनों बेटियों का रेता गला, हालत गंभीर

## पुलिस पकड़ने पहुंची, तो एसएचओ और एसआई को भी किया घायल, चारों घायल अस्पताल में भर्ती



निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

एक सिरफिरे ने रविवार की रात पत्नी का गुस्सा दोनों बेटियों पर उतारा और धारदार हथियार से दोनों बेटियों का गला रेत कर घायल कर दिया। जानकारी के बाद जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को दबोचने की कोशिश की, तो आरोपी ने एसएचओ और एसआई पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। चारों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों बच्चियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र मदनपुर संघत रोड की है। आरोपी की पहचान 25 साल के छोटू सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि छोटू सिंह का अपनी पत्नी माधुरी कुमारी के साथ कई दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था। इसको लेकर रविवार को छोटू सिंह ने अपने ससुर को फोन किया और कहा कि अपनी बेटी को आकर ले जाइए। कुछ घंटे बाद आरोपी के ससुर अपनी बेटी के घर पहुंचे। उन्होंने समझाने की कोशिश की और सुबह जाने की बात कही।

सब ठीक हो गया था कि अचानक रात में छोटू सिंह का एक बार फिर पत्नी के साथ झगड़ा हो गया और उसने मारपीट शुरू कर दी। पत्नी किसी तरह से बचकर कमरे में से बाहर निकली। इसके बाद आरोपी भी धारदार हथियार लेकर पत्नी के पीछे दौड़ा। पत्नी जब हाथ नहीं लगी, तो बाहर मौजूद 7 साल की अर्पिता कुमारी और 3 साल की आराध्या कुमारी को पकड़ा और जान से मारने की नीयत से उनका गला रेत दिया। जब ससुर ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया।

### घर से 500 मीटर दूर से पहुंची पुलिस

मारपीट और बच्चियों की गला रेते जाने की सूचना ससुर ने ही स्थानीय पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस आरोपी के घर पहुंची और तत्काल दोनों बच्चियों को उठाकर मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां बच्चियों का इलाज करने वाले डॉक्टर कुमार जय ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद मदनपुर थाना के एसएचओ राजेश कुमार और एसआई पप्पू पासवान ने अपने दल बल के साथ छोटू सिंह को पकड़ने दोबारा उसके घर पहुंचे। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी छोटू सिंह अपने घर में अंधेरे में छिपा था। पुलिस टॉर्च से जब आरोपी को खोज रही थी, तभी उसने एसएचओ राजेश कुमार और एसआई पप्पू पासवान पर भी धारेदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हालांकि पुलिस ने सूझ-बूझ से छोटू सिंह को दबोच लिया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान छोटू सिंह भी घायल हो गया। पुलिस एक बार फिर एसएचओ और एसआई के साथ-साथ छोटू सिंह को लेकर अस्पताल पहुंची। फिलहाल, पुलिस ने छोटू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। साथ बच्ची और पुलिस पर किए जाने वाले धारदार हथियार (दो चाकू) को बरामद किया है। बच्चियों का इलाज करने वाले डॉक्टर कुमार जय ने बताया कि अर्पिता कुमारी के गर्दन पर चाकू से चार बार वार किए गए हैं, जबकि आराध्या के गर्दन पर एक बार वार किया गया है। उन्होंने बताया कि अर्पिता का दाएं ओर गले की एक नस कट गई है। दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# अज्ञात बाइक से टक्कर लगने से युवक की मौत, मौके से बाइक सवार फरार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले के रामनगर चौमूहाना के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने पैदल जा रहे एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक सड़क से काफी दूर जा गिरा। जिससे उनका सर फट गया और स्थानीय लोगों ने जख्मी युवक को दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। घटना के बाद मौके से बाइक सवार बाइक लेकर फरार हो गया। जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। मृतक के पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के बालूगंज निवासी नेपाली कुमार के 22 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना के एस आई चंदन कुमार दास दल बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करवाई। मृतक की पत्नी सुमन कुमारी ने बताया कि उनके पति राजमिस्त्री का कार्य करते थे। रविवार को दाउदनगर थाना क्षेत्र के रामनगर में राज मिस्त्री का कार्य करने के लिए गए हुए थे। रात्रि में घर लौटने के दौरान तेज रफ्तार से आ रही से आ रही अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृतक विकास कुमार और सुमन कुमारी का 2020 में शादी हुआ था और मृतक विकास अपने परिवार का भरण पोषण मजदूरी करके ही करता था। उनके दांपत्य जीवन से एक तीन वर्षीय बेटा भी है घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## एडीजे ने जम्होर थाना कांड में आईओ को किया शो-कॉज




**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** सोमवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे तीन सुनील कुमार सिंह ने जम्होर थाना कांड संख्या -82/23 में आईओ को शोकोज किया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि लंबित जमानत याचिका -1068/24 में सुनवाई करते हुए न्यायधीश ने कहा कि यह याचिका लम्बे समय से केस डायरी वास्ते लम्बित है काफी दिनों से जांच पुलिस अधिकारी से केस डायरी की मांग की जाती रही है किन परिस्थितियों में केस डायरी न्यायालय प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है इसकी भी जानकारी कोर्ट को नहीं दी जा रही है, इसलिए केस के आई ओ 06/01/25 को न्यायालय में सदेह उपस्थित होकर कारण पृच्छा का प्रतिउत्तर और केस डायरी प्रस्तुत करें ऐसा नहीं करने पर उचित कानूनी कार्रवाई शुरू किया जा सकता है।

# सुशासन सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




सोमवार को एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने जिलाधिकारी का पौधा देकर स्वागत किया और कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने बताया कि शिविरों के माध्यम से नक्सली गतिविधियों के उन्मूलन के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि ''सुशासन सप्ताह'' का आयोजन 19 से 24 दिसंबर तक किया जा रहा है, जिसके तहत ''प्रशासन गांव की ओर'' अभियान को प्रमुखता से चलाया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा, जब सरकार की योजनाएं सही तरीके से लोगों तक पहुंचती हैं, तब हम मान सकते हैं कि सुशासन लागू हो चुका है। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की योजनाएं जनहित में होती हैं, और यदि ये योजनाएं समय पर और सही तरीके से लोगों तक नहीं पहुंचतीं, तो इसका मतलब है कि प्रशासन में कुछ कमी है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा, हमारा कर्तव्य है कि हम सरकार की सभी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी व्यक्ति किसी योजना से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा की गई उपलब्धियों का भी विस्तार से उल्लेख किया और यह बताया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य राज्य की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करना है।

इस बैठक में अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शिनी, श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद थे। इस कार्यशाला का आयोजन सुशासन सप्ताह के तहत किया गया था, जिसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना था। जिलाधिकारी ने प्रशासन के कार्यों को पारदर्शिता और ईमानदारी से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि सुशासन का उद्देश्य सफल हो सके।

# बिजली विभाग के 150 मानव बल का धरना-प्रदर्शन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद शहर के दानी बीघा बस स्टैंड के पास बिहार स्टेट प्रोग्रेसिव इलेक्ट्रिक वर्कर यूनियन के बैनर तले बिजली विभाग के करीब 150 से अधिक मानव बलों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन 15 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता मनोज यादव और संचालन संतोष पाठक ने की। इस दौरान पूरे जिले के सोमवार को अवकाश में रहे मानव बल धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। जिला अध्यक्ष गोविंद कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग में नियमित कार्य के लिए बाह्य श्रोत से मानव बलों की सेवाएं बिचौलिया एजेंसी ले रही है। इस एजेंसी को सेवा शुल्क के नाम पर मजदूरों के वेतन का 10% भुगतान किया जा रहा है। जीएसटी के नाम पर 18% कटौती की जा रही है। विद्युत कंपनी के कर्मियों को अलग दैनिक मजदूरी का निर्धारण किया जाए, क्योंकि राज्य सरकार का श्रम संसाधन विभाग समय-समय पर बिहार के कई इंडस्ट्री और उसके कई श्रेणी के कामगारों के लिए दैनिक मजदूरी की दर तय की गई है। मांगों को बताते हुए कहा कि आज तक विद्युत वितरण कंपनी में 11 केवी या 33 केवी लाइन में कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी राज्य सरकार तय नहीं कर पाई है। मानव बल की 60 वर्ष की सेवा पक्की की जाए। बोनस अधिनियम के तहत बोनस का भुगतान किया जाए। पूर्व के संघर्षों में हटाए गए मानव बलों को वापस कार्य पर रखा जाए। कंपनी में मानव बल से काम तो महीने भर कराया जाता है लेकिन वेतन सिर्फ 26 दिन का ही दिया जाता है। किसी भी संस्थान में श्रम कानून है कि 6 दिन काम पर 1 दिन का रेस्ट देना होता है और वह भी रेस्ट पेड होना चाहिए, लेकिन हम लोगों को चार दिनों का मानदेय महिने में काट लिया जाता है। पांचों कंपनी मुख्यालय में लेखपाल व अन्य लेखक कर्मी का पद स्वीकृत कर तत्काल कार्यकारी प्रभार प्रदान किया जाए। रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुभाष कुमार यादव और मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त 15 सूत्री मांगों को अगर राज्य सरकार 15 जून 2025 तक पूर्ण नहीं मानती है तो हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज के धरना-प्रदर्शन के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से बिना बिजली विभाग का कार्य बाधित किए हुए किया गया, क्योंकि आज के धरना-प्रदर्शन में वैसे मानव बल ही शामिल हुए हैं जो अवकाश पर थे। अन्य कर्मी अपने कार्य में लगे हुए हैं। इस मौके पर मुकेश कुमार, संजीत कुमार, सुभाष कुमार, सुनील कुमार, अखिलेश कुमार, पप्पू कुमार सिंह, मदन शर्मा, कुंदन कुमार, नीरज कुमार, मनोज कुमार, यादव मिंटू, कुमार जयप्रकाश नारायण, नीरज कुमार सहित अन्य लोग रहे।

### 300 यूनिट फ्री बिजली का दिया जाए लाभ

लेखा संवर्ग के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट प्राप्त कर जल्द समीक्षा कर लागू किया जाए। तकनीकी श्रेणी में कार्य करने वाले लोगों का वर्तमान आवश्यकता के अनुसार पद सृजित कर अधिसूचना की जाए। चतुर्थ श्रेणी के काम करने वाले लोगों को नियमित प्रोन्नति के आदेश होने तक कार्यकारी प्रभार का लाभ दिया जाए। कंपनी के कर्मियों को न्यूनतम 300 यूनिट फ्री बिजली का लाभ दिया जाए। चिकित्सा सुविधा में पदाधिकारी और कर्मचारियों का विभेद समाप्त किया जाए। कैश लेस चिकित्सा का लाभ कार्यरत व सेवा निर्मित सभी कर्मियों के लिए लागू किया जाए। लेवल 4-5 के कर्मियों के वेतन विसंगति संबंधित निवारण के आदेश को दिनांक 1.4.2017 से लागू किया जाए और बकाया राशि का भुगतान किया जाए।

# डीएलएसए ने चलाया जागरूकता अभियान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) ने महिलाओं के साथ लिंग आधारित हिंसा-भेदभाव उन्मूलन सशक्तिकरण के उद्देश्य से नई चेतना अभियान के तहत औरंगाबाद के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जागरूकता अभियान चलाया। डीएलएसए के सचिव सुकुल राम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के अभाव में महिलाओं को प्रायः लिंग आधारित हिंसा का सामना करना पड़ता है( इसे जागरूकता के माध्यम से दूर किया जा सकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्राधिकार द्वारा नई चेतना अभियान के माध्यम से अधिकार रक्षक के रुप में जाने जाने वाले अर्द्धविधिक स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में प्राधिकार के अधिकार रक्षकों की 11 सदस्यीय टीम ने महिलाओं को उनके अधिकार, विभिन्न कानूनों और उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।

### अगलगी की घटना में धान का गांज व ट्रैक्टर जला

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** प्रखंड के दो अलग-अलग गांवों में अगलगी की घटनाओं में दो किसानों का धान का बोझा जलकर राख हो गया, जबकि एक किसान का ट्रैक्टर भी जल गया है। अरई पंचायत के उमेर बिगहा गांव में अगलगी की घटना में किसान रामपुकार यादव का खलिहान में रखा पांच बिगहा का धान जलकर राख हो गया है। घटना की सूचना पाकर दमकल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। इससे पहले रविवार की शाम पूर्ण बीघा गांव में आगलगी की घटना में किसान जिमादार सिंह के खलिहान में रखा लगभग 42 क्विंटल धान जलकर राख हो गया।

# अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी समारोह की सभी तैयारी पूरी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह को अंतिम रूप देते चाणक्य परिषद के कार्यकर्ता चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि इस वर्ष भारत के विकास पुरुष कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का 100वां जन्मदिन है इस अवसर पर चाणक्य परिषद ने औरंगाबाद आईएमए हाल में जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया है और इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी प्रखंडों में चाणक्य परिषद के कार्यकर्ता निमंत्रण पत्र का वितरण करने में लगे हुए हैं और सभी प्रखंडों में बैठक का दौर भी चल रहा है साथ ही कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए कार्यक्रम स्थल की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई है अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पाण्डेय जी आएंगे मुख्य मार्गदर्शक प्रोफेसर चंद्रशेखर पाण्डेय जी एवं मुख्य संरक्षक अवकाश प्राप्त अपर समाहर्ता भैरवनाथ पाठक जी सहित जिले के सभी गणमान्य बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल होंगे इस कार्यक्रम के अवसर पर जिले के सभी विविध क्षेत्र के प्रतिभाओं को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्मानित किया जाएगा इसके लिए भी सूची तैयार की जा रही है ।


"राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस"

24 दिसम्बर 2024

बिहार सरकार

संदेश

आप सभी अवगत हैं कि आज के आर्थिक उदारीकरण एवं भूमंडलीकरण के दौर में उपभोक्ता सामग्री / वस्तुओं एवं अन्य उपयोगी सेवायें यथा बैंक, बीमा, टेलीफोन / मोबाइल बिजली, स्वास्थ्य आदि की संख्या, मूल्य, गुणवत्ता, उपलब्धता आदि में व्यापक बदलाव एवं विविधता आयी है।

अतः यह आवश्यक हो गया है कि उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं से सम्बंधित वस्तुओं एवं सेवाओं के सभी व्यापारों में शुद्धता, गुणवत्ता, सही माप–तौल एवं मूल्य व अधिकारों तथा सेवाभाव के मानकों का दृढ़ता से पालन किया जाये। इसी बात को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा हेतु राज्य के प्रत्येक जिले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, राज्य स्तर पर राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का गठन किया गया है, जहाँ वादों का निस्तारण शीघ्र किया जा सकता है।

साथ ही उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन में पूरी सफलता के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों।

अतः राज्य के नागरिकों एवं अन्य नागरिक संगठनों से अपील है कि वे उपभोक्ता अधिकार को स्वयं समझें एवं उपभोक्ता जागृति आन्दोलन के प्रसार में अपना अमूल्य योगदान दें, जिससे उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण व संवर्धन सफलतापूर्वक किया जा सके।

'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' के अवसर पर राज्य के सभी उपभोक्ताओं को हार्दिक बधाई।

(लेशी सिंह)
मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,
बिहार, पटना

PR No.- 015425(Food) D. 2024-25





बिहार सरकार

मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

समाज का प्रत्येक व्यक्ति एक उपभोक्ता भी है और पूरे तंत्र का यह दायित्व है कि उपभोक्ताओं को उसी गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध हों, जिस गुणवत्ता का भरोसा विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं ने उपभोक्ताओं को दिया हो। उत्पादक एवं सेवा प्रदाता कभी-कभी उस गुणवत्ता की वस्तुएँ एवं सेवाएँ उपलब्ध नहीं कराते हैं, जिसे वे विज्ञापित करते हैं। अतः उपभोक्ताओं के हितों एवं अधिकारों का समुचित संरक्षण नितांत आवश्यक है। इस संदर्भ में उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण हेतु जिला स्तर पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, राज्य स्तर पर राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का गठन किया गया है।

उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण मात्र कानून बनाने से ही संभव नहीं है। इसके लिए व्यापक स्तर पर जन जागरुकता की भी आवश्यकता है। मैं राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपभोक्ता जागृति के पुनीत कार्य में सहयोग हेतु राज्य के बुद्धिजीवियों, स्वयं-सेवी संगठनों तथा आम नागरिकों से सहयोग का आह्वान करता हूँ।

इस अवसर पर मैं सभी उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि सभी उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहेंगे।

(नीतीश कुमार)

PR No - 015427(Food) D. 2024-25